श्र्मा शर्डওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 276 | गुवाहाटी | गुरुवार, 4 मई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कांग्रेस ने अपमानजनक बयान के लिए सांसद अजमल के खिलाफ की... पेज 3
भारत और मालदीव ने दो मित्र पड़ोसियों के रूप में रिश्तों को नया आकार दिया पेज 4
उप्र में अब किसी भी विकास योजनाओं में जाति एवं मजहब नहीं पूछा... पेज 5
यौन शोषण मामले में मूकदर्शक बनी सरकार तुरंत आरोपी सांसद पर ले... पेज 8

# समाज के रूपांतरण का सबसे प्रभावी साधन है शिक्षा : उपराष्ट्रपति




**डिब्रूगढ़ ( हि.स. )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि समाज में भागीदारी, समानता और प्रगति लाने के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी और रूपांतरकारी तंत्र है। लोगों की शिक्षा के अलावा सामाजिक परिस्थितियों को कोई और नहीं बदल सकता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से *परिवर्तन के एजेंट* बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र वर्ष 2047 में अपनी स्वाधीनता की शताब्दी मनाएगा, आप उसी भारत के निर्माता और योद्धा हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता सर्वश्रेष्ठ गुरु है और भय सबसे बड़ा शत्रु। विद्यार्थी बड़े सपने देखें और कभी भी तनावग्रसित न हों। सपने देखो लेकिन सिर्फ सपने देखने वाले ही न बनो, एक कर्ता की भांति कर्म के बल पर सपनों को पूरा करो। पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को भारत की *अष्ट लक्ष्मी* के रूप में प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों के विकास और योगदान के बिना, भारत का विकास अधूरा रहेगा। उन्होंने इन क्षेत्रों की भाषाई विविधता और साहित्यिक परंपराओं को संरक्षित करने की दिशा में काम करने के लिए डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी भाषाओं का संरक्षण बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे हजारों वर्षों में विकसित हुई हैं। उपराष्ट्रपति ने इतिहास और स्वाधीनता संग्राम में पूर्वोत्तर के गुमनाम योद्धाओं के योगदान को सामने लाने के लिए एनसीईआरटी और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) की प्रशंसा की। सरकार की पूर्वोत्तर क्षेत्र के भौतिक, सामाजिक और डिजिटल मूलभूत ढांचे के सुधार पर ध्यान केंद्रित किए -शेष पृष्ठ दो पर

# तृतीय श्रेणी के पदों में 11324 अभ्यर्थी चयनित, 47 विभागों में मिलेंगी नियुक्तियां



**गुवाहाटी।** असम सरकार के 47 विभागों के तहत तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति के लिए कुल 11,324 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। राज्य स्तरीय भर्ती आयोग के अध्यक्ष आशीष भूटानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लिखित और कौशल परीक्षा के संयुक्त अंकों के आधार पर 11,510 पदों के लिए अंतिम मेरिट सूची तैयार की गई थी। अंतरिम तौर पर 11,324 उम्मीदवारों को सफल पाया गया और नियुक्ति के लिए चयनित किया गया है। भूटानी ने बताया कि आयोग को 47 विभागों से रिक्तियों पर भर्ती के लिए अनुरोध प्राप्त हुए थे और मार्च 2022 में प्रकाशित एक विज्ञापन के बाद कुल 9,21,634 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे और इनमें से 8,28,860 उम्मीदवार लिखित परीक्षा में उपस्थित हुए थे। योग्यता के तीन स्तरों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें स्नातक स्तर (उन पदों के लिए जहां न्यूनतम आवश्यक योग्यता स्नातक की डिग्री / कंप्यूटर के साथ स्नातक की डिग्री है), एचएसएसएलसी स्तर (उन पदों के लिए जहां न्यूनतम योग्यता विज्ञान में एचएसएसएलसी / एचएसएसएलसी है), और एचएसएलसी स्तर शामिल हैं। भूटानी ने कहा कि लिखित परीक्षा के बाद शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को कंप्यूटर -शेष पृष्ठ दो पर

# मिजोरम में अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए सेना सख्त




**एजल।** असम राइफल्स मिजोरम में अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त हो गई है। भारत-म्यांमार सीमा के 510 किलोमीटर लंबे हिस्से पर असम राइफल्स सुरक्षा को और अधिक बढ़ाने का फैसला किया है। असम राइफल्स ने सीमा पर चौकसी बढ़ाने का फैसला लिया है ताकि पड़ोसी देश से अवैध प्रवासियों को आने से रोका जा सके। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दरअसल म्यांमार में सैन्य तख्तापलट होने के बाद वहां के लोगों ने पूर्वोत्तर के राज्यों में शरण लेना शुरू कर दिया था। जिसके बाद से ही राज्य में हत्या के मामलों सहित कई अपराधों की घटनाओं की संख्या बढ़ी है। ऐसे में स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल बन गया है। इसी को मद्देनजर रखते हुए असम राइफल्स मिजोरम में घुसपैठ को रोकने के लिए भारत-म्यांमार सीमा पर सुरक्षा को बढ़ाने का फैसला किया है। असम राइफल्स के एक अधिकारी ने बताया कि हम सीमा -शेष पृष्ठ दो पर

## असम-मेघालय सीमा वार्ता इसी माह में संभावित : सांग्मा



**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के सांग्मा ने कहा कि सरकार बहुत जल्द असम के साथ दूसरे चरण की सीमा वार्ता आयोजित करने की तारीख तय करेगी। मेघालय और असम के बीच सीमा वार्ता के अगले दौर में मतभेदों के 12 में से छह क्षेत्रों में दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद पर चर्चा होगी। सीएम सांग्मा ने संवाददाताओं से कहा कि असम के अपने समकक्ष के साथ मेरी कुछ टेलीफोन पर बातचीत हुई। हम तारीखों पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम मई के महीने में ही पहली बातचीत शुरू कर पाएंगे। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह एक प्रक्रिया है और हम उम्मीद नहीं कर सकते कि सब कुछ एक दिन में हो जाएगा, लेकिन कम -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

# अवैध मदरसों पर और अधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी : सीएम



**गुवाहाटी।** असम सरकार राज्य में चल रहे अवैध मदरसों पर और अधिक कार्रवाई शुरू करने के लिए तैयार है। इसकी पुष्टि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के अनुसार, राज्य में कम से कम 300 सामुदायिक संचालित मदरसे जल्द ही बंद कर दिए जाएंगे। असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मैं मदरसा के लोगों के साथ काम कर रहा हूं और उन्होंने इस साल 300 और मदरसों को बंद करने का वादा किया है। उल्लेखनीय है कि असम सरकार पहले ही राज्य -शेष पृष्ठ दो पर

# यूक्रेन पर भारी पड़ेगा क्रेमलिन अटैक, रूसी संसद ने दिया जेलेंस्की पर हमले का आदेश



**मॉस्को।** बुधवार शाम को रूसी अधिकारियों ने दावा किया कि मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन पर यूक्रेन की ओर से भेजे गए दो ड्रोन्स ने जानलेवा हमला किया है। यह हमला उनके ऑफिस क्रेमलिन पर किया गया है। इस हमले के दौरान रूसी ने काइनेटिक वीपन के जरिए ड्रोन्स को तबाह कर दिया है। लेकिन यह हमला अब इस युद्ध को एक अलग ही मोड़ पर लेकर जा सकता है। पुतिन को जब इस हमले की खबर मिली तो उन्होंने तुरंत ही एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। जिसमें यूक्रेन को इस हमले के बाद मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा की गई है। वहीं खबर सामने आ रही है कि अब रूसी राष्ट्रपति अपने घर में बने बंकर से ही सभी काम करेंगे। इस पूरे घटनाक्रम के बाद माना जा रहा है कि अब रूस यूक्रेन पर पहले से भी ज्यादा ताकत के साथ वार करेगा। रूस की ओर से यह बयान भी सामने आ रहा है कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भी निशाना बना सकते हैं। रूसी पार्लियामेंट ने यूक्रेन के राष्ट्रपति पर मिसाइल से हमला करने को कहा है। पार्लियामेंट ने कहा है कि इस हमले के जवाब में कीव में जेलेंस्की के घर पर ही मिसाइल दागी जाए। वहीं रूसी राष्ट्रपति के ऑफिस से बयान जारी करके यूक्रेन -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet
ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*महान कार्य करने का एक ही तरीका है कि आप जो भी कर रहे हो उसे प्यार करो। यदि आपको अबतक ऐसा काम नहीं मिला, तो ढूंढते रहो। न कि एक ही जगह बैठे रहो।*

– स्टीव जॉब्स

# समलैंगिक जोड़ों की चिंताओं को लेकर कमेटी बनाएगी सरकार



**नई दिल्ली।** समलैंगिकों के विवाह से जुड़ी एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि समलैंगिक जोड़ों के सामने आने वाली समस्याओं को लेकर एक पैनल का गठन होगा। यह पैनल कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में गठन किया जाएगा। मेहता ने याचिकाकर्ता से सुझाव देने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता अपना सुझाव दे सकते हैं ताकि समिति इस पर ध्यान दे सके। इससे पहले, समलैंगिक विवाह के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में 25 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। इस दौरान शीर्ष कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने अहम टिप्पणी की थी। शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि समलैंगिक विवाह को वैध बनाना इतना आसान भी -शेष पृष्ठ दो पर

## आतंकी बलवंत सिंह की फांसी बरकरार : एससी

**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना की फांसी को उम्रकैद में बदलने की मांग वाले मामले पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस मामले में बलवंत सिंह राजोआना को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राजोआना की सजा पर गृह मंत्रालय की तरफ से जल्द फैसला लिया जाए। राजोआना लगभग 27 साल से जेल में कैद है। उसकी दया याचिका भी 10 साल -शेष पृष्ठ दो पर

# बेलग्रेड स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग आठ बच्चों समेत नौ की मौत




**बेलग्रेड ( सर्बिया )।** सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में फायरिंग की घटना सामने आई है। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, एक 14 वर्षीय लड़के ने बेलग्रेड के एक स्कूल में छात्रों और सुरक्षा गार्डों पर फायरिंग की है। इसमें आठ बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी एपी ने सर्बियाई पुलिस के हवाले से बताया कि बेलग्रेड स्कूल में गोलीबारी में 8 बच्चों समेत सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई है। सर्बियाई पुलिस ने कहा कि स्कूल में हुई फायरिंग में कई लोगों को गोली लगी थी। पुलिस ने बताया कि यह घटना राजधानी बेलग्रेड एक स्कूल में घटित हुई है। पुलिस ने बताया कि सातवीं कक्षा के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है। शिक्षक ने बताया कि इस फायरिंग में स्कूल के सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई है। शिक्षक ने कहा कि मैंने उसे टेबल के नीचे पड़ा देखा, जबकि दो -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### मणिपुर विवि में वाई-20 सेमिनार का आयोजन आज

**इंफाल ( हि.स. )।** मणिपुर विश्वविद्यालय आगामी 4 मई को वाई-20 भारत शिखर सम्मेलन के पांच विषयों में से एक *साझा भविष्य : लोकतंत्र और गवर्नेंस में युवा* विषय पर सेमिनार आयोजित करेगा। विश्वविद्यालय लगभग 550 प्रतिभागियों-26 विदेशी पैनलिस्ट और प्रतिनिधि, मणिपुर के बाहर के 38 पैनलिस्ट और प्रतिनिधि तथा मणिपुर के 69 पैनलिस्ट-की मेजबानी करेगा। -शेष पृष्ठ दो पर

# बंगाल की खाड़ी से उठ सकता है भीषण मोचा चक्रवात



**नई दिल्ली।** इस समय देश के अधिकांश राज्यों में बारिश का दौर जारी है। इस बार मई महीने की शुरुआत सुहावने मौसम के साथ हुई है। इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात के शुरुआती संकेत मिले हैं। बुधवार को मौसम विभाग के कार्यालय ने कहा कि दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में चक्रवात के शुरुआती संकेतों का पता लगा है। इस बाबत उसने मछुआरों तथा नाव चलाने वाले समुदाय को इस क्षेत्र में न जाने की चेतावनी दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने इसे लेकर प्रेस कांफ्रेंस भी की। इसमें उन्होंने कहा कि नौ मई को दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी से एक चक्रवात के आने की संभावना है। आने वाले कुछ दिनों में इसके मार्ग की के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अगले दिन उसी क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना के साथ 6 मई को एक चक्रवाती परिसंचरण विकसित होने की संभावना है। विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने आगे कहा कि इस चक्रवात को मोचा कहकर संबोधित किया जाएगा, जो लाल सागर बंदरगाह शहर के बाद यमन द्वारा सुझाया गया नाम है। महापात्रा ने आगे कहा कि मौसम प्रणाली द्वारा पता लगा है कि आठ मई को एक स्थान पर केंद्रित होने और नौ मई को चक्रवात तेज होने की उम्मीद है। यह भी पता चला है कि चक्रवात, उत्तर की ओर बंगाल की मध्य खाड़ी की ओर बढ़ सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि कम दबाव -शेष पृष्ठ दो पर

# दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल बनकर तैयार



**जम्मू।** लंबे इंतजार और कड़ी मेहनत के बाद दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल (चिनाब रेलवे पुल) भारत के जम्मू-कश्मीर में बन कर तैयार हो गया है। इस वक्त पूरी दुनिया की निगाहें दुनिया के सबसे ऊंचे पुल चिनाब रेलवे ब्रिज पर टिकी हैं। रेल मंत्रालय ने कहा है कि पुल दिसंबर 2023 के अंत या जनवरी 2024 तक आगंतुकों के लिए खोल दिया जाएगा। इस पुल की खासियत सिर्फ इतनी नहीं है कि यह दुनिया का सबसे ऊंचाई पर बना रेल पुल है बल्कि इस इंजीनियरिंग मार्वेल से जुड़ी कई दिलचस्प तथ्य हैं। जम्मू और कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के निर्माण में भारत की इंजीनियरिंग कौशल ग्लोबल -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# पीएम मोदी पर डॉक्यूमेंट्री को लेकर फिर घिरा बीबीसी




**नई दिल्ली।** बीबीसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जबसे डॉक्यूमेंट्री बनाई है, तब से भारत में उसकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उसे दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने समन जारी किया है। कोर्ट ने बीबीसी के अलावा विकिपीडिया और इंटरनेट आर्काइव को भी समन जारी किया है। ये समन मानहानि के मामले में जारी किए गए हैं। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विनय कुमार सिंह ने ये याचिका दाखिल की। रोहिणी कोर्ट अब 11 मई को इस मामले में अगली सुनवाई करेगी। विनय कुमार सिंह ने याचिका में कहा कि इस डॉक्यूमेंट्री से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की मानहानि की गई है। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से आरएसए और वीएचपी को बदनाम किया गया है। डॉक्यूमेंट्री का नाम *इंडिया- द मोदी क्वेश्चन* है। भारत में इस डॉक्यूमेंट्री पर रोक लगा दी गई थी। बीबीसी ने 2 भागों में इसे रिलीज किया था। आरएसएस और विहिप के एक्टिव वॉलेंटियर विनय कुमार सिंह ने याचिका में कहा कि डॉक्यूमेंट्री पर रोक लगा दी गई, इसके बावजूद ये विकीपीडिया और इंटरनेट आर्काइव पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

# मोदी सरनेम मामला : झारखंड कोर्ट ने खारिज की राहुल की याचिका

**रांची।** *मोदी सरनेम* मामले में राहुल गांधी की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। इस बीच कांग्रेस नेता को एक और बड़ा झटका लगा है। झारखंड की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है, जिसमें व्यक्तिगत पेशी से छूट की मांग की गई थी। सूरत कोर्ट से झटका मिलने के बाद राहुल गांधी को झारखंड कोर्ट से भी झटका लगा है। याचिका खारिज होने के बाद अब उन्हें झारखंड की एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश होना होगा। वकील प्रदीप मोदी ने 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। उन्होंने कहा था कांग्रेस नेता के उस बयान से *मोदी* सरनेम वाले कई लोगों को आघात पहुंचा। बता दें कि इस मामले को लेकर झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं। मोदी सरनेम मामले को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ पहला केस चाईबासा में दर्ज है जबकि दो मामले रांची में पेंडिंग हैं।

No. DVT-223/RIDF-XXVII /Tinsukia /2022-23/2

PRESS NOTICE INVITING TENDER

The Director of A.H. & Veterinary Deptt., Assam. on behalf of the Governor of Assam, invites bids for the following works under **RIDF-XXVII** in two Bid System from the eligible contractors duly registered under Animal Husbandry & Veterinary Department. Assam and Dairy Development. Assam with e- Tendering system provider through e- Tendering Portal **www.assamtenders.gov.in**. Detail may be seen in the website **www.assamtenders.gov.in**. and also in the Engineering Cell of this Directorate during office hours from **29.04.2023 to 23.05.2023.**

| Sl. No. | Work Description | Estimated Cost (Rs.) | Bid Processing Fee (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Dist. A.H. & Vety. Office Building and Brick Boundary wall at Tisukia in Tinsukia District. | 1,20,62,000.00 | 3000.00 | 2,41,240.00 | 360 days |

Bidders submitting Bids through online have also to submit each copy of the Documents of Technical Bid manually. The Bid Processing Fee and Bid Security should be deposited through net banking before the expiry of online Bid submission date and time as mentioned in the Tender Schedule. Bid will be rejected cancelled if Financial Bid submitted off line hard copy.

TENDER SCHEDULE

| | |
|---|---|
| DATE OF AVAILABILITY OF BIDDING DOCUMENTS ON e-PROCUREMENT PORTAL | **29.04.2023** (11.00 HRS) **23.05.2023** (14.00 HRS) |
| PRE-BID MEETING | **08.05.2023** at 13.00 HRS. |
| LAST DATE AND TIME FOR ONLINE BID SUBMISSION | UP TO 14.00 HRS on **23.05.2023** |
| LAST DATE AND TIME FOR HARD COPY SUBMISSION (TECHNICAL BID) | UP TO 14.00 HRS ON **23.05.2023** |
| DATE AND TIME OF TECHNICAL BID OPENING | 14.30 HRS ON **24.05.2023.** |
| DATE AND TIME OF FINANCIAL BID OPENING | Intimated later on |

Director
A.H. & Vety. Department, Assam,
Chenikuthi, Guwahati-3.

*-- Janasanyog /C/1926/23*

## गैस पाइपलाइन में लगी आग, दो घायल

**शिवसागर (हिंस)।** शिवसागर जिला शहर के यमुना रोड चाराली इलाके में आज गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लगने की वजह से इलाके में अफरा तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार पौरसभा के कर्मचारी नाला की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान गैस की पाइप लाइन फट गई और अचानक आग लग गई। नाला साफ कर रहा जेसीबी ऑपरेटर मौके पर जेसीबी छोड़कर फरार हो गया। गैस पाइपलाइन में आग लगने की वजह से पास के ही दो घर भी आग की चपेट में आ गए। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची राज्य अग्निशमन और ओएनजीसी अग्निशमन की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद गैस पाइपलाइन में लगी आग को बुझाया। गैस पाइप में आग लगने की वजह से एक सात महीने का बच्चा और एक महिला घायल हो गई। घटना के संबंध में पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

# पूसीरे : मिर्जा-आजरा स्टेशनों के बीच दोहरी रेललाइन का सीआरएस ने किया निरीक्षण



**गुवाहाटी (हिंस)।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) सर्किल के रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) शुभमय मित्रा ने बुधवार को गुवाहाटी के मिर्जा और आजरा स्टेशनों के बीच बिछाई गई नई दोहरीलाइन का निरीक्षण किया। इस नई द्वितीय लाइन पर अधिकतम करीब एक सौ किमी प्रति घंटा की गति से माल परिवहन और यात्री यातायात चलाया जा सकेगा। पूसीरे के सीपीआरओ ने बताया है कि मिर्जा- आजरा का यह सेक्शन न्यू बंगाईगांव- कामाख्या वाया ग्वालपारा 176 किमी दोहरीकरण परियोजना का एक हिस्सा है। इस परियोजना में 60 बड़े पुल, 394 छोटे पुल, 5 रोड अंडर ब्रिज, 62 सीमित ऊंचाई वाले सबवे और 18 नए स्टेशन भवनों का निर्माण शामिल है। आजरा से मिर्जा तक इसकी लंबाई 11.35 किमी है। पूसीरे सर्किल के रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने करीब 115 किमी प्रति घंटे की गति से यहां गति परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस दोहरीलाइन क्षेत्र के लिए आधुनिक तकनीकों जैसे सभी वाइड बेस प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) स्लीपर्स और थिक वेब स्विच के साथ मजबूत ट्रैक संरचना का उपयोग किया गया है, जो प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लीपरों पर मजबूत स्विच का नया डिजाइन है और उच्च गति को संभाल सकता है। उल्लेखनीय है कि दोहरीलाइन बिछाए जाने से स्टेशनों पर बिना स्टॉप-ओवर क्रॉसिंग के दोनों दिशाओं से ट्रेनों की आवाजाही हो सकेगी, जिससे ट्रेनों का समय पालन हो सकेगा तथा अधिकाधिक ट्रेनों को बढ़ी हुई गति से चलाया जा सकेगा। इससे पहले दुधनई से धूपधरा के बीच 29.71 किमी सेक्शन को 24 नवंबर को कमीशन किया गया था।

## ड्रग्स समेत दो गिरफ्तार

**बाक्सा (हिंस)।** बाक्सा जिला के पूर्व निमुवा इलाके से पुलिस ने दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान ड्रग्स समेत वालेन नर्जरी (26) और सूत्रधर नामक दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह अभियान सालबाड़ी महकमा पुलिस अधिकारी निलोत्पल सैकिया के नेतृत्व में चला गया था। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के पास इसके अलावा एक स्कूटी (एएस-15एस-3041) भी जब्त किया गया है। स्कूटी के जरिए ही ड्रग्स की तस्करी के लिए व्यवहार किया जा रहा था। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# पृष्ठ एक का शेष

### समाज के रूपांतरण ...

जाने की सराहना करते हुए धनखड़ ने कहा कि पूर्वोत्तर अवसरों की भूमि के रूप में उभर रहा है। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं- बोगीबील रेल-कम रोड ब्रिज, 375 सड़क परियोजनाएं, हवाई अड्डों की संख्या 9 से बढ़ाकर 17 करने और 190 नए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापित करने की भी प्रशंसा की। भारत की विकास गाथा को *अनवरत* बताते हुए उपराष्ट्रपति ने विश्वस व्यक्त किया कि दशक के अंत तक हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। 99.9 प्रतिशत भारतीयों को डिजिटल आईडी (आधार), जनधन आधार और मोबाइल (जेएएम ट्रिनिटी), मुद्रा और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रदान जैसी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख किया। संसद को लोकतंत्र का मंदिर बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है, जहां जनहित के मुद्दों पर बहस, विचार-विमर्श, चर्चा और निर्णय लिया जाता है। उन्होंने एक इकोसिस्टम बनाने का आह्वान किया ताकि हमारे सांसद, संविधान के संस्थापकों की मूल भावना के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करें। धनखड़ ने छात्रों से अपने गुरुओं और अपने अल्मा-मेटर को न भूलने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति धनखड़ ने असम की प्रतिष्ठित विभूतियों को डॉक्टर ऑफ साइंस और डी. लिट डिग्री (मानद उपाधि) से सम्मानित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल और डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय पेट्रोलियम राज्यमंत्री रामेश्वर तेली, असम सरकार के शिक्षा मंत्री डॉ. रानोज पेगू, डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जितेन हजारिका, बोर्ड के सदस्य, निदेशक, संकाय, कर्मचारी, विद्यार्थी और छात्रों के परिजन भी मौजूद थे।

### तृतीय श्रेणी के ...

स्किल टेस्ट, स्टेनोग्राफी स्किल टेस्ट या ड्राइविंग (ड्राइवर के पदों के लिए) स्किल टेस्ट के लिए बुलाया गया था। इस बीच, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक ट्वीट में कहा कि विभिन्न विभागों में ग्रेड फोर पदों के लिए 14,281 रिक्तियों के परिणाम गुरुवार को घोषित किए जाएंगे। उन्होंने ट्वीट किया कि असम में एक लाख नियमित सरकारी नौकरियां देने का सिलसिला जारी है। भाजपा ने पिछले असम विधानसभा चुनाव से पहले अपने घोषणा-पत्र में बेरोजगार युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। इस महीने राज्य में शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने के मौके पर सफल उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाने की उम्मीद है।

### मिजोरम में अवैध...

पर अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए भारत-म्यांमार सीमा पर अधिकांश क्रॉसिंग बंद करने का फैसला किया है क्योंकि इससे मिजोरम में कानून और व्यवस्था की स्थिति बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले से सटे म्यांमार की तरफ मिजोरम के तीन निवासियों और म्यांमार के नागरिकों द्वारा सेरछिप में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि म्यांमार के चिन राज्य में कई समूह भारत में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश और म्यांमार दोनों से कई शरणार्थियों या अवैध प्रवासियों ने नकली भारतीय पहचान पत्र हासिल किए हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि असम राइफल्स, केंद्रीय अर्धसैनिक बल, गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के बाद अपने बटालियन मुख्यालय को एजल के केंद्र से जोखावासंग में स्थानांतरित कर देगा। जोखावासंग राज्य की राजधानी से 15 किमी दूर है। हालांकि उन्होंने कहा कि अब तक स्थानांतरण के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है और समझौता ज्ञापन तैयार किया जा रहा है।

### असम-मेघालय सीमा ...

से कम शुरुआती दौर में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। यह कहते हुए कि दोनों मुख्यमंत्री जल्द ही तारीख को अंतिम रूप देंगे, सांग्मा ने कहा कि अच्छी बात यह है कि चूंकि हम सीधी बात कर रहे हैं, हम एक-दूसरे से सीधे बात कर रहे हैं, इसलिए हम बहुत जल्द तारीखों को अंतिम रूप दे पाएंगे। हमने एक-दूसरे को दो-तीन विकल्प दिए हैं। एक बार जब हम सटीक तिथियां तय कर लेंगे, तो मैं निश्चित रूप से आप सभी को सूचित करूंगा। मेघालय सरकार ने पहले कई मौकों पर कहा था कि वह दूसरे चरण की वार्ता में असम के साथ सीमा विवादों को हल करते समय स्थानीय विचारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। 24 मार्च को, राज्य सरकार ने मतभेदों के शेष छह क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति की जांच करने और 45 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए तीन क्षेत्रीय समितियों का पुनर्गठन किया। वार्ता के पहले चरण में, कुल 12 में से छह अन्य विवादित क्षेत्रों पर चर्चा की गई, जिसके बाद दोनों राज्यों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अंतर के छह क्षेत्रों में पश्चिम खासी हिल्स जिले में लंगपीह; री भोई जिले में बोरदुआर, नोंगवाह-मावतमुर, देशडूमरेह, ब्लॉक-टू; ब्लॉक-वन, सियार-खंडुली पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले में। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के सांग्मा और उनके असम के समकक्ष हिमंत विश्व शर्मा ने पिछले साल मार्च में 12 विवादित स्थानों में से कम से कम छह में सीमा के सीमांकन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे, जो अक्सर दोनों राज्यों के बीच तनाव बढ़ाते थे। पिछले साल 29 मार्च को असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते में दोनों राज्यों के बीच 884.9 किलोमीटर की सीमा के साथ 12 में से छह स्थानों पर लंबे समय से चले आ रहे विवाद को हल करने की मांग की गई थी। असम और मेघालय के बीच सीमा विवाद 50 साल से लंबित है। हालांकि, हाल के दिनों में इसे हल करने के प्रयासों में तेजी आई है। 1972 में मेघालय को असम से एक अलग राज्य के रूप में बनाया गया था, लेकिन नए राज्य ने असम पुनर्गठन अधिनियम, 1971 को चुनौती दी थी, जिससे 12 सीमावर्ती स्थानों को लेकर विवाद पैदा हो गया था।

### अवैध मदरसों पर ...

में सरकार द्वारा संचालित 670 मदरसों को बंद कर चुकी है। सीएम ने कहा कि हम पहले ही 670 मदरसों को बंद कर चुके हैं। इस साल हम 670 और मदरसों को बंद कर देंगे। विशेष रूप से, असम सरकार ने 2020 में सभी राज्य संचालित मदरसों को *सामान्य शिक्षा* प्रदान करने वाले *नियमित स्कूलों* में बदलने के उद्देश्य से पेश किया था। असम पुलिस भी इन संस्थानों में युवाओं के कट्टरपंथ को रोकने के लिए मदरसा शिक्षा को तर्कसंगत बनाने के लिए राज्य में मुसलमानों के साथ काम कर रही है।

### यूक्रेन पर भारी पड़ेगा...

को चेतावनी दी गई है। रूसी मीडिया ने राष्ट्रपति के ऑफिस के हवाले से कहा है कि रूस, यूक्रेन के इस ड्रोन हमले के मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जहां और जैसे भी फिट बैठे। क्रेमलिन ने इस ड्रोन हमले को एक प्रीप्लांड आतंकी एक्ट बताया है। क्रेमलिन ने दावा किया है कि यह हमला राष्ट्रपति पुतिन को जान से मारने के लिए किया गया था। यह हमला जानबूझ कर विक्ट्री डे परेड से पहले किया गया है। हालांकि इस हमले के बावजूद विक्ट्री डे की परेड जो कि 9 मई को होनी वह उसके शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मालूम हो कि रूस ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की। रूस ने यूक्रेन पर राष्ट्रपति पुतिन की हत्या के उद्देश्य से क्रेमलिन पर ड्रोन हमले की कोशिश करने का आरोप लगाया। बता दें कि ये आरोप क्रेमलिन ने लगाया है, जिसकी जानकारी रूसी समाचार एजेंसी ने दी। रूस ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने राष्ट्रपति पुतिन को मारने के असफल प्रयास में क्रेमलिन पर ड्रोन से हमला किया। क्रेमलिन ने कहा कि वह इस हमले को एक सुनियोजित आतंकवादी कार्रवाई के रूप में देख रहा है और जवाबी कार्रवाई करेंगे। रूस ने कहा कि क्रेमलिन में पुतिन के आवास पर कथित हमले में दो ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। हालांकि, रूस द्वारा निष्क्रिय कर दिया गया। क्रेमलिन ने कहा कि ड्रोन हमले में पुतिन घायल नहीं हुए और क्रेमलिन की इमारतों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

### समलैंगिक जोड़ों की...

नहीं है, जितना कि यह दिखता है। इस मुद्दे पर कानून बनाने के लिए संसद के पास निर्विवाद रूप से विधायी शक्ति है। ऐसे में हमें इस विचार करना है कि हम इस दिशा में कितनी दूर तक जा सकते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि अगर समलैंगिक विवाह की अनुमति दी जाती है, तो इसके परिणामी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इसकी न्यायिक व्याख्या, विशेष विवाह अधिनियम, 1954 तक ही सीमित नहीं रहेगी। इसके दायरे में व्यक्तिगत कानून भी चलन में आ जाएंगे। पीठ ने कहा कि शुरू में हमारा विचार था कि इस मुद्दे पर हम पर्सनल लॉ को नहीं छूएंगे, लेकिन बिना पर्सनल लॉ में परिवर्तन किए समलैंगिक शादी को मान्यता देना आसान काम नहीं है। समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने की मांग कर रहे याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान अपनी दलील पेश की थी। समलैंगिक विवाह के अधिकार को मान्यता देने का अनुरोध करते उन्होंने पीठ से कहा कि अदालत ऐसा कहकर कि वह इस मुद्दे पर कुछ नहीं कर सकती, अपना पल्ला नहीं झाड़ सकती। उन्हें कुछ राहत तो देनी ही चाहिए। समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी न देना किसी व्यक्ति के साथ लैंगिक आधार पर खुला भेदभाव होगा। इतना ही नहीं, यह ऐसे व्यक्तियों को दूसरे देशों में जाने के लिए मजबूर करेगा, जहां समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजुरी दी गई है। याचिकाकर्ताओं के पक्ष की ओर से पेश किरपाल ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ को बताया कि एलजीबीटीक्यूआईए+ से भारत की जीडीपी का सात प्रतिशत प्रभावित होगा। इस मामले में चौथे दिन की सुनवाई के दौरान किरपाल ने कहा कि समलैंगिक विवाह को मान्यता न देने से ऐसी स्थिति पैदा होगी, जहां समलैंगिक और समलैंगिक अनिच्छा से एक अव्यवहार्य विवाह में बंध जाएंगे। उन्होंने कहा कि एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय को संसद की दया पर नहीं छोड़ा जा सकता है। पीठ ने यह भी कहा कि समलैंगिक विवाह को अनुमति देने से गोद लेने, उत्तराधिकार, निर्वसीयतता और पेंशन और ग्रेच्युटी को नियंत्रित करने वाले कानूनों सहित कई अन्य कानूनी सवालों का भी सामना करना पड़ेगा। पीठ ने कहा कि 1954 के अधिनियम और विभिन्न धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों के बीच एक संबंध है, इसलिए समलैंगिक विवाह के लिए विशेष विवाह अधिनियम बनाने तक ही यह सीमित नहीं रहेगा। इसके लिए और भी आगे जाना होगा। गौरतलब है कि इस मामले पर बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।

### आतंकी बलवंत सिंह ...

से ज्यादा समय से केंद्र सरकार के पास लंबित है। सरकार ने अभी तक उस पर फैसला नहीं लिया है। दरअसल, बलवंत सिंह राजोआना की याचिका पर जस्टिस बीआर गवई, जस्टिव विक्रम नाथ और जस्टिव संजय करोल की पीठ ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को फैसला लेने को कहा है। इसने ये भी कहा है कि सजा पर फैसला तब लिया जाए, जब उन्हें जरूरी लगे। 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की राजोआना ने हत्या की थी। इसके बाद अदालत ने उसे मौत की सजा सुनाई थी। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को सुनवाई के लिए गृह मंत्रालय के पास भेज दिया है। अदालत ने कहा है कि गृह मंत्रालय राजोआना की ओर से दायर दया याचिका पर जल्द फैसला करें। दरअसल, केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया था कि आईबी की रिपोर्ट कहती है कि बलवंत सिंह राजोआना को राहत देने से पंजाब में कानून व्यवस्था बिगड़ने की संभावना है। बलवंत सिंह पिछले 27 साल से जेल की काल कोठरी में बंद है। उसने जेल में लंबा समय बिताया है। इसी को आधार बनाकर राजोआना ने कहा कि उसे फांसी की जो सजा सुनाई है, उसे बदल दिया है। इसके बदले उसे उम्रकैद की सजा दी जाए। बलवंत सिंह राजोआना ने इस संबंध में राष्ट्रपति से भी गुजारिश लगाई। लेकिन उसकी दया याचिका मार्च 2013 से ही राष्ट्रपति के पास लंबित पड़ी हुई है। दरअसल, अदालत ने राजोआना को जुलाई 2007 में फांसी की सजा सुनवाई। उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, मगर हाईकोर्ट ने भी 2010 में फांसी की सजा को बरकरार रखा। फिर वह सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पर पहुंचा और उसने याचिका लगाकर अपनी सजा को उम्रकैद में बदलने की मांग की।

### बेलग्रेड स्कूल में ...

लड़कियों की शर्ट पर खून लगा हुआ था। उन्होंने कहा कि शूटर शांत स्वभाव का एक अच्छा छात्र था। वह हाल ही में उनकी कक्षा में शामिल हुआ था। पुलिस ने उस गली को भी ब्लॉक कर दिया है, जहां फायरिंग हुई थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि घायलों का इलाज किया जा रहा है और गोली मारने के पीछे की मंशा की जांच की जा रही है। सर्बिया में हुई गोलीबारी की इस घटना से हर कोई हैरान है, क्योकि यहां बंदूकों को लेकर कड़े कानून हैं। फिलहाल फायरिंग किस वजह से की गई है, अभी तक इसका कुछ पता नहीं चल पाया है।

### बंगाल की खाड़ी ...

का क्षेत्र बनने के बाद हम चक्रवात के ट्रैक के बारे में ब्योरा जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि हम चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनने से पहले ही पूर्वानुमान जारी कर रहे हैं। जिससे कि समुद्र में जाने वाले लोग ताजा जानकारी के हिसाब से अपनी योजना बना सकें। इस दौरान उन्होंने मछुआरों से दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में नहीं जाने को भी कहा। महापात्रा ने कहा कि चक्रवात की स्थिति में इस क्षेत्र में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह भी कहा है कि अगले साल गर्मी के प्रभाव को मापने के लिए भारत को अपना सूचकांक मिलेगा। आईएमडी प्रमुख महापात्रा ने कहा कि भारत अपनी आबादी पर गर्मी के प्रभाव का आकलन करने और विशिष्ट स्थानों के लिए प्रभाव आधारित लू की चेतावनी जारी करने के लिए अगले साल अपना समग्र सूचकांक जारी करेगा। गौरतलब है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पिछले सप्ताह देश के विभिन्न हिस्सों के लिए एक प्रायोगिक ताप सूचकांक जारी किया था। इसमें हवा के तापमान और सापेक्ष आर्द्रता को ध्यान में रखते हुए यह बताया गया था कि वास्तव में भारत कितना गर्म है। आईएमडी के मौसम विज्ञान महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि हीट इंडेक्स प्रयोग के लिए है। यह मान्य नहीं है। आगे अब हम अपनी एक प्रणाली मल्टी-पैरामीटर प्रोडक्ट जिसे *हीट हैजर्ड स्कोर* भी कहा जाता है को लाएंगे। हमें उम्मीद है ने कहा कि यह दूसरों की तुलना में बेहतर साबित होगा।

### दुनिया का सबसे ...

टीवी नेटवर्क, सीएनएन द्वारा विशेष उल्लेख किया है। जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर (लगभग 109 फीट) निर्मित चिनाब रेल ब्रिज, एफिल टॉवर से लगभग 35 मीटर लंबा है। 1,315 मीटर लंबा पुल एक व्यापक परियोजना का हिस्सा है जिसका उद्देश्य भारतीय रेलवे नेटवर्क द्वारा कश्मीर घाटी को सुलभ बनाना है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लिए, चिनाब रेल ब्रिज और व्यापक रेल लिंक परियोजना को सामाजिक एकीकरण और राजनीतिक प्रभाव के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में देखा जा सकता है, जो अलग-अलग क्षेत्रों को प्रमुख शहरों से जोड़ता है। विल्सन सेंटर में दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने कहा कि पुल और अधिक कनेक्टिविटी बनाने के लिए इसे नई दिल्ली द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए एक और बड़ी जीत के रूप में पेश किया जाएगा।

### मणिपुर विवि में ...

सेमिनार में मणिपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के लगभग 70 विद्यार्थी भाग लेंगे। वाई-20 शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो आरके हेमाकुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के युवा खेल और संस्कृति में बहुत अधिक प्रतिभावान हैं। इसलिए उन्हें लोकतंत्र और गवर्नेंस में प्रतिभा सम्पन्न बनाया जाना चाहिए। राज्य के दूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों तक पहुंच के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर कार्यक्रम को लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सेमिनार का फोकस युवाओं पर होगा ताकि जी-20 शिखर सम्मेलन को सभी रैंकों से ऊपर उठकर सहभागी बनाया जा सके। केंद्र सरकार का उद्देश्य इस सेमिनार के माध्यम से मणिपुर के सभी 16 जिलों तक पहुंचना है। शिखर सम्मेलन के संयोजक प्रो डब्ल्यू चांदबाबू सिंह ने कहा कि भारत जी-20 की 18वीं अध्यक्षता कर रहा है। उन्होंने कहा कि जी-20 देशों का विश्व व्यापार पर 85 प्रतिशत नियंत्रण है, इसलिए जी-20 देशों द्वारा लिए गये निर्णयों की सामान्य रूप से वैश्विक स्वीकार्यता होगी। उन्होंने कहा कि वाई-20 में पांच उप विषय हैं, जिनमें साझा विरासत: लोकतंत्र और गवर्नेंस में युवा एक है। मणिपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एन. लोकेंद्र सिंह ने कहा कि मणिपुर का खेल और संस्कृति में इसका बड़ा योगदान है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **एकादश अध्याय**

**(ब्रह्म-वृक्ष)**

**अर्ध ऊर्ध्व के बीच में, सर्व ज्ञान विज्ञान।**
**योगिन का यह धाम है, पहुँचे हँस महान॥ 17॥**

**शब्दार्थ :** (बीच) मध्य (धाम) स्थान।

**भाष्य :** अर्ध और ऊर्ध्व के बीच में समस्त ज्ञान-विज्ञान प्राप्त होते हैं। यह योगियों का धाम है, जहां पर महान पवित्र आत्माएं पहुंचती है।

**एक पाद में सृष्टि है, अमृत है तिन पाद।**
**बद्ध मुक्त अस्थान है, अनुभव गति गमवाद॥ 18॥**

**शब्दार्थ :** (अमृत) चेतन परमानंद (पाद) भाग, अंश।

**भाष्य :** परब्रह्म के चार पाद है। एक पाद में अनंत विशाल सृष्टि है, जिसमें कर्मबद्ध आत्माएं अपने भोग और प्रारब्ध के अनुसार दुःख-सुख को प्राप्त करती है। तीनपाद शुद्ध अमृत चेतन परमनंद है, जहां प्रकृति यह जड़ जगत नहीं है। वहां प्रकृतिविमुक्त आत्माएं स्वच्छंद परमानंद में विहार करती है। यह चेतन गमन द्वारा अनुभव प्राप्त सत्य सिद्धांत है।

# कांग्रेस ने *अपमानजनक* बयान के लिए सांसद अजमल के खिलाफ की एफआईआर दर्ज




**गुवाहाटी।** असम कांग्रेस ने बुधवार को ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अजमल पर राज्य कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा और अन्य नेताओं के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप है। प्राथमिकी में, असम कांग्रेस के नेता मोनोजीत महंता ने दावा किया कि अजमल ने हाल ही में सार्वजनिक रूप से यह कहते हुए अपमानजनक बयान दिया है कि ठाकुर ने हिजड़ों का दल बनाया है। महंत ने अपनी शिकायत में आगे लिखा है कि एआईयूडीएफ प्रमुख ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा और उन 10 विपक्षी दलों के अन्य नेताओं पर हमला करने की सारी हदें पार कर दीं, जिनके साथ कांग्रेस 2024 में बीजेपी को हराने के लिए गठबंधन बनाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता ने उल्लेख किया कि अजमल ने पहले भी महिला समुदाय और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ अपमानजनक बयान दिए थे। विशेष रूप से, अजमल ने पिछले साल यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि मुस्लिम पुरुष कानून के अनुसार 21 वर्ष की आयु प्राप्त करने के तुरंत बाद शादी कर लेते हैं, जबकि हिंदू कम से कम तीन महिलाओं के साथ अवैध संबंध बनाने के लिए 40 वर्ष की आयु तक खुद को अविवाहित रखते हैं। यही कारण है कि आजकल हिंदुओं के बच्चे कम होते हैं। अजमल ने कहा, 40 साल की उम्र के बाद, हिंदू शादी करते हैं। अगर वह इतनी देर से शादी करेंगे तो उनके बच्चे कैसे हो सकते हैं? जब आप उपजाऊ भूमि पर कुछ बोते हैं, तो आप अच्छे परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने हिंदुओं को सलाह दी थी कि वह शादी करने के लिए उसी फॉर्मूले का पालन करें जैसा मुसलमान करते हैं। एआईयूडीएफ नेता ने कहा था कि अगर हिंदू लड़कियां 18-20 साल की उम्र में शादी करती हैं, तो उनके अच्छी संख्या में बच्चे हो सकते हैं। इस संबंध में, अजमल ने हिमंत बिस्वा सरमा पर भी कटाक्ष किया, जिसके बाद एआईयूडीएफ नेता भाजपा के निशाने पर आ गए। असम राज्य महिला आयोग ने उन टिप्पणियों के लिए बदरुद्दीन अजमल को नोटिस भी जारी किया था।

## हाजो में पुलिस ने ड्रग्स तस्कर को किया गिरफ्तार

**कामरूप (हिंस)।** कामरूप (ग्रामीण) जिला के हाजो पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने छापेमारी में करीब 6 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की है, जिसकी कीमत हजारों रुपए आंकी गई है। पुलिस ने ड्रग्स तस्कर राहुल अली को भी पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस सूत्रों ने आज (बुधवार) बताया कि राहुल अली लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर नशे का कारोबार चला रहा था। बीती रात एक गुप्त सूचना के आधार पर हाजो पुलिस ने पीछा कर आमदलापार में हेरोइन के साथ ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। इस बीच पुलिस राहुल अली को थाने ले आई है और अधिक जानकारी के लिए लगातार उससे पूछताछ की जा रही है। मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान का नेतृत्व हाजो थाना प्रभारी सुमित महतो ने किया। इस संबंध में पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज की है।

## नारद जयंती पर विश्व संवाद केंद्र 6 मई को आयोजित करेगा व्याख्यानमाला

### सफूरा के संपादक रूपम बरुवा देवर्षि होंगे सम्मानित




**गुवाहाटी (हिंस)।** देश और समाज की विपरीत परिस्थितियों में लोगों को जागरूक और सतर्क करने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। दुनिया के पहले पत्रकार देवर्षि नारद महाप्रभु ने भी समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई थी। असम की विश्व संवाद केंद्र इकाई हर साल की तरह इस वर्ष देवर्षि नारद जयंती का आयोजन करेगी है। असम के विश्व संवाद केंद्र के सचिव किशोर शिवम ने बताया कि इस वर्ष राज्य के तीन पत्रकारों को विशेष रूप से सम्मानित करेगी। इनमें दैनिक असम समाचार पत्र के मुख्य रिपोर्टर जितेंद्र कुमार चौधरी, आमार असम के मुख्य रिपोर्टर साम्य भारद्वाज और गुवाहाटी दूरदर्शन के वरिष्ठ स्टाफ रिपोर्टर शेवाली कलिता शामिल हैं। इन पत्रकारों को प्रमाणपत्र के साथ नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवर्षि नारद जयंती पर आगामी 6 मई को शाम 4 बजे गुवाहाटी के बरबारी स्थित सुदर्शनालय में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार और सफूरा के संपादक रूपम बरुवा को वर्ष-2023 देवर्षि नारद जयंती पुरस्कार के लिए चुना गया है।

## आग में घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

**डिब्रूगढ़ (हिंस)।** डिब्रूगढ़ जिलांतर्गत मोरान के कलाखोवा पानी मिरी गांव में अचानक लगी आग के दौरान देखते-देखते एक व्यक्ति का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि बीती रात आग लगने की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया। आग बुझाए जाने तक जीवन जैन का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग के दौरान नगद 30 लाख रुपए के अलावा घर पूरी तरह जल गया।

## घर में चोरी

**बाक्सा (हिंस)।** बाक्सा जिला के जालाह के दंगपार इलाके के एक घर में चोरी की घटना घटी है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जालाह दंगपार निवासी माधवी बोड़ो के घर में चोर प्रवेश कर अलमारी का ताला तोड़कर आभूषण, नगद धन, कागजात के अलावा कपड़े चुरा कर फरार हो गए। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। माधवी बोड़ो अपने पिता की मृत्यु तिथि के दिन पूजा-अर्चना करने के लिए घर से बाहर गई हुई थी।

## शिवसागर की घटना को ले मारवाड़ी सम्मेलन व मायुम के प्रतिनिधिमंडल ने आला पुलिस अधिकारी से की मुलाकात



**होजाई (होसं)।** पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा, महामंत्री विनोद कुमार लोहिया, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष पंकज जालान, महामंत्री सुभाष सुराना, ने असम के स्पेशल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (एडमिनिस्ट्रेशन) हरमीत सिंह से मुलाकात कर शिवसागर के वाकया सहित असम में व्यवसायी वर्ग और खास कर मारवाड़ी समाज के लोगो के साथ जो अभद्र व्यवहार चंदे के नाम पर किया जा रहा है उसके लिए उन्हें कड़ी कारवाई करने का आग्रह किया। सिंह साहब ने कहा की यह सरकार इस प्रकार के किसी मामले को बर्दास्त नहीं करेगी और दोषी को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन हमेशा जनता के साथ है। साथ ही उन्होंने पूप्रमायुमं व सम्मेलन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि शिवसागर की घटना में दोषी व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने ने आह्वान किया कि व्यापारियों को निर्भीक होकर ऐसी घटनाओं की जानकारी पुलिस को देने के लिए आगे आना चाहिए। इस आशय की जानकारी पूप्रमायुमं के जनसंपर्क विभाग के चैयरमैन पवन केजरीवाल व जनसंपर्क अधिकारी सेंकी अग्रवाल ने आज दी।

## खटीयामारी सड़क हादसे में जख्मी घायल दो युवकों को एएमसीएच अस्पताल में रेफर



**नगरबेड़ा (विभा)।** बरपेटा जिले के बागबर विधानसभा क्षेत्र के आलोपति चर थानांतर्गत खटियामारी में आज सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों व्यक्ति की पहचान रफीकुल इस्लाम और हसीबुल इस्लाम के रूप में की गई है। इसमें से रफीकुल माजर चर के और हसीबुल इस्लाम आलोपति फकीरपाड़ा गांव के रहने वाला है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल युवकों को आलोपति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मौके से दोनों बाइकों को थाने ले आई। दोनों बाइकों की नंबर (एएस -18 ई -8889) और (एएस -18 एच -0482) हैं।

## हाथी के हमले में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत

**गुवाहाटी (हिंस)।** असम के अलग-अलग तीन इलाकों में जंगली हाथियों द्वारा किए गए हमले में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। वन विभाग के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि नगांव जिलांतर्गत कोलियाबोर के शालना चाय बागान अंतर्गत लेंगटेंग आमगुरी इलाके में जंगली हाथी द्वारा किए गए हमले में मौके पर ही अजित साउरा (45) नामक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना बीती मध्य रात लगभग एक बजे के आसपास की बतायी गई है। जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि में जंगली हाथियों का एक झुंड इलाके में पहुंचा था, जिसे भगाने के लिए अजित साउरा अपने घर से बाहर निकला था। घर के पास ही हाथी ने उसे कुचल दिया। उधर नगांव जिला के लाओखोवा चर थानातर्गत बूटमारी चर इलाके में जंगली हाथी के हमले में सिराजुल इस्लाम नामक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया गया है कि बूढ़ा चापरी अभयारण्य से भोजन की तलाश में निकले हाथियों के झुंड के हाथी ने घर में सो रहे इस्लाम पर हमला कर दिया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। इसी कड़ी में ग्वालपाड़ा जिलांतर्गत द्वारका के केतकीबारी में जंगली हाथी के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों का झुंड तीन हिस्सों में बंटकर गांव में प्रवेश किया। लगभग 4 घंटे तक हाथियों ने गांव में जमकर उत्पात मचाया। इसके चलते घरों के अंदर काफी संख्या में ग्रामीण कैद होकर रह गए। इसी बीच एक व्यक्ति को जंगली हाथी ने घर से अपनी सूंड़ से पकड़कर घसीटकर बाहर निकालकर मार डाला। हाथियों ने चार घरों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। मृत व्यक्ति की पहचान हरेश्वर राभा के रूप में की गई है। तीनों ही मामलों में वन विभाग ने अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है। साथ ही पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए संबंधित जिला अस्पतालों में भेज दिया है। इन घटनाओं को लेकर ग्रामीण बेहद दहशत में हैं।

## टुपामारी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**नगरबेड़ा (विभा)।** कामरूप जिले के बोको के अंतर्गत टुपामारी बाजार परिसर में कल एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में गुवाहाटी जीएनआरसी अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सों ने मरीजों का इलाज कर उन्हें दवाइयां भी दी। स्थानीय युवा आशिक जियाउल हक की पहल और टुपामारी करीटोला मार्केट क्लब के सहयोग से आयोजित इस शिविर में आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया। जिसमें बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे। शिविर का उद्घाटन समाजसेवी आशिक जियाउल हक ने किया। शिविर में मरीजों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। जिन्होंने चिकित्सकों व नर्सों की सेवाभाव देख उन्हें धन्यवाद दी।

## अभामास का दो दिवसीय 27वां राष्ट्रीय अधिवेशन गुवाहाटी में

### पूप्रमास के आतिथ्य में मारवाड़ी सम्मेलन, गुवाहाटी शाखा के सौजन्य से होगा आयोजन

**गुवाहाटी (विभा)।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन (अभामास) का 27वां राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 13 व 14 मई को गुवाहाटी में आयोजित किया जाएगा। उक्त अधिवेशन फैंसी बाजार के एमएस रोड स्थित तेरापंथ धर्मस्थल में पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन (पूप्रमास) के आतिथ्य में तथा मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी शाखा के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन को सफल बनाने हेतु स्वागत समिति का गठन किया गया है जिसमें स्वगताध्यक्ष की महती जिम्मेदारी प्रतिष्ठित समाजसेवी तथा उद्योगपति अशोक धानुका को सौंपी गई है। वहीं स्वागत मंत्री के रूप में सम्मेलन के गुवाहाटी शाखाध्यक्ष सुशील गोयल, उप स्वागताध्यक्ष के रूप में प्रदीप भुवालका व शंकर बिड़ला, कोषाध्यक्ष के रूप में सूरज सिंघानिया शामिल हैं। संरक्षक के रूप में रामावतार भरतिया, कैलाश लोहिया, प्रदीप भड़ेच, रतन शर्मा, शिवभगवान शर्मा, किशोर कुमार साबू तथा सलाहकार के रूप में प्रह्लाद राय तोदी, विजय कुमार मंगलुनिया, डॉ. श्याम सुंदर हरलालका व मधुसूदन सीकरिया शामिल हैं। इसके अलावा अधिवेशन हेतु समिति संयोजकों की नियुक्ति की गई है, जिसमें पंजीकरण का भार नरेंद्र सोनी, आवास समिति का भार संजीत धूत्त, यातायात समिति का भार प्रभाष अग्रवाल, जनसंपर्क समिति का दायित्व विवेक सांगानेरिया को सौंपा गया है। प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा ने बताया कि अभामास के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, राष्ट्रीय महामंत्री संजय हरलालका, नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया के अलावा देशभर में सम्मेलन के फैले विभिन्न प्रांतों एवं शाखाओं से बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहने की जानकारी मिली है। इस अधिवेशन के दौरान ही श्री लोहिया के नेतृत्व में नव राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति अपना पदभार ग्रहण करेगी। प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) रमेश कुमार चांडक ने बताया कि अधिवेशन को सफल बनाने में सम्मेलन की गुवाहाटी शाखा सहित प्रांतीय पदाधिकारी जुटे हुए हैं। प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार लोहिया ने सभी समाज बंधुओं से आह्वान किया है कि दो दिवसीय इस राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान सभी समाज बंधु उपस्थित रहकर आयोजन को सफल एवं यादगार बनाने में सहयोग करें।

## उदालगुड़ी में भारी मात्रा में छिपाकर रखे गए हथियार बरामद




**उदालगुड़ी (हिंस)।** उदालगुड़ी जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) के नेतृत्व में बुधवार सुबह माजबाट थानांतर्गत शिकारीडांगा क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान भारी मात्रा में स्वचालित हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। ये हथियार छिपाकर रखे गए थे। पुलिस के मुताबिक बरामद हथियारों में छह एके-47 राइफल्स, एके-47 की आठ मैगजीन, एक 9 एमएम की पिस्तौल, पिस्तौल की मैगजीन, 74 राउंड 7.62 मिमी की कारतूस, एक राउंड 9 मिमी की कारतूस शामिल हैं। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि हथियारों को किसने छिपाकर रखा था। पुलिस इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। उल्लेखनीय है कि बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल इलाके में विद्रोही गुटों के शांति वार्ता में शामिल होने के बाद से आए दिन हथियारों का जखीरा बरामद होता रहा है।

**Notice Inviting Tenders**
**tentter {NIT} Reference No. JDHS/NTEP/IGRA/UDL/23-24/01**

Notice Inviting Tender for engaging Agency/Diagnostic Laboratory for providing services for TB Interferon Gamma Release Assay (IGRA) testing under National Tuberculosis Elimination Programme (NTEP) program at District TB Office, Udalguri district of Assam.

The proposed project aims to promote prevention of Latent TB Infection amongst the contacts *of TB patients by increasing access to IGRA testing services* as well as **Preventive therapy.** The project will undertake counselling of contacts of TB patients to generate awareness around Latent TB and support them in accessing the required services as early as possible and following them up till end of treatment. This interagntion aligns with India's move towards Elimination of TB by 2025.

The proposal shall include per sample quote for providing the following service package as a whole:

1.1 IGRA testing through currently NTEP endorsed test. The agency shall procure the testing kits as per estimated load [Number of bacteriologically confirmed pulmonary TB patients or (pulmonary TB patient) X (average family size-1) in concerned geography]
1.2 Collection of blood samples from the residence of beneficiaries household contacts (children >/= 5 years of age, adolescents, and adults) of bacteriologically confirmed pulmonary TB patients/ pulmonary TB patient and other risk group notified in Nikshay from public or private sector, as agreed upon, for IGRA testing.
1.3 The collection should be done from beneficiaries within 24 hours of information or instruction given for sample collection.
1.4 The agency shall deploy trained HR for counselling, sample collection, packaging, storage and transport of the sample to empanelled laboratory.
1.5 The person going for blood collection should be trained in NTEP PMTPT guidelines (online self-learning module and verified by certificate or physical training imparted by NTEP) for providing quality counselling.
1.6 Testing of samples at the assigned laboratory using the GoI endorsed tests.
1.7 Provision of logistics for sample collection, processing, storage and testing.
1.8 The result of the test (report) will be communicated to the treating doctor and NTEP as soon as available but not later than 96 hours from sample collection from patients. However, hard copies of test reports will be available with the collection center/laboratory as per operational feasibility.

**TENDER VALUE : Rs. 35.075**
**Last date of receipt of Proposal : 18/05/2023 by 02:00 PM**

**Tender document link/QR code :** https://bit.ly/IGRA_RFP
Interested bidders may download the entire tender document from link or may get in touch with the District TB Office, Udalguri, NTEP - Assam or email : dtoasulr@rntcp.org

*-- Janasanyog /C/1858/23*

District Programme Officer
NTEP, Udalguri, BTR

# भारत और मालदीव ने दो मित्र पड़ोसियों के रूप में रिश्तों को नया आकार दिया

**- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीन दिवसीय यात्रा में दीर्घकालिक साझेदारी को किया मजबूत**
**- दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा क्षेत्रों में अपने सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई**

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय मालदीव यात्रा खत्म होने पर आज संयुक्त बयान जारी किया गया। मालदीवियन समकक्ष मारिया दीदी के निमंत्रण पर गए राजनाथ सिंह ने भारत और मालदीव के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने आपसी चिंता के क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की और रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्रों में अपने सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने मालदीवियन समकक्ष रक्षा मंत्री मारिया दीदी के निमंत्रण पर 01 मई 2023 को माले पहुंचे। दोनों मंत्रियों ने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने पर जोर देते हुए आम सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत को स्वीकारा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून और नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान करने के महत्व को रेखांकित किया और इन सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोनों पड़ोसी देशों ने संयुक्त अभ्यास और सैन्य अधिकारियों की यात्राओं सहित रक्षा सहयोग में हुई प्रगति का स्वागत किया। उन्होंने आतंकवाद का मुकाबला, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रथाओं और विशेषज्ञता को साझा करने के महत्व को भी नोट किया। दोनों मंत्री रक्षा व्यापार, क्षमता निर्माण और संयुक्त अभ्यास के क्षेत्रों सहित सहयोग के लिए अतिरिक्त रास्ते तलाशने पर सहमत हुए। उन्होंने दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच लोगों से लोगों के संपर्क और आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी



चर्चा की। संयुक्त बयान में कहा गया है कि यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह और विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद से शिष्टाचार मुलाकात की। राजनाथ सिंह ने मारिया दीदी और मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह की उपस्थिति में मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बलों (एमएनडीएफ) को एक फास्ट पेट्रोल वेसल और एक लैंडिंग क्राफ्ट आक्रमण जहाज सौंपा। मालदीवियन राष्ट्रपति सोलिह की हाल की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों जहाज उपहार में देने की घोषणा की थी। राजनाथ सिंह ने कहा कि मालदीव को भारत की ओर से दो जहाज सौंपना हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस यात्रा के दौरान दोनों रक्षा मंत्रियों ने संयुक्त रूप से मालदीव तट रक्षक 'एकथा हार्बर' की आधारशिला रखी। कोस्ट गार्ड हार्बर का विकास और मरम्मत की सुविधा भारत की सबसे बड़ी अनुदान सहायता परियोजनाओं में से एक है। यात्रा समाप्ति पर रवाना होने से पहले राजनाथ सिंह ने गर्मजोशी पूर्ण और सौहार्दपूर्ण आतिथ्य की सराहना की। दोनों पक्षों ने अपने देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की फिर से पुष्टि करते हुए कहा कि वे भविष्य में बातचीत और सहयोग जारी रखने के लिए तत्पर हैं। इस यात्रा ने अपने-अपने देशों और क्षेत्र की सुरक्षा एवं समृद्धि को बढ़ाने के लिए दो मित्र पड़ोसियों के रिश्तों को नया आकार दिया।

## महिला पहलवानों की ओर से बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक और शिकायत, सुप्रीम कोर्ट ने दिए जांच के आदेश

**अजय त्यागी**




**नई दिल्ली।** महिला पहलवानों की ओर से उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) में भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक और सीलबंद शिकायत दी गई। शिकायत में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। तब चीफ जस्टिस ने नई शि-ाकायत भी जांच अधिकारी को देने को कहा। 28 अप्रैल को दिल्ली पुलिस ने कहा था कि उसने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का फैसला किया है। कोर्ट ने इस मामले में नाबालिग शिकायतकर्ता की सुरक्षा का आदेश देते हुए दिल्ली पुलिस को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले पर 25 अप्रैल को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। सात खिलाड़ियों ने याचिका दायर कर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज को देखने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

मुक्केबाज मेरीकॉम उस कमेटी का नेतृत्व कर रही हैं, जो पहलवानों के आरोपों की जांच के लिए गठित की गई है। जनवरी में विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया समेत कई पहलवानों और कोचों ने बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप लगाते हुए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन दिया था। जिसके बाद में केंद्रीय युवा और खेल मंत्रालय ने आरोपों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया था। एक नाबालिग समेत सात पहलवानों ने 21 अप्रैल को कनाट प्लेस थाने में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। हाल ही में ये पहलवान फिर से जंतर-मंतर पर धरने पर बैठ गए।

## शरद पवार अपने निर्णय पर अडिग, गतिरोध बरकरार

**- नए राकांपा अध्यक्ष के लिए सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल के नाम पर विचार विमर्श**

**मुंबई (हि.स.)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का अध्यक्ष पद छोड़ने के अपने निर्णय पर शरद पवार अडिग हैं। एक तरफ उन्हें मनाने का प्रयास हो रहा है, तो कार्यकताओं को भी शांत करने का प्रयास दीगर नेता कर रहे हैं। नए अध्यक्ष का चयन करने के लिए बुधवार को वाईबी पवार सभागृह में राकांपा नेताओं की बैठक चल रही है।




शरद पवार ने मंगलवार को अपनी किताब के विमोचन के दौरान राकांपा अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा की थी। इसके बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने कहा कि शरद पवार अपने निर्णय पर दो तीन दिन में पुनर्विचार करेंगे, कार्यकर्ता शांत रहें। बुधवार को अजीत पवार ने बताया कि उन्हें राकांपा के अध्यक्ष पद में कोई रुचि नहीं है। वे इस बारे में सोच भी नहीं सकते। इसके बाद वाईबी चव्हाण सेंटर में प्रफुल्ल पटेल, सुप्रिया सुले, जयंत पाटिल छगन भुजबल आदि नेताओं की बैठक बुलाई गई है, जिसमें सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल के नाम पर विचार विमर्श किये जाने की जानकारी मिली है। पूर्व मंत्री छगन भुजबल ने बताया कि सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल भी दिल्ली में काम करने में सक्षम हैं, लेकिन कार्यकर्ताओं को शांत करने के लिए सुप्रिया सुले को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। इसी तरह महाराष्ट्र की जिम्मेदारी अजीत पवार को दिए जाने का विचार किया जा रहा है। हालांकि, अंतिम निर्णय बैठक में सभी लोगों की सहमति से ही लिया जाएगा।

## देश में पिछले दस वर्षों में अंग प्रत्यारोपण के मामलों में तीन गुना बढ़ोतरी: मनसुख मांडविया

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में पिछले दस वर्षों में अंग प्रत्यारोपण के मामलों में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम की 99वीं कड़ी में देशवासियों से अंगदान के लिए आगे आने का आह्वान किया था। इससे देश में अंगदान को एक नई गति मिली है। डॉ. मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ देश में अंगदान और प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने को लेकर नीतिगत सुधारों



के लिए अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख लेने के भी निर्देश दिए। डॉ. मांडविया के मुताबिक वर्ष 2016 में 930 मृत दाताओं से 2265 अंगों का उपयोग किया गया, जबकि वर्ष 2022 में 904 मृतक दाताओं से 2765 अंगों का उपयोग किया गया। एनओटीटीओ अस्पतालों में अंगदान और प्रत्यारोपण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका के रूप में एक प्रत्यारोपण मैनुअल पर काम कर रहा है और प्रत्यारोपण समन्वयकों के प्रशिक्षण के लिए एक मानक पाठ्यक्रम पर भी काम कर रहा है। इन दोनों दस्तावेजों को पूरा कर जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई के मामले में अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को नोटिस जारी किया है। सिसोदिया ने पत्नी की सेहत का हवाला देकर अंतरिम जमानत की मांग की है। सिसोदिया की पत्नी को अभी हाल ही में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को नौ मार्च को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने 25 अप्रैल को अपनी पूरक चार्जशीट में सिसोदिया को आरोपित बनाया है।




## पवार को मनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने लिखा खून से पत्र

**पुणे,(हि.स.)।** शरद पवार के राष्ट्रवादी कांग्रेस अध्यक्ष पद से रिटायर होने की घोषणा से सभी हतप्रभ हैं। खासकर पार्टी के नवयुवकों को यह सहन नहीं हो पाया। दर्जनों नवयुवक अपने खून से शरद पवार को चिट्ठी लिखकर उन्हें मनाने का प्रयास कर रहे हैं। मंगलवार से शुरू हुआ यह क्रम अभी भी थम नहीं रहा है। पवार के ऐलान के बाद एनसीपी के पदाधिकारियों के साथ-साथ राज्य भर के नेता और कार्यकर्ता भावुक हैं और वे शरद पवार से फैसला वापस लेने का अनुरोध कर रहे हैं। साथ ही शरद पवार पर पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं का दबाव भी बन रहा है। अब सबकी निगाह इस बात पर हैं कि



पवार इस पर क्या फैसला लेते हैं। पुणे के एक उत्साही कार्यकर्ता संदीप काले ने बुधवार को शरद पवार को अपने खून से पत्र लिखा है, सर, आपकी ओर से लिया गया यह फैसला किसी को भी स्वीकार्य नहीं है। हम आपके फैसले से बच्चे बन गए हैं। आप हमारे भगवान हैं और आपको इस फैसले को बदलना चाहिए।

## केंद्रीय खेल मंत्री ने कोई कार्रवाई नहीं की और कमेटी बनाकर मामले को दबाया: विनेश फोगाट

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली ।** भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख और भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ अन्य शीर्ष पहलवानों के साथ जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहीं रेसलर विनेश फोगट ने कहा है कि एक शक्तिशाली व्यक्ति के खिलाफ खड़ा होना मुश्किल है, जो बहुत लंबे से अपने पद और अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रहा है। पहलवान डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों का विरोध कर रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए ओलंपियन विनेश फोगट ने गत दिवस कहा कि पहली बार जंतर मंतर पर अपना विरोध शुरू करने से पहले पहलवानों ने एक अधिकारी से मुलाकात की थी, लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। हमने उन्हें सब कुछ बताया था कि कैसे महिला एथलीटों का यौन उत्पीड़न और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है( जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हम धरने पर बैठ गए। विनेश फोगट ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर पर कोई कार्रवाई नहीं करने



और कमेटी बनाकर मामले को दबाने को लेकर भी निशाना साधा। विनेश ने कहा कि हमने केंद्रीय खेल मंत्री (अनुराग ठाकुर) से बात करने के बाद अपना विरोध समाप्त कर दिया और सभी एथलीटों ने उन्हें यौन उत्पीड़न के बारे में बताया था। एक समिति बनाकर उन्होंने वहां मामले को दबाने की कोशिश की, उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई। पहलवान बजरंग पूनिया ने इन आरोपों का खंडन किया कि कुश्ती महासंघ प्रमुख के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे रेसलर्स ओलंपिक चयन के लिए पेश किए गए नए नियमों का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह (बृज भूषण) कह रहे हैं कि हमने ओलंपिक के लिए कुछ नियम बनाए हैं और इसलिए ये एथलीट विरोध कर रहे हैं। सबसे पहले यह ओलंपिक के बारे में नहीं है, यह यौन उत्पीड़न के खिलाफ है और अगर मैं ओलंपिक नियम के बारे में बात करता हूं तो महासंघ ओलंपिक से आने वाले एथलीटों का ट्रायल लेगा, जिसका भी वे चाहें इससे पहले शनिवार को डब्ल्यूएफआई प्रमुख ने कहा था कि अगर वह इस्तीफा देते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्होंने पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों को स्वीकार कर लिया है। डब्ल्यूएफआई प्रमुख की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए विनेश फोगट ने कहा कि हम केवल न्याय चाहते हैं। महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और शोषण के आरोपों को लेकर दिल्ली पुलिस ने 28 अप्रैल को डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष सिंह के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की थीं। भाजपा सांसद ने कहा कि हरियाणा के 90 प्रतिशत खिलाड़ी उनके साथ खड़े हैं, जबकि केवल एक कुश्ती परिवार जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहा है. इससे पहले 26 अप्रैल को पहलवानों ने जंतर-मंतर पर कैंडल मार्च निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके मन की बात सुनने का आग्रह किया था।

## फारबिसगंज कॉलेज में छात्र राजद ने चलाया सदस्यता अभियान

**अररिया,(हि.स.)।** फारबिसगंज कॉलेज में छात्र राजद की ओर से एकदिवसीय सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान मुख्य रूप से छात्र नेता राणा यादव के नेतृत्व में चलाकर सैकड़ों छात्रों को छात्र राजद की सदस्यता दिलाई गई। छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव के निर्देश पर छात्र राजद की ओर से बुधवार को अभियान चलाया गया। मौके पर अररिया छात्र राजद के पूर्व प्रवक्ता अभिनव किरण ने कहा कि फारबिसगंज कॉलेज फारबिसगंज में छात्र राजद को सशक्त बनाने और शैक्षणिक माहौल को सृजित करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक संख्या में छात्र राजद से छात्र छात्राओं को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि




छात्र राजद की ओर से छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर हमेशा से मुखर आवाज उठाती रही है ।यही कारण है कि छात्र राजद संगठन से युवा साथी उत्साह के साथ जुड़ भी रहे हैं। मौके पर संगठन से जुड़े सतीश यादव, सोनू खान,पप्पू यादव,अमित कुमार, मनीष यादव,अभिषेक कुमार, आयुष कुमार, निलेश कुमार, मो. एजाज, आशीष यादव, मिट्ठू कुमार, मौसम कुमार, चंचल कुमार, राहुल यादव, गुलशन यादव आदि मौजूद थे।

## 'जय बजरंग बली' बोलकर करो वोट, दो कांग्रेस को सजा : नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कर्नाटक में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर कर्नाटक की पहचान बदलने की साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है और लोगों को कांग्रेस से सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, क्या कर्नाटक में कोई भी गाली संस्कृति को स्वीकार करता है? क्या कर्नाटक गाली देने वाले को माफ कर देता है? जब पोलिंग बूथ में बटन दबाओ तो जय बजरंग बली बोल कर इन्हें सजा दे देना। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को शांति और प्रगति का दुश्मन बताया। उन्होंने कहा कि शांति और प्रगति चाहने वाले लोग सबसे पहले अपने राज्य से कांग्रेस को बाहर करते हैं। कांग्रेस की पूरी राजनीति बांटो और राज करो पर आधारित है। कर्नाटक के लोगों ने खुद कांग्रेस का यह खौफनाक चेहरा देखा है। उन्होंने कहा कि लोग कर्नाटक में आतंक फैलाने की साजिश में गिरफ्तार होते हैं और कांग्रेस उन्हें बचाने आ जाती है। कांग्रेस देश विरोधियों पर दर्ज मुकदमे न केवल वापस ले लेती है, बल्कि उन्हें छोड़ भी देती है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को रिवर्स गियर कांग्रेस कहकर संबोधित किया और कहा कि आज पूरी दुनिया भारत में डेमोक्रेसी और डेवलपमेंट को देखकर उसे सम्मान दे रही है, लेकिन रिवर्स गियर कांग्रेस दुनिया भर में घूम-घूमकर देश को बदनाम कर रही है। कांग्रेस के चुनावी वादों को झूठ बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस दशकों के कुशासन से जन विश्वास खो चुकी है और अब झूठे आरोप और झूठी गारंटी ही उसका एकमात्र सहारा बचा है। कांग्रेस आज भी कर्नाटक की हर योजना में 85 प्रतिशत कमीशन खाने को तैयार बैठी है। गारंटी के नाम पर कांग्रेस ने धोखा दिया है। वहीं भाजपा ने आकर काम किया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 2004 में बिजली की गारंटी दी थी और 3-4 साल में देश के हर घर को बिजली देने का वादा किया था। लेकिन 2014 में भाजपा सरकार ने पाया कि 2.5 करोड़ से अधिक घरों में बिजली नहीं पहुंची है। भाजपा सरकार ने सौभाग्य योजना के जरिए बहुत कम समय के भीतर देश के हर परिवार को बिजली कनेक्शन दिया। जनसभा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि कर्नाटक में रेल और रोड बदहाल स्थिति में थी। भाजपा सरकार में एयरपोर्ट और आधुनिक रेलवे स्टेशन बन रहे हैं। भाजपा के पास कर्नाटक को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए भविष्य का रोड मैप है।

## 11 साल बाद भी बलवंत सिंह की दया याचिका पर गृह मंत्रालय ने नहीं लिया निर्णय

**11 साल बाद भी बलवंत सिंह की दया याचिका पर गृह मंत्रालय ने नहीं लिया निर्णय**

**नई दिल्ली(ईएमएस)।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका पर 11 साल बाद भी गृह मंत्रालय ने निर्णल नहीं लिया है। हालांकि दोषी बलवंत सिंह राजोआना को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। गौरतलब है कि उसने अपनी फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दया याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस संजय करोल की बेंच ने सक्षम अथॉरिटी (गृह मंत्रालय) से बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका पर निर्णय लेने के लिए कहा है। गौरतलब है कि बलवंत सिंह राजोआना लगभग 27 साल से जेल में बंद है। उसे 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के लिए अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। उसने 2012 में दया याचिका दाखिल की थी, जो केंद्र सरकार के पास लंबित है। गृह मंत्रालय की ओर से उसकी मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने पर कोई फैसला नहीं लिया है। हालांकि इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान बलवंत के वकील मुकुल रोहतगी ने दलील दी



थी कि दया याचिका को इतने लंबे समय तक पेंडिंग रखना उनके मुवक्किल के मूल अधिकारों का हनन है, लिहाजा कोर्ट को उसकी तत्काल रिहाई का आदेश देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार का जवाब मांगा था। केंद्र की तरफ से दाखिल हलफनामे में कानून-व्यवस्था बिगड़ने का हवाला दिया गया था। पिछली सुनवाई पर मुकुल रोहतगी ने राजोआना की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि बम ब्लास्ट में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की मौत हो गई थी। इस केस में जुलाई 2007 में बलवंत सिंह राजोआना को निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी, पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट ने 2010 में उसकी सजा को बरकरार रखा था, वह 27 साल से जेल में है और 2012 से उसकी दया याचिका लंबित है। मुकुल रोहतगी ने शीर्ष अदालत में कहा था कि राजोआना की उम्र 56 साल हो गई, जब घटना हुई थी उस समय वह युवा था। हम दया याचिका पर गृह मंत्रालय के फैसले का इंतजार नहीं कर सकते, सुप्रीम कोर्ट को मामले में अब फैसला सुनाना चहिए। यह अमानवीय है, विकल्प के रूप में अगर दया याचिका पर फैसला नहीं होता है, तब तक बलवंत सिंह राजोआना को पैरोल पर छोड़ा जा सकता है। दया याचिका पर फैसले में देरी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही अलग से की जा सकती है।

## एयर इंडिया ने विस्तारा एयरलाइंस के साथ एक इंटरलाइन साझेदारी की

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** टाटा की अगुवाई वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया (एआई) ने विस्तारा एयरलाइंस के साथ इंटरलाइन पार्टनरशिप समझौता किया है। इसके तहत एक एयरलाइन कंपनी दूसरी एयरलाइन की सेवाओं की बिक्री कर सकती है। इससे एयरलाइंस के ग्राहकों को कई सारी सहूलियतें मिलेंगी। एयरलाइन ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि यह साझेदारी एयर इंडिया के यात्रियों को विस्तारा के रूट नेटवर्क पर और विस्तारा के यात्रियों को एआई के व्यापक घरेलू और वैश्विक नेटवर्क पर निर्बाध यात्रा करने की सहूलियत देती है। एयर इंडिया और विस्तारा एयरलाइन आमतौर पर देश के विभिन्न एयरपोर्ट्स पर एक ही टर्मिनल से ऑपरेट करती हैं। ऐसे में दोनों एयरलाइंस के बीच इंटरलाइन पार्टनरशिप से इनके ग्राहकों को काफी फायदा होगा। एयर इंडिया के मुख्य



कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने कहा कि विस्तारा के साथ इंटरलाइन पार्टनरशिप करके हम बहुत खुश हैं। इससे एयरलाइंस के ग्राहकों को काफी सहूलियतें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि हम विस्तारा के ग्राहकों को एयर इंडिया द्वारा अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और मध्य पूर्व में यात्रा का विकल्प उपलब्ध करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इंटरलाइन पार्टनरशिप समझौता के तहत एआई और विस्तारा एयरलाइन एक दूसरे के चेक इन, बोर्डिंग पास की जांच और बैगेज चेक इन एक ही टिकट पर कर सकेंगे। साथ ही दोनों एयरलाइंस के ग्राहक आसानी से एक एयरलाइन से दूसरी एयरलाइन में ट्रांसफर ले सकेंगे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया पोलिंग पार्टी रवानगी और मतगणना स्थल का निरीक्षण



**मेरठ, (हि.स.)।** नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तैयारी में जुटा है। बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थलों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने बुधवार को विक्टोरिया पार्क और कृषक इंटर कॉलेज मवाना का निरीक्षण किया। उन्होंने विक्टोरिया पार्क में पोलिंग पार्टियों के रवाना होने संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना स्थल कृषक इंटर कॉलेज मवाना का निरीक्षण कर वहां की जा रही सभी तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को सभी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण, मुख्य विकास अधिकारी शशांक चौधरी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज वर्मा, एसडीएम मवाना अखिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाए : केशव प्रसाद मौर्य

**औरैया, (हि.स.)।** नगर निकाय चुनाव में यहां मतदान के लिए सिर्फ सात दिन का समय बचा है। भाजपा कार्यकर्ता सभी कामकाज छोड़कर पार्टी उम्मीदवारों को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए जी-जान से जुट जाएं। यह डबल इंजन की सरकार है। निकाय चुनाव में कमल खिलाकर इसे ट्रिपल इंजन की सरकार बना दीजिए। चुनाव में कमल खिलाने की जिम्मेदारी आपकी, विकास की जिम्मेदारी हमारी। यह बातें सपा-बसपा को निशाना बनाते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा की सरकारें जातिवाद, परिवारवाद और अपने लिए कार्य करती रहीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार सबके विकास के लिए कार्य कर रही है। सपा, बसपा, कांग्रेस आदि की सरकारें लूटने, मारपीट करने, आदि का काम करती रहीं। ये सरकारें लूटेंगी, मारेंगी, कानून व्यवस्था को भंग कर देंगी। इसलिए एक-एक वोट को भाजपा में डालकर हमें ट्रिपल इंजन वाली सरकार का कमल का फूल खिलाना है। यदि आप वोट डालने नहीं जाओगे तो गलत आदमी जीत सकता है। इसलिए सारे काम छोड़कर वोट डालने जरूर जाएं और कमल को वोट देकर ऐतिहासिक विजय दिलाएं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जो भाजपा से किनारा करके निर्दलीय या अन्य तरीकों से चुनाव मैदान में उतरे हैं, उनके खिलाफ पार्टी की नीतियों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उन्होंने बताया कि सौ में से साठ प्रतिशत तो हमारा (भाजपा) का है ही। बाकी में भी भाजपा की हिस्सेदारी है। क्योंकि भाजपा सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से पूरे प्रदेश और देश की प्रत्येक जनता को समान रूप से लाभ दिलाया गया है। केशव प्रसाद मौर्य ने अपील की कि जनपद की नगरपालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष पदों सहित पार्षद के सभी पदों पर उतरे भाजपा उम्मीदवारों को ऐतिहासिक जीत दिलाने का कार्य करना है। जीत के बाद पुनः आपके जनपद में आकर विकास की गंगा बहायेंगें। इस दौरान सांसद रामशंकर कठेरिया, सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडेय, प्रदेश मंत्री भाजयुमो सौरभ भूषण शर्मा, चुनाव प्रभारी श्रीकांत पाठक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू सेंगर, पूर्व चेयरमैन रानी पोरवाल, भाजपा उम्मीदवार आशा चक, रिचा राजपूत, जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्र, आशाराम राजपूत, यशवीर सिकरवार, मनोरमा, गीता गुप्ता आदि मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जनपद आगमन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। बुधवार को सुबह से ही अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर सिंह कुशवाहा, उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, तहसीलदार हरिश्चंद्र, नायाब तहसीलदार अभिनव वर्मा, सदर सीओ प्रदीप कुमार, विधूना सीओ महेंद्र प्रताप सिंह, अजीतमल सीओ भरत पासवान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण मिश्र, अछल्दा थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, दिबियापुर थानाध्यक्ष आरके रस्तोगी, विधूना कोतवाली प्रभारी रामसहाय पटेल आदि बाबरपुर कस्बा स्थित उपमंडी समिति में बनाए हेलीपैड के आसपास से लेकर जनसभा स्थल त्रिवेदी गेस्ट हाउस तक पैनी नजरों रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहें। वहीं जिलाधिकारी पी० सी० श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था परखी।

# ईडी के पूछताछ में त्रिदिप मिश्रा ने दी कई जानकारियां




**रांची, (हि. स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जमीन घोटाले में मनी लॉड्रिंग के तहत जांच कर रही हैं। इस मामले की जांच के दौरान ईडी ने मंगलवार को कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदिप मिश्रा से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान मिश्रा ने ईडी को कई जानकारियां दी है । विनय मिश्रा के लगभग नौ घंटे तक पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईडी ने त्रिदिप मिश्रा से पूछा कि तीन महीने पहले ईडी ने वहां सर्वे किया था और इस बात का खुलासा किया था कि वहां से मिले जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी कर उसी दस्तावेज पर रांची में जमीन की खरीद-बिक्री की गई है। इस मामले में ईडी ने उन्हें लिखित शिकायत भी की थी। इसके बाद उन्होंने क्या कदम उठाया, क्या कोई प्राथमिकी दर्ज कराई ? इसपर त्रिदिप मिश्रा ने कहा कि ईडी से जालसाजी की जानकारी मिली तो उसे कोलकाता के आइजी रजिस्ट्री को बताया था। एफआइआर दर्ज नहीं करने से संबंधित सवाल पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। पूछताछ के दौरान ईडी को त्रिदिप मिश्रा से पूछताछ में वहां के रजिस्ट्री कार्यालय के कुछ अन्य अधिकारियों-कर्मियों के बारे में जानकारी मिली है। उन सभी लोगों से भी पूछताछ कर सकती है। त्रिदिप मिश्रा से पूछताछ के दौरान आए तथ्यों के आधार पर ईडी जल्द ही कोलकाता के आईजी रजिस्ट्री से पूछताछ करने के लिए समन भेजकर बुला सकती है। उल्लेखनीय है कि रांची में सेना की जमीन की खरीद-बिक्री में कोलकाता से फर्जी दस्तावेज बनाकर की गई गड़बड़ी की जांच में ईडी आगे बढ़ी तो रांची में सैकड़ों एकड़ जमीन की डील में गड़बड़ी सामने आई है । रांची में एक गिरोह सक्रिय है, जो कोलकाता जाकर रांची की जमीन का फर्जी पेपर तैयार करता है, उसकी रजिस्ट्री कोलकाता में ही करायी जाती है। इस पूरे फजीर्वाड़े में आला अधिकारियों के साथ-साथ अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मचारियों की बड़ी भूमिका होती है। ईडी ने जांच में पाया है कि जमीन घोटाला कर सरकारी अफसरों, कर्मियों के साथ-साथ माफियाओं ने अरबों की कमाई की है। जमीन घोटाला मामले की जांच के दौरान ईडी ने पाया था कि दोनों ही जमीन की खरीद बिक्री फर्जी दस्तावेज के माध्यम से की गई है। इसके लिए कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे गये दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ की गयी थी।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नीतीश ओडिशा और झारखंड का करेंगे दौरा



**पटना,(हि.स.)।** लोकसभा-2024 की तैयारी को लेकर सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से जोर-आजमाईश कर रहे हैं। इसी कड़ी में बिहार के मुख्यमंत्री भी लगातार विपक्षी एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से नेताओं के साथ मेलजोल बढ़ा रहे हैं। इसकी कड़ी बिहार के सीएम शुक्रवार को ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात करने जा सकते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात कर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर सकते हैं। इससे पहले नीतीश कुमार दिल्ली में तीन दलों के नेताओं से मुलाकात की थी। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दिल्ली के सीएम केजरीवाल और फिर वाम दलों के नेता सीताराम येचुरी और डी राजा से मुलाकात की थी और 2024 की तैयारी के मद्देनजर रणनीति को पुख्ता किया था। नीतीश कुमार के झारखंड दौरे से पहले मंगलवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने रांची में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी और कई मुद्दों पर चर्चा की। वैसे जहां-जहां नीतीश जा रहे हैं, ललन सिंह भी उनके साथ रहते हैं। फिर चाहे नीतीश का दिल्ली दौरा रहा हो, या फिर बंगाल और उ.प्र. दौरा। इसके साथ नीतीश कुमार के साथ तेजस्वी यादव भी दौरे पर साथ नजर आते हैं। सीएम नीतीश बंगाल के सीएम ममता बनर्जी और उ.प्र. के पूर्व सीएम अखिलेश यादव से भी मुलाकात की है। बीते दिनों पत्रकारों से बातचीत में नीतीश ने कहा था कि कर्नाटक चुनाव के बाद कभी भी विपक्षी दलों की बड़ी बैठक पटना में हो सकती है। क्योंकि, ममता बनर्जी ने न ये अपील की थी कि विपक्षी दलों की पहली बैठक वहीं हो जहां से जेपी का आंदोलन शुरू हुआ था। नीतीश ने भी इशारों-इशारों में पटना में बैठक पर सहमति जताई है। ऐसे में देखना होगा कि नीतीश कुमार जिस तरह विपक्षी दलों के नेताओं से मैराथन बैठक कर रहे हैं। इनका असर विपक्षी एकता पर कितना पड़ेगा।

# उप्र में अब किसी भी विकास योजनाओं में जाति एवं मजहब नहीं पूछा जाता : योगी आदित्यनाथ

**बिना भेदभाव के गरीब कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाया : योगी आदित्यनाथ**
**-संतकबीरनगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की चुनावी सभा**



**संतकबीरनगर, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) की डबल इंजन की सरकार ने संतकबीर नगर के समाज में समता, सद्भावना की मूल्यों की स्थापना के लिए बड़े कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया है। इसी का नतीजा है कि आज मगहर स्वर्ग जैसा लगने लगा है। यहां संस्कृति के उत्थान के साथ-साथ चारों तरफ विकास के कई काम हुए हैं। केंद्र और यूपी सरकार की एक जैसी स्पीड है, इसलिए हम लगातार विकास की योजनाओं को चला रहे हैं। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। वह संतकबीरनगर में बुधवार को एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने बिना भेदभाव के गरीब कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का काम किया है। किसी भी विकास योजना में किसी का मजहब नहीं पूछा गया। यही कारण है कि आज हर मजहब खुशहाल है। सबका विकास हो रहा है। मगहर क्षेत्र में भी एक तरफ जहां उद्योग धंधे चल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ खेल मैदान बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने से पहले चीनी मिलें बंद हो गयी थीं। किसान गन्ना की बुआई के बाद उसे बेचने के लिए परेशान हो जाता था। गन्ना बेचने के बाद भी उसे उसकी कीमत नहीं मिल पाती थी। डबल इंजन की सरकार आते ही चीनी मिलें चालू कराई गयीं। आज गन्ना बेचने के साथ ही किसानों को मूल्य मिलना शुरू हो जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मगहर क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे ने विकास की रफ्तार बढ़ा दी। आज हर क्षेत्र में यहां काम चल रहा है। यही कारण है कि हर तरफ लोगों में खुशहाली देखने को मिल रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर का काम चतुर्दिक देखने को मिल रहा है। युवाओं के लिए खेलने के मैदान बन रहे हैं। स्टेडियम तैयार किया जा रहा है। गरीब कल्याण योजनाओं के तहत दो करोड़ गरीबों को शौचालय उपलब्ध कराये गये। इसी तरह गरीबों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि चतुर्दिक विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी है, आने वाले समय भाजपा के उम्मीदवार को अपना मत देकर भारी मतों से विजयी बनायें।

# नगर पालिका अध्यक्ष के लिए प्रतिष्ठा दांव पर, किसके सिर सजेगा ताज




**जौनपुर, (हि.स.)।** निकाय सामान्य निर्वाचन के तहत अब चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की स्थिति साफ होने के बाद संकेत भी मिलने लगा है कि चेयरमैन का ताज किसके सिर सजेगा। इसके तहत जौनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की बात की जाये तो यहां पर प्रमुख राजनैतिक दलों सहित निर्दल कुल 09 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सभी मतदाताओं को अपने तरफ आकर्षित करने में साम, दाम, दंड, भेद का सहारा लेकर अपनी नैया पार लगाने में जुटे हैं। मुख्यालय के 39 वार्डों में 229 महिला पुरूष सभासद बनने के लिए मतदाताओं के दर पर मत्था टेकते नजर आ रहे हैं। अध्यक्ष के लिए प्रमुख दलों के प्रत्याशियों की बात करें तो सत्तारूढ़ दल भाजपा ने मौर्य समाज पर दांव लगाते हुए बीजेपी के पूर्व सभासद डॉ राम सूरत मौर्य की पत्नी मनोरमा मौर्या को प्रत्याशी बनाया है। बसपा से निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर माया टंडन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर दिनेश टंडन की पत्नी एक बार फिर चुनाव में पूरी ताकत से ताल ठोंकते हुए मतदाताओं के यहां दस्तक दे रहीं है। सपा की बात करें तो सपा ने चुनाव में आने का कोरम पूरा करते हुए उषा जायसवाल पत्नी श्रवण जायसवाल को चुनाव मैदान में उतारा है। सोनू जायसवाल समाजवादी पार्टी के काफी पुराने नेता हैं साथ ही व्यापारी वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्तमान में नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष भी हैं। वहीं आम आदमी पार्टी ने नगर पालिका के हर चुनाव में दल बदलने वाली डॉ चित्रलेखा सिंह कर्मचारी नेता निखिलेश सिंह को चुनाव मैदान में खड़ा कर दिया है। उल्लेखनीय है कि चुनाव घोषित होने तक डॉ चित्रलेखा सिंह समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय महिला सचिव रही है। कांग्रेस ने भी अल्पसंख्यक समुदाय पर दांव लगाते हुए दरख्शा खातून पत्नी इश्त्याक को अपना प्रत्याशी बनाया है।

# घूंघट और बुर्का वाली मतदाताओं की पहचान करेंगी महिलाकर्मी



**लखनऊ, (हि.स.)।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के 770 मतदान केन्द्र की संरचना में महिला मतदान कर्मियों (बूथ स्तर अधिकारी) को भी तैनात किया गया है। इनका काम सिर्फ उन महिलाओं को चिन्हित करना होगा जो घूंघट और बुर्का पहनकर वोट के लिए मतदान स्थल पर पहुंचेंगी। नगरीय निकाय चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया जाए इसके लिए सारी तैयारियां की जा चुकी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मतदान केन्द्रों पर जल व्यवस्था, स्वच्छता व्यवस्था, बूथ पर सजग मतदान कर्मी की व्यवस्था जैसे तैयारियों पर अंतिम मोहर लगाई। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा है। इसके साथ ही फर्जी वोट न पड़े, इसके लिए मतदान केंद्र पर उन मतदाता महिला कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है, जो मतदान के लिए घूंघट और बुर्का पहनकर आएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया को बुधवार बताया कि मतदान केन्द्रों पर मोबाइल फोन जैसे उपकरण नहीं ले जाया जा सकता है। इसके अलावा दो सौ मीटर के दायरे में कोई अन्य व्यक्ति नहीं जा सकता है। दो सौ मीटर के बाहर तक या मतदान केन्द्र के चलित मार्ग तक वाहनों को लाया जा सकता है। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर वाहनों को चलित मार्ग तक चलने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में मतदान कराने की पूरी तैयारी हो चुकी है। मतदान केन्द्रों को संवेदनशील, अतिसंवेदनशील और अतिसंवेदनशील प्लस के अनुसार बांटा गया है। इसमें 75 अतिसंवेदनशील प्लस, 145 अतिसंवेदनशील और 114 संवेदनशील मतदान केन्द्र बनाये गए हैं। अतिसंवेदनशील प्लस की सुरक्षा में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात किया गया है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का नोटिस भेजा



**रांची, (हि. स.)।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को अधिवक्ता प्रकाश झा के माध्यम से विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का नोटिस भेजा है। झूठे और फर्जी वायरल वीडियो और कथित प्रतिबंधित पिस्टल रखने के सरयू राय के आरोप पर स्वास्थ्य मंत्री ने यह कदम उठाया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी प्रोत्साहन राशि के झूठे आरोप के जवाब में भी मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानहानि का मुकदमा सरयू राय पर दर्ज कराया था, जो न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। इसके बाद इस तरह मानहानि का यह दूसरा मामला है। सरयू राय पर आरोप है कि वह हमेशा विभिन्न मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से मंत्री बन्ना गुप्ता पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाते हैं। इससे उनकी राजनीति और सामाजिक छवि खराब हो रही है। इस तरह के दुष्प्रचार में वह अपने सोशल मीडिया के ट्विटर और फेसबुक अकाउंट का भी इस्तेमाल करते हैं। इससे पूर्व मंगलवार को विधायक सरयू राय ने राज्यपाल से मिलकर स्वास्थ्य मंत्री के अश्लील वीडियो और हथियार रखने के मामले पर कार्रवाई करने की मांग की थी।

# हाई कोर्ट का निर्देश, एक सप्ताह में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पर निर्णय लें




**रांची,(हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की बेंच में बुधवार को सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने नाराजगी जताई कि प्रतिपक्ष के नेता के नहीं रहने के कारण कई वैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति नहीं हो पा रही है। दलबदल का मामला विधानसभा स्पीकर के न्यायाधिकरण में अभी तक लंबित पड़ा हुआ है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 मई निर्धारित की है। कोर्ट ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष या सबसे बड़े विरोधी दल के नेता के चुनाव का मसला हल करें, अन्यथा विधानसभा के सचिव को अगली सुनवाई के दिन सशरीर हाजिर होना होगा। एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर हाई कोर्ट हुई। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की। याचिकाकर्ता राजकुमार की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा और नवीन कुमार ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों की नियुक्ति एवं झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन ने जनहित याचिका दाखिल की है।

# फारबिसगंज कॉलेज में छात्र राजद ने चलाया सदस्यता अभियान




**अररिया,(हि.स.)।** फारबिसगंज कॉलेज में छात्र राजद की ओर से एकदिवसीय सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान मुख्य रूप से छात्र नेता राणा यादव के नेतृत्व में चलाकर सैकड़ों छात्रों को छात्र राजद की सदस्यता दिलाई गई। छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव के निर्देश पर छात्र राजद की ओर से बुधवार को अभियान चलाया गया। मौके पर अररिया छात्र राजद के पूर्व प्रवक्ता अभिनव किरण ने कहा कि फारबिसगंज कॉलेज फारबिसगंज में छात्र राजद को सशक्त बनाने और शैक्षणिक माहौल को सृजित करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक संख्या में छात्र राजद से छात्र छात्राओं को जोड़ा जा रहा है।उन्होंने कहा कि छात्र राजद की ओर से छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर हमेशा से मुखर आवाज उठाती रही है।यही कारण है कि छात्र राजद संगठन से युवा साथी उत्साह के साथ जुड़ भी रहे हैं। मौके पर संगठन से जुड़े सतीश यादव, सोनू खान,पप्पू यादव,अमित कुमार, मनीष यादव,अभिषेक कुमार, आयुष कुमार, निलेश कुमार, मो. एजाज, आशीष यादव, मिट्ठू कुमार, मौसम कुमार, चंचल कुमार, राहुल यादव, गुलशन यादव आदि मौजूद थे।

# सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी करवाई करेगी सरकार: सुनील कुमार




**पटना,(हि.स.)।** मद्य निषेध विभाग के मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सासाराम में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ विधि सम्मत करवाई हो रही है। प्रशासनिक अनुसंधान में मिले पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर ही आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। बिहार में कानून का राज कायम है और कानून अपने हिसाब से काम कर रही है। भाजपा द्वारा इसको राजनीतिक रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण है। मंत्री बुधवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। विपक्षी एकता पर पत्रकारों के सवाल का उत्तर देते हुए मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि देश की सभी विपक्षी दलों के साथ हमारी बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार सभी पार्टियों के प्रमुख नेताओं से भी मिल रहे हैं। निश्चित तौर पर इस पहल का अच्छा परिणाम निकलेगा। भाजपा के खिलाफ पूरे देश में एक माहौल बना हुआ है। केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रही है। जनता से जुड़ी समस्याओं से इन्हें कोई सरोकार नहीं है। नफरत और धार्मिक तुष्टीकरण के सहारे ये लोग जनता को गुमराह करना चाहते हैं। गोआ के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि बिहारियों के विषय में गोआ के मुख्यमंत्री का बयान बेहद निराशाजनक और निंदनीय है। उन्होंने बिहार और बिहारियों को अपमानित किया है। एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को मयार्दा और अनुशासन का ख़्याल रखना चाहिए। उन्हें बिना विलंब किए बिहारी समाज से माफी मांगनी चाहिए।

## संपादकीय

# पुराने एजेंडे का घोषणापत्र

**जनसंघ** के दौर से तीन बुनियादी मुद्दे रहे हैं-अयोध्या में राम मंदिर, अनुच्छेद 370 को समाप्त करना और समान नागरिक संहिता। पार्टी का रूपांतरण भाजपा के तौर पर हुआ, तो यह पुराना एजेंडा बरकरार रखा गया। अयोध्या में प्रभु राम का भव्य मंदिर आकार ले रहा है और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 संसद के जरिए समाप्त किया जा चुका है। हालांकि यह मामला अभी सर्वोच्च अदालत में विचाराधीन है। अब भाजपा समान नागरिक संहिता को लागू करने पर आमादा है। यानी एक देश, एक कानून। कर्नाटक के चुनाव घोषणा पत्र में भी इसे रखा गया है। भाजपा ने उत्तराखंड, हिमाचल, उप्र, मप्र, गुजरात और असम आदि राज्यों में समान नागरिक संहिता के संदर्भ में या तो कमेटी का गठन किया गया है अथवा कोई प्रस्ताव विचाराधीन है। हिमाचल को छोड़ कर शेष राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने भी इस मुद्दे पर आश्वासन दिया है, तो महाराष्ट्र के एक भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को, इसी संदर्भ में मांग करते हुए, पत्र लिखा है। दरअसल जब-जब चुनाव आते हैं, तो समान नागरिक संहिता का आश्वासन गरमाने लगता है। अलबत्ता केंद्र में बीते 9 साल से भाजपा की मोदी सरकार कार्यरत है, लेकिन न तो विधि आयोग से यह मुद्दा पारित कराया गया, न आयोग की कोई अनुशंसा है और न ही राज्य सरकारों से परामर्श किया गया है। वैसे यह मामला समवर्ती सूची में है। केंद्र और राज्य सरकारें अपने स्तर पर इसे लागू कर सकती हैं। सर्वोच्च अदालत भी इसे लागू करने की बात कह चुकी है। अब एक टीवी साक्षात्कार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कहा है कि हम बिल ला सकते हैं। बहरहाल उसके लिए संसद सत्र का इंतजार करना पड़ेगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव तक समान नागरिक संहिता को गरमाए रखेगी। फिर चुनाव के बाद देखा जाएगा। कर्नाटक में समान नागरिक संहिता के साथ-साथ भाजपा ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की भी घोषणा की है। आश्चर्य है कि दक्षिण के किसी भी राज्य का अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर नहीं है, तो अवैध घुसपैठियों या प्रवासियों की पहचान के लिए कर्नाटक में एनआरसी लागू करने की घोषणा क्यों की गई है? यह बेहद विवादास्पद और मुसलमानों में भय पैदा करने वाली घोषणा है। असम के स्तर पर इसका प्रयोग किया जा चुका है। उसमें कई विरोधाभास और विसंगतियां सामने आई थीं। मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा। समान नागरिक संहिता और एनआरसी के जरिए और अन्य घोषणाओं के तहत भाजपा ने कर्नाटक में भी 'हिन्दुत्व' पर फोकस रखा है। पार्टी ने 2500 करोड़ रुपए से 5 सर्किट बनाने का वायदा किया है-परशुराम के 3 सर्किट, गंगापुरा सर्किट और कावेरी सर्किट। इनके अलावा, गोवध प्रतिबंध कानून और जबरन धर्मांतरण कानून को अधिक सख्त बनाने की भी घोषणा की गई है। भाजपा ने 'मंदिर अर्थव्यवस्था' की सोच के तहत मंदिरवादी लोगों की अपेक्षाओं और मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। मंदिर परिसरों में या उनके बाहर मुसलमानों के कारोबार और त्योहारों के दौरान दुकानें स्थापित करने पर पाबंदी लगाई जाए, कर्नाटक के मंदिरवादी हिन्दुओं की यह मांग तो पूरी तरह 'असंवैधानिक' है। अभी हमने मुफ्तखोरी की रेवडियों पर टिप्पणी नहीं की है, क्योंकि उस 'हम्माम' में सभी दल नंगे हैं। भाजपा, कांग्रेस और जद-एस सभी ने चुनाव में रेवडियां बांटने की घोषणाएं की हैं। बेशक वे जन-कल्याण का दावा करें, लेकिन वे रेवडियां ही हैं। दक्षिण के राज्यों की तुलना में कर्नाटक में मानव विकास सूचकांक-स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण आदि-पिछड़ा हुआ है। उसके बावजूद रेवडियों की राजनीति की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी चुनावी जनसभाओं में या अन्य मंचों पर इस मुद्दे पर चिंता लगातार व्यक्त करते रहे हैं। उनका आकलन है कि राज्यों पर जिस तरह कजर्.के बोझ बढ़ रहे हैं, उससे देश की समूची अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। लेकिन रेवडियां बांटी जा रही हैं अथवा हिन्दुत्व, मुस्लिम आरक्षण, निजी क्षेत्र में भी आरक्षण, स्कूटी, साईकिल, नकदी, किसानों के लिए 30,000 करोड़ रुपए का फंड आदि के सुनहरी जुमले परोसे जा रहे हैं। यह कैसी है सियासत... ? सभी दल मुफ्त की रेवडियों के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। विकास का यह कोई उचित मॉडल नहीं है।

> भाजपा, कांग्रेस और जद-एस सभी ने चुनाव में रेवडियां बांटने की घोषणाएं की हैं। बेशक वे जन-कल्याण का दावा करें, लेकिन वे रेवडियां ही हैं। दक्षिण के राज्यों की तुलना में कर्नाटक में मानव विकास सूचकांक-स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण आदि-पिछड़ा हुआ है। उसके बावजूद रेवडियों की राजनीति की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी चुनावी जनसभाओं में या अन्य मंचों पर इस मुद्दे पर चिंता लगातार व्यक्त करते रहे हैं। उनका आकलन है कि राज्यों पर जिस तरह कजर्.के बोझ बढ़ रहे हैं, उससे देश की समूची अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। लेकिन रेवडियां बांटी जा रही हैं अथवा हिन्दुत्व, मुस्लिम आरक्षण, निजी क्षेत्र में भी आरक्षण, स्कूटी, साईकिल, नकदी, किसानों के लिए 30,000 करोड़ रुपए का फंड आदि के सुनहरी जुमले परोसे जा रहे हैं।

### बैंक को खरीदने वाले जेपी मॉर्गन ग्रुप के अनुसार उसने एफआरबी के एसेट्स का बड़ा हिस्सा खरीद लिया

# क्यों डूब रहे हैं अमरीकी बैंक

डा. वरिंद्र भाटिया

> भारत का बैंकिंग सेक्टर इसको हलके से नहीं ले सकता है। अमरीका के बैंकिंग इतिहास में दूसरी बार बैंकों में इस तरह की स्थिति सामने आई है।इससे पहले साल 2008 में अमरीका ने सबसे बड़ा बैंकिंग सेक्टर का बुरा हाल देखा था। उस समय बैंकिंग फर्म लेहमन ब्रदर्स ने खुद को डिफॉल्टर घोषित कर दिया था, जिसके बाद अमरीका के साथ पूरी दुनिया में मंदी छा गई थी। इस दौरान अमरीका की इकोनॉमी की कमर टूट गई थी। यह जानना जरूरी है कि आखरि अमरीका में ऐसा क्या हुआ कि यहां एक के बाद एक बैंक खाक होते जा रहे हैं। आईये इस आर्थिक मुद्दे की गहराई में जाएं। सबसे पहले नकदी संकट से जूझ रहा अमरीका का फर्स्ट रिपब्लिक बैंक बंद हो गया है।

**अमरीका** के बैंकिंग सेक्टर में मुसीबतों का दखल जारी है। यहां एक के बाद एक नामी बैंक खलास होते जा रहे हैं। हाल ही में अमरीका में एक और नामचीन प्राइवेट बैंक डूब गया। अमीर लोगों की जरूरतों को पूरा करने वाला अमरीका का मशहूर बैंक फर्स्ट रिपब्लिक बैंक भी बिक गया है। इस बैंक को जेपी मॉर्गन ग्रुप ने खरीद लिया है। बीते कुछ महीनों में अमरीका में तीन बड़े बैंक डूबे हैं। इन बैंकों के डूबने से दुनिया भर में हलचल मची है। ग्लोबल अर्थजगत में भी चिंता की लहर है। अमरीकी आर्थिक संकट का असर पूरी दुनिया पर पडने की आशंका जताई जा रही है। भारत का बैंकिंग सेक्टर इसको हलके से नहीं ले सकता है। अमरीका के बैंकिंग इतिहास में दूसरी बार बैंकों में इस तरह की स्थिति सामने आई है। इससे पहले साल 2008 में अमरीका ने सबसे बड़ा बैंकिंग सेक्टर का बुरा हाल देखा था। उस समय बैंकिंग फर्म लेहमन ब्रदर्स ने खुद को डिफॉल्टर घोषित कर दिया था, जिसके बाद अमरीका के साथ पूरी दुनिया में मंदी छा गई थी। इस दौरान अमरीका की इकोनॉमी की कमर टूट गई थी। यह जानना जरूरी है कि आखिर अमरीका में ऐसा क्या हुआ कि यहां एक के बाद एक बैंक खाक होते जा रहे हैं। आईये इस आर्थिक मुद्दे की गहराई में जाएं। सबसे पहले नकदी संकट से जूझ रहा अमरीका का फर्स्ट रिपब्लिक बैंक बंद हो गया है। इस बैंक को खरीदने वाले जेपी मॉर्गन ग्रुप के अनुसार उसने एफआरबी के एसेट्स का बड़ा हिस्सा खरीद लिया है। इसके पास बैंक की कुछ देनदारियां भी आ गई हैं। बंद हुए अमरीका के फर्स्ट रिपब्लिक बैंक की शाखाएं 8 राज्यों में फैली थी। अमरीकी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फर्स्ट रिपब्लिक बैंक की अमरीका के 8 राज्यों में 84 ब्रांचें थी। जेपी मॉर्गन ग्रुप द्वारा खरीदे जाने के बाद अब इन सभी राज्यों में फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के बदले जेपी मॉर्गन चेस बैंक की शाखाएं दोबारा खुलेंगी। फर्स्ट रिपब्लिक बैंक अमरीका के अमीर लोगों की जरूरतों को पूरा करने वाला फेमस प्राइवेट बैंक था। यह वेंचर कैपिटल फर्म्स पर फोकस्ड सिलिकॉन वैली बैंक की तरह ही था, जो मार्च में गिर गया था। अमरीका में मार्च 2023 से अभी तक तीन बैंक डूबे हैं। फर्स्ट रिपब्लिक बैंक से पहले मार्च में सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक डूब गए थे। इन तीनों बैंकों के डूबने के पीछे नकदी संकट को कारण बताया जा रहा है। फर्स्ट रिपब्लिक बैंक को बीते वर्षों में कई बार




बेचा और खरीदा गया। साल 2007 में मेरिल लिंच एंड कंपनी ने 1.8 अरब डॉलर में फर्स्ट रिपब्लिक बैंक को खरीदा था। इसके बाद 2009 में इसे बैंक ऑफ अमेरिका ने खरीदा। इसके बाद साल 2010 में इन्वेस्टमेंट फर्म जनरल अटलांटिक और कॉलोनी कैपिटल ने इसे 1.86 अरब डॉलर में खरीदा। इसके बाद इसे पब्लिक कर दिया गया था। अमरीकी बैंकिंग सेक्टर में आए संकट को समझने के लिए सिलिकॉन वैली बैंक का उदाहरण सटीक है। इस संकट के कारण तबाह होने वाला सिलिकॉन वैली बैंक अमरीका का पहला बैंक था। बैंकिंग सेक्टर को समझने वाले एक्सपर्ट बताते हैं कि सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने की वजह बैंक के कुछ गलत फैसले थे। दरअसल सिलिकॉन वैली बैंक उन स्टार्टअप को भी कर्ज देता था जिन्हें कोई दूसरा बैंक हाथ तक नहीं लगाता था। 2021 में शेयर बाजारों में तगड़ा बूम आया और ब्याज दरें लगभग जीरो हो गईं। शेयर बाजार में आए बूम के बाद टेक स्टार्टअप्स के पास बहुत सारा पैसा आया, जिसे कई स्टार्टअप ने सिलिकॉन वैली बैंक में जमा कर दिया। बैंक ने भी उन पैसों को लंबी अवधि के बॉन्ड में निवेश किया। पिछले साल जब ब्याज दरें बढ़ीं तो बॉन्ड्स अपनी वैल्यू गंवाने लगे जिसके बाद टेक स्टार्टअप्स अपने पैसे निकालने लगे। इससे बैंक को अपने बॉन्ड्स को नुकसान में बेचना पड़ा। नुकसान बढने लगा तो कंपनी के शेयर की कीमत गिरने लगी। इस सिलसिले के कुछ ही दिनों बाद सिलिकॉन वैली बैंक दिवालिया हो गया। सिलिकॉन वैली बैंक का बंद होना अमरीकी इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा दिवाला है। इससे पहले 2008 में वॉशिंगटन म्यूचुअल को अमरीका का पहला सबसे बड़ा बैंक दिवाला माना जाता है। आगे की कहानी जानें तो सिलिकॉन वैली बैंक के कुछ ही दिन बाद न्यूयॉर्क के सिग्नेचर बैंक की हालत खराब होने लगी। सिग्नेचर एफटीएक्स बैंक क्रिप्टो एक्सचेंज के पतन के साथ चर्चा में आया था। एफटीएक्स के सिग्नेचर बैंक में खाते थे। साल 2018 में ही ये बैंक क्रिप्टो असेट्स के डिपोजिट के बिजनेस में उतरा था। बैंक के लिए यही फैसला डूबाने वाला साबित हुआ। क्रिप्टोकरंसी में डील करने वाला एक अन्य बैंक सिल्वर गेट हाल ही में डूबा है। अमरीकी बैंकिंग सेक्टर के संकट का दुनिया पर क्या असर पड़ेगा? एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर अमरीकी शेयर बाजार में कोई हलचल होती है तो उसका असर दुनिया के अन्य देशों पर भी पड़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मंदी की आहट नहीं है। लेकिन अगर अमरीकी सरकार सिलिकॉन वैली को जल्द रिवाइव नहीं करती है तो स्टार्टअप की दुनिया में बड़ी उठापटक देखने को मिल सकती है। स्टार्टअप्स के पास पैसों का संकट आएगा, जिससे छंटनी का दौर शुरू हो सकता है। अमरीकी बैंकिंग सेक्टर की मंदी का भारतीय बाजारों पर कुछ समय के लिए असर देखा जा सकता है। लेकिन इसका असर ऐसा नहीं होगा कि अमरीका जैसे भारत में बैंक डूबने लगें। इसका कारण बताते हुए एक्सपर्ट ने कहा कि भारत के बैंकों का सिलिकॉन वैली बैंक से कोई भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष नाता नहीं है। भारतीय बैंकिंग सेक्टर में घरेलू निवेश है, जिन्हें सरकारी सिक्योरिटीज में निवेश किया गया है। यह मजबूत है, साथ ही भारतीय बैंकिंग सिस्टम को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रेगुलेट किया जाता है। ऐसे में सिलिकॉन वैली बैंक जैसी हालत भारत के किसी बैंक की नहीं होगी। भारतीय बैंकों के पास पर्याप्त असेट्स भी हैं, जिसकी वजह से यहां के बैंकिंग सिस्टम पर सिलिकॉन वैली बैंक के दिवालिया होने का असर नहीं होगा। दरअसल अमेरिकी फेडरल रिजर्व लगातार देश में बैंकिंग सेक्टर की ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी कर रहा है। ऐसे में जिन सेक्टरों में इन बैंकों का निवेश है, उन पर असर पड़ा है। इसके साथ ही निवेशकों ने इन बैंकों में निवेश से दूरी बना ली है। इसके साथ ही कई ऐसी कंपनियां भी हैं, जिन्हें इन बैंकों ने कर्ज दिया था। इन कंपनियों ने कर्ज वापस नहीं किया। ऐसे में इन बैंकों की स्थिति बिगड़ती जा रही है। ऐसा दूसरी बार हो रहा है जब अमरीका का बैंकिंग सेक्टर पूरी तरह से ध्वस्त होने जा रहा है। ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में दुनियाभर की इकोनॉमी आपस में जुड़ी है।

# युद्ध का किसी को लाभ नहीं होता

> यूएस और यूरोपीय अधिकारियों के अनुमान के अनुसार, यूक्रेन में युद्ध में लगभग 200000 रूसी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। यह संख्या बढने की संभावना है क्योंकि क्रेमलिन आने वाले हफ्तों में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। युद्ध के दौरान राजधानी में, लगभग 400 आवासीय इमारतें नष्ट और क्षतिग्रस्त हो गईं जिनमें से अधिकांश बहु-अपार्टमेंट इमारतें थीं, जिनकी कीमत एक बिलियन डॉलर थी। शत्रुता के परिणामस्वरूप, क्षतिग्रस्त और नष्ट बुनियादी ढांचे की वस्तुओं की संख्या में वृद्धि जारी है। सरकार या शासक के अपने मतलब के लिए होने वाले युद्ध से आम वर्ग की जनता को हावी नुकसान होता है, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पश्चिम के खलिाफ न्यायोचित युद्ध की कथा को आगे बढ़ा रहे हैं और असहमति की आवाजों को कुचल रहे हैं, जबकि उनके देश की अर्थव्यवस्था को प्रतिबंधों का दंश झेलना पड़ रहा है।हालांकि उनका प्रभाव उम्मीद से कहीं अधिक बारीक रहा है, आम जनता कभी भी युद्ध नहीं चाहती बल्कि यह तो उसे झेलना पड़ता है, वो तो अपने शासक के निजी कारणों की वजह से इसमें पिस जाती है।

**युद्ध** किसी भी देश के लिए लाभदायक सिद्ध नहीं होता है, बल्कि उससे मानवता को हानि और क्षति होती है। इसलिए युद्ध न केवल मृत्यु और विनाश का कारण बनते हैं बल्कि स्थायी शारीरिक और मानसिक चोट भी पहुंचाते हैं, जो अंत तक उन लोगों को परेशान करती रहेगी जो उनसे प्रभावित होते हैं। पृथ्वी पर जीवन अनमोल और अद्वितीय है। तार्किक रूप से, हम अपनी सभ्यता की प्रगति के ऐसे चरण में हैं कि हमें युद्धों के निहितार्थों को जानना चाहिए और उन्हें होने ही नहीं देना चाहिए। युद्धों में कोई वास्तविक विजेता नहीं होता है क्योंकि इसमें शामिल सभी पक्षों को परिणाम भुगतना पड़ता है जिसमें अक्सर दोनों पक्षों के हताहतों की संख्या अधिक होती है। जब भी युद्ध होता है, दोनों देशों को मानवीय मूल्यों से हाथ धोना पड़ता है। उन देशों की तो क्षति होती ही है, इसका असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है, चाहे वह आर्थिक तौर पर हो, राजनीतिक, सामाजिक या नैतिक तौर पर, युद्धों से होने वाली क्षति की कभी भी भरपाई नहीं हो पाती। रूस के द्वारा यूक्रेन के खिलाफ छेड़ा गया युद्ध अभी तक जारी है और फिलहाल इसका कोई परिणाम नहीं दिख रहा, परंतु एक बात निश्चित है कि इसका प्रभाव पूरे विश्व में पड़ रहा है। युद्ध चाहे कोई भी हो कौन सा भी हो लेकिन वह कभी भी किसी भी देश की लोकतांत्रिक, राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं होता। एक युद्ध जिन देशों के बीच में छिड़ता है केवल उनकी ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की शांति भंग करता है। इसका उदाहरण हमें यूक्रेन तथा रूस के युद्ध से मिल रहा है। यूएस और यूरोपीय अधिकारियों के अनुमान के अनुसार, यूक्रेन में युद्ध में लगभग 200000 रूसी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। यह संख्या बढने की संभावना है क्योंकि क्रेमलिन आने वाले हफ्तों में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। युद्ध के दौरान राजधानी में, लगभग 400 आवासीय इमारतें नष्ट और क्षतिग्रस्त हो गईं जिनमें से अधिकांश बहु-अपार्टमेंट इमारतें थीं, जिनकी कीमत एक बिलियन डॉलर थी। शत्रुता के परिणामस्वरूप, क्षतिग्रस्त और नष्ट बुनियादी ढांचे की वस्तुओं की संख्या में वृद्धि जारी है। सरकार या शासक के अपने मतलब के लिए होने वाले युद्ध से आम वर्ग की जनता को हावी नुकसान होता है, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पश्चिम के खिलाफ न्यायोचित युद्ध की कथा को आगे बढ़ा रहे हैं और असहमति की आवाजों को कुचल रहे हैं, जबकि उनके देश की अर्थव्यवस्था को प्रतिबंधों का दंश झेलना पड़ रहा है। हालांकि उनका प्रभाव उम्मीद से कहीं अधिक बारीक रहा है, आम जनता कभी भी युद्ध नहीं चाहती बल्कि यह तो उसे झेलना पड़ता है, वो तो अपने शासक के निजी कारणों की वजह से इसमें पिस जाती है। केवल एक व्यक्ति की वजह से जो कि स्वयं युद्ध लड़ता भी नहीं है उसकी वजह से लाखों बेकसूर लोगों की जान चली जाती है। न जाने कितने लोगों से उनका परिवार छिन जाता है और अगर जनता इसके खिलाफ कोई कदम उठाना चाहे तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता है तथा उन्हें देशद्रोही घोषित कर दिया जाता है। उदाहरण के लिए अगर आप यूक्रेन को लें तो यह देखने को मिलेगा कि यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध यूक्रेनी लोगों के लिए मानवीय, सामाजिक और आर्थिक संकट पैदा कर रहा है। सिर्फ यूक्रेन ही नहीं बल्कि रूस को भी बहुत हानि हो रही है लेकिन रूस युद्ध की आड़ में अंधा हो गया है। जिसे अपना और अपने लोगों का नुकसान नहीं दिख रहा, उसको अब हार मानने से होने वाली लज्जा अपने लोगों की जान से ज्यादा प्यारी है। इस पूर्ण पैमाने पर सैन्य आक्रमण के परिणाम वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति को बाधित कर रहे हैं। खाद्य और ऊर्जा की कीमतों में तेजी से वृद्धि कर रहे हैं और कोविड-19 महामारी से उबरने की धमकी दे रहे हैं। यूक्रेन युद्ध और उसके बाद रहने की लागत के संकट का मतलब है कि सबसे गरीब बच्चों के आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने की संभावना और भी कम है और बाल विवाह, हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार का खतरा अधिक है। कई लोगों के लिए बचपन की गरीबी जीवन भर रहती है। यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध शुरू होने के लगभग एक साल बाद इसने पश्चिम को एकजुट कर दिया है, लेकिन बाकी दुनिया के साथ बढ़ती हुई खाई को उजागर कर दिया है जो भविष्य की वैश्विक व्यवस्था की रूपरेखा को परिभाषित कर रही है। इसने युद्ध, लोकतंत्र और शक्ति के वैश्विक संतुलन के दृष्टिकोण में तीव्र भौगोलिक अंतर का खुलासा किया। रूस की आक्रामकता एक विश्व व्यवस्था के उद्भव को चिह्नित करने वाला एक ऐतिहासिक मोड़ हो सकता है। रूस द्वारा किए गए आक्रमण से भारत पर पश्चिमी गठबंधन और रूस के बीच चयन करने का दबाव पड़ेगा। रूस के साथ मजबूत संबंध बनाए रखना भारत के राष्ट्रीय हितों को पूरा करता है। भारत को रूस के साथ एक मजबूत रणनीतिक गठबंधन बनाए रखना है, परिणामस्वरूप भारत रूस को अलग-थलग करने के उद्देश्य से किसी भी पश्चिमी रणनीति में शामिल नहीं हो सकता है। भारत के लिए दो प्रत्यक्ष प्रभाव हुए हैं और दूसरा, लेकिन कोई कम महत्वपूर्ण, अप्रत्यक्ष प्रभाव नहीं है। शुरुआत के लिए, इसने ऊर्जा और उर्वरक दोनों के लिए हमारे आयात बिल को बढ़ा दिया। इन दोनों (और विश्व स्तर पर गेहूं की बढ़ती कीमत) ने भी विश्व स्तर पर बढ़ती मुद्रास्फीति में योगदान दिया है, भारतीय नीति निर्माताओं को वैश्विक दरों में वृद्धि के साथ मिलकर ब्याज दरों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है, शुद्ध परिणाम भारत के लिए उच्च मुद्रास्फीति और कम विकास, जबकि यूक्रेन युद्ध ने भारत की आर्थिक संभावनाओं पर दबाव डाला है। उसी युद्ध के परिणामस्वरूप पश्चिम भारत को चीन के खिलाफ एक संभावित भागीदार के रूप में देख रहा है। भारत का इस समय किसी भी मुल्क का पक्ष लेना बहुत कठिन है, एक तरफ यूक्रेन है जिसकी और बाकी बहुत सारे देश हैं, जिनके खिलाफ जाने की मूर्खता भारत नहीं कर सकता, और दूसरी और रूस है जिसने मुश्किल समय में भारत की सहायता की थी। विडंबना यह है कि अगर भारत किसी भी देश का पक्ष लेगा तो उसे भविष्य में दिक्कतें हो सकती हैं, इससे बचने का यही तरीका है कि भारत युद्ध से दूरी बनाए रखे।



## कुछ अलग

# मौसम की खुराफात

**चर्चा** का विषय यह है कि मौसम ने अपनी रुह से खुराफात शुरू कर दी। सरक रहे मिजाज ने अप्रैल के तेवर धो डाले और अब मई महीने के अगले कुछ दिन भी विराम नहीं। जलवायु परिवर्तन के विरोधी तेवर आसमान से जमीन और प्रकृति से मनुष्य तक सताने लगे हैं। पिछले महीने 63 फीसदी बारिश अगर ज्यादा बरस गई, तो इस उन्माद की बेवफाई से किसान का खेत और बागबान की उम्मीद पर कहर सा बरपा है। समय-समय पर ओलावृष्टि ने फलों की पैदावार को तहस-नहस ही नहीं किया, बल्कि सारी लागत को जख्म दिए हैं। ऋतु चक्र में आ रहे बदलाव को लेकर सारी चिंताएं बागबान-किसान तक सिमट रही हैं। यह वर्ग मौसम का चेहरा पढने की जितनी कोशिश कर रहा है, उससे कहीं विपरीत संबंधित विभाग व विश्वविद्यालय अपने पुराने ढर्रे और रूटीन वर्क से आगे ऐसी चुनौतियों का समाधान नहीं खोज रहे। खास तौर पर कृषि क्षेत्र में हिमाचल के हस्तक्षेप इतने पारंगत नहीं कि खेत में पकी फसल को ऐसी आपदाओं से बचा सके। किसान कभी रूठे आसमान से चंद बूंदों की अरदास करता है तो कभी भारी बरसात में खेत में बहती मेहनत को रोकने का प्रयास करता है। आश्चर्य यह कि मौसम के बिगड़े हालात के बावजूद राज्य की नीतियों में किसी रणनीतिक बदलाव की तड़प नहीं दिखाई देती, नतीजतन हर साल उभरते जख्मों के जखीरे पर कृषि उत्पादों की मायूसी बरकरार होने लगी है। हिमाचल में इस समय निचले क्षेत्रों में तबाही का आलम किसान के खेत से घर तक इसलिए भी है क्योंकि गेहूं का पूरा थ्रैशिंग सीजन मौसम की ऊहापोह में गुजर गया। ऐसे में वैज्ञानिक दृष्टि से समुचित हल की दिशा में प्रदेश के कृषि व बागबानी विश्वविद्यालयों को आगे बढना होगा। क्रॉप पैटर्न बदलने का दबाव एक सीमा तक किसान को समझ आता है, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि को प्रयोगशाला से खेत तक पहुंचाने की जिम्मेदारी में विभागीय प्राथमिकताएं बदलनी होंगी। मौसम की चुनौतियों के बीच मसला केवल खेती-बागबानी का नहीं, बल्कि जीवन शैली के उतार-चढ़ाव का भी है। शिक्षा क्षेत्र में स्कूली पढ़ाई के साथ नत्थी उस कैलेंडर का भी है, जिसके तहत वार्षिक अवकाश के तर्क अमूमन छात्रों के लिए प्रतिकूलता पैदा कर रहे हैं। जिस तरह सर्द ऋतु का विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए जीवन शैली में भी परिवर्तन लाने की चुनौती है। मौसम ने बाजार और व्यापार का आधार बदला है, तो उपभोक्ता मांग में बढ़ती कीमतों की फांस भी लगा दी है। जाहिर है बारिश ने फलोत्पादन के साथ-साथ मौसमी सब्जियों की पैदावार को जिस स्तर पर पहुंचा दिया है, वहां महंगाई का आलम आम आदमी के लिए कष्टदायक है। खास तौर पर असंगठित क्षेत्र के जरिए रोजगार कमा रहे लोगों के लिए मौसम की बेरुखी से नियमित कमाई पर प्रहार हो जाता है। पिछले काफी समय से बारिश और ठंड के प्रकोप ने हिमाचल की दिहाड़ी को ही नहीं, बल्कि विकास के लक्ष्यों पर भी प्रतिकूल असर डाला है। ऐसे में जीवन के हर पहलू में मौसम की खुराफात का आईना हमें भविष्य की चेतावनियां दे रहा है। पर्यावरण से छेड़छाड़ और विकास के नाम पर प्राकृतिक संतुलन के प्रति बरती जा रही कोताही का ही नतीजा है कि घर और घराट दोनों ही अपनी परंपराएं भूल कर, बर्बादी के अध्याय लिख रहे हैं। हो सकता है आगे चलकर मौसम कुछ समय गर्मी को दे दे या आगामी वर्षा ऋतु का चक्र भी उजाड़ दे, लेकिन इन अनिश्चितताओं के बीच यह राष्ट्रीय चिंतन व चिंता का विषय है कि बिगड़ते मौसम के कारणों पर गभीरता से विचार किया जाए और यथासंभव ऐसे विनाश की परछाइयों से बचने के उपायों पर अनुशासित ढंग से चला जाए।

## नागरिक बोध

# संवेदनाओं का सिमटता संसार

**कुछ** साल पहले विज्ञापन जगत में एक प्रचार-सूत्र काफी चर्चित हुआ था- 'कर लो दुनिया मुट्ठी में!' आज उसका विस्तार हम इस रूप में देख सकते हैं कि विश्व के नक्शे पर अब देशों का दायरा सिमट कर बहुत छोटा हो गया है। विज्ञान के रोज विस्तृत होते नए आयामों ने दुनिया को एक छोटे दायरे में ला खड़ा किया है। जहां तकनीकी रूप से देशों ने नई ऊंचाइयों को छुआ है, वहीं इसके कुछ असर भी अभी ही दिखाई देने लगे हैं। 'दुनिया मुट्ठी में' आने के बाद कहीं दूर के मंजिल तक पहुंचने के लिए रास्तों की तलाश के मौके तो खत्म हो गए हैं, लेकिन जीवन और प्रकृति की खूबसूरती की पहचान के मामले में हमारा युवा वर्ग दिशाहीन दिखाई पड़ता है। हमारे समाज में जो मानवीय मूल्यों की विरासत हमें संभाल कर रखनी थी, वे आज मरणासन्न अवस्था में दिख रही है। हालत यह है कि आज सामाजिक दिखावे के शौकीन माता-पिता के पास वक्त नहीं है कि वे भावी पीढ़ी यानी अपनी ही संतानों को मानवीय मूल्यों, प्रकृति और नैतिकता का पाठ पढ़ा कर उन्हें अपने और समाज के लिए सुसभ्य और शालीन बना सकें। वे अपने ही रिश्ते के दरमियान घुलती कड़वाहट को सहनशीलता और सौम्यता में बदलने में असमर्थ हैं और इसका सीधा प्रभाव बच्चों के कोमल मन को प्रभावित कर रहा है। आखिर कैसे यह हुआ कि आज इससे समाज का कोई भी वर्ग अछूता नहीं है, मगर अपने ही आने वाले वक्त को देख पाने में नाकाम हो रहा है। इंसान की रोजमर्रा की बदलती जिंदगी के उदाहरण से हर पल रूबरू हैं। जन्म के कुछ माह बाद ही छोटा बच्चा अभी ठीक से कुछ देखने-समझने लायक भी नहीं होता है कि उसके सामने स्मार्टफोन रख दिया जाता है। यहां कहने का मतलब यह है कि अब रिश्तों की जगह मोबाइल ने ले ली है, क्योंकि पहले जहां बड़े-बुजुर्गों का काम था बच्चों की देखभाल और सुरक्षा करना, आज बेटे-बहू तक को इसके लिए वक्त नहीं मिल पा रहा है। बच्चों के लिए जगह नहीं दिख रही है, मगर स्मार्टफोन में इनकी दुनिया बनाई जा रही है। कहा तो यह भी जाना चाहिए कि छोटे बच्चों को समझ नहीं होती, वे अपने बड़ों पर निर्भर होते हैं, इसलिए उनके सामने मोबाइल या कुछ भी रख दिया जाएगा, वे उससे प्रभावित होने लगेंगे। लेकिन हमारे किशोरों, बड़ों की हालत क्या है आज? क्यों अब रिश्तों की जमीन एक मोबाइल में तैयार होने लगी है? ऐसा क्यों है कि तकनीक के विस्तार के युग में जहां लोगों को करीब आना था, वहां वे पहले से ज्यादा दूर हो गए हैं, रिश्तों के दरमियान खाई और भी चौड़ी हो चली है। अब घरों में परिवार के नाम पर कहने को सदस्य तो हैं, लेकिन उनका आपस में मिलना-जुलना कम ही होता है। शाम के समय परिवार के सदस्य साथ होते थे और सब अपनी दिनचर्या का जिक्र करते थे, मगर आज के बदलते परिवेश में मोबाइल ने इंसान के वक्त को अपना गुलाम बना लिया है और लोगों के जज्बात को भी खत्म-सा कर दिया है।

## देश दुनीया से

# बुद्धिराम की बुद्धुत्व निर्माण यात्रा

**मित्रो!** ऐसा नहीं कि मैं बुद्धिराम सुपुत्र श्री बुद्धिप्रकाश अपने आरंभ से ही बुद्धुराम था। विवाह के बाद ही मैं भी बुद्धिराम से दूसरे बुद्धिरामों की तरह बुद्धुराम बना। विवाह पूर्व पूरा का पूरा, सिर से पांव तक इनकी उनकी सबकी नजरों में मैं बुद्धिराम ही था सोलह आने। इस मायागति ने मुझ बुद्धिराम से बुद्धुराम बना बुद्धुत्व की ऐसी निर्माण यात्रा करवाई कि...। और आज बुद्धुत्व धारण किए जो कुछ भी हूं, आपके सामने हूं। मोतीचूर का लड्डू खाते ही मुझे मेरी मतिचूर ने बुद्धुत्व प्राप्ति के मार्ग पर चलाते हुए मेरी गुरु बन मेरा मार्ग निदेशन करते मुझे बुद्धुत्व प्राप्ति का उपदेश देते डोली से उतरते ही कहा कि- हे अब मेरे और केवल मेरे सात जन्मों के प्यारे पति बीआर जी! अब वह समय आ गया है कि तुम बीआर की अपनी पुरानी इमेज तोड़ बुद्धुत्व के मार्ग पर मेरे साक कदम धरो। विवाह से पहले चाहे कोई कितना ही बड़ा बुद्धिराम क्यों न रहा हो। अतः अब बुद्धुत्व के मार्ग पर पहला कदम धरते अपने परिवार से पूरी तरह अलग होकर केवल अपनी डार्लिंग मतिचूर के बारे में सोचो। घरवालों के बारे में सोचोगे तो मेरी ओर से परेशान रहोगे। मेरे बारे में सोचोगे तो घरवालों की ओर से परेशान रहोगे। दुविधा में रहोगे तो न मैं मिलूंगी, न घरवाले। मेरी ओर से परेशान रहोगे तो तुम्हारी परेशानी तुम्हें तुम्हारे बुद्धुत्व होने में बाधा खड़ी करेगी। उनकी ओर से परेशान रहोगे तो तुम्हारी परेशानी तुम्हें बुद्धिराम होने में बाधा खड़ी करेगी। इसलिए अब यह हंडरेड प्रतिशत मानकर चलो कि अब मेरे साथ रहने, मेरे कहने में ही बुद्धिराम की बुद्धुत्व की निर्विघ्न निर्माण यात्रा शुरू होती है। मुझे धारण करने के बाद भी जो तुम हे मेरे बीआर! दो नावों की सवारी पूरी तरह निषेध। ऐसे निर्वाणियों को न बीवी मिलती है, न घरवाले। दुविधा बुद्धुत्व की निर्माण यात्रा में सबसे बड़ी बाधा है। अतः विवाह करने के बाद भी जो तुम अपने पुराने परिवार के साथ ही रहे तो मेरा तनिक भी भौतिक विकास नहीं होगा। मुझे राज्य, धन, ऐश्वर्य प्राप्त कराने हैं तो अपने परिवार को त्याग दो, निश्चय बुद्धुत्व की प्राप्ति होगी। विवाह के बाद से तुम्हारे जीवन का लक्ष्य परिवार, नाती, रिश्ते नहीं। मैं और मेरे मां बाप ही अब तुम्हारे सगे हैं। संसार की सारी वस्तुएं केवल और केवल तुम्हारे थ्रू मेरे लिए हैं। इन पर केवल और केवल पहले मेरा अधिकार है। उसके बाद जो कुछ बचा तो उस पर तुम्हारा। मतिचूर चाहे तो इन वस्तुओं पर अधिकार वह अपने माता पिता को तो दे सकती है पर वह तुम्हारे माता पिता को इन वस्तुओं पर कोई अधिकार नहीं दे सकती। मतिचूर से तुम्हारा विवाह कराके वे इन वस्तुओं पर से अपना अधिकार इस जन्म में तो खो ही चुके हैं। अब तो मैं ही तुम्हारा आहार, विचार, संस्कार, परिष्कार सब कुछ तय करूंगी ताकि तुम्हें जल्दी से जल्दी बुद्धुत्व प्राप्त हो सके। इसलिए जो तुम बुद्धिराम रहते बुद्धुत्व प्राप्त करना चाहते हो तो जैसा मैं कहती हूं, वैसे ही करते चलो। मेरे बताए मार्ग पर चलने पर तुम्हें बुद्धुत्व की प्राप्ति अति शीघ्र होगी। सिद्धार्थ की तरह तुम्हें तब एक भी सांसारिक वस्तु को त्यागने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बल्कि तुम बुद्धुत्व की यात्रा पर निकले तब हर सांसारिक वस्तु मुझे प्राप्त करवाने को व्यग्र हो उठोगे। तब तुम्हें शहर छोड़ जंगलों में नहीं भटकना पड़ेगा। ...अब मेरे प्रयास से संभव हुआ तो ईएमआई पर लिए फ्लैट, कार, मेरे भोग विलास की आइटमों की कभी इधर से तो कभी उधर से उधार लेते मासिक इंस्टाल्मेंट्स देते देते तुम्हें शीघ्र ही बुद्धुत्व प्राप्त हो जाएगा।

> विवाह से पहले चाहे कोई कितना ही बड़ा बुद्धिराम क्यों न रहा हो। अतः अब बुद्धुत्व के मार्ग पर पहला कदम धरते अपने परिवार से पूरी तरह अलग होकर केवल अपनी डार्लिंग मतिचूर के बारे में सोचो। घरवालों के बारे में सोचोगे तो मेरी ओर से परेशान रहोगे। मेरे बारे में सोचोगे तो घरवालों की ओर से परेशान रहोगे। दुविधा में रहोगे तो न मैं मिलूंगी, न घरवाले। मेरी ओर से परेशान रहोगे तो तुम्हारी परेशानी तुम्हें तुम्हारे बुद्धुत्व होने में बाधा खड़ी करेगी। उनकी ओर से परेशान रहोगे तो तुम्हारी परेशानी तुम्हें बुद्धिराम होने में बाधा खड़ी करेगी। इसलिए अब यह हंडरेड प्रतिशत मानकर चलो कि अब मेरे साथ रहने, मेरे कहने में ही बुद्धिराम की बुद्धुत्व की निर्विघ्न निर्माण यात्रा शुरू होती है।



# पूरे पाकिस्तान में एक ही दिन चुनाव कराने पर बनी सहमति, सरकार और विपक्ष की बैठक के बाद फैसला

**इस्लामाबाद ।**
पाकिस्तान की सरकार और विपक्षी पार्टी पीटीआई में एक अहम समझौता हुआ है। जिसके तहत पूरे देश में एक ही दिन चुनाव कराने पर सहमति बनी है। हालांकि अभी तक चुनाव की तारीख पर सहमति नहीं बन पाई है। सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं के बीच हुई बैठक में यह फैसला किया गया। पाकिस्तान में लंबे समय से चुनाव कराने की मांग को लेकर डेडलॉक की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में एक दिन चुनाव कराने पर सहमति पाकिस्तान की राजनीति के लिए बड़ा कदम है।

**पीटीआई कर रही थी चुनाव कराने की मांग** – बता दें कि इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी लंबे समय से पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चुनाव कराने की मांग कर रही है। वहीं सरकार इसे किसी ना किसी बहाने टालने की कोशिश कर रही थी। अब दोनों पक्षों की बैठक में एक ही दिन सारे प्रांतीय और केंद्रीय चुनाव कराने का फैसला किया गया है। दोनों पक्षों की बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी है कि एक केयरटेकर सेटअप की देखरेख में यह चुनाव होंगे, ताकि चुनाव की निष्पक्षता बनी रहे।

**ये नेता हुए बैठक में शामिल** – पाकिस्तान में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच एक और अंतिम चरण की बैठक होनी है, जिसमें चुनाव की तारीख को लेकर आम सहमति बन सकती है। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता यूसुफ रजा गिलानी का कहना है कि दोनों पक्ष इस बात पर भी सहमत हैं कि वह चुनाव के नतीजों को स्वीकार करेंगे। सत्ता पक्ष की तरफ से इस बैठक में पीएमएल-नवाज पार्टी की तरफ से इशाक डार, ख्वाजा साद रफीक, आजम नजीर, सरदार अयाज सादिक, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी की तरफ से यूसुफ रजा गिलानी, सैयद नवीद कमर और विपक्षी पार्टी पीटीआई की तरफ से शाह महमूद कुरैशी, फवाद चौधरी और सीनेटर अली जफर शामिल हुए। पीटीआई की तरफ से कहा गया है कि सिंध और बलूचिस्तान की विधानसभाओं को भंग करने की तारीख अभी तय की जानी है। पीटीआई की मांग है कि इन विधानसभाओं को 14 मई या उससे पहले भंग किया जाए। हालांकि पाकिस्तान सरकार अभी इसके लिए तैयार नहीं है। पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में पीटीआई की सरकार थी तो जब इमरान खान की सरकार गई तो इन दोनों प्रांतों की विधानसभाओं को पीटीआई की सरकार ने भंग कर दिया था।

## न्यूज ब्रीफ


### आईपीसीए प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहा भारत, अमेरिका की एक रिपोर्ट में दावा



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत उन 14 देशों में शामिल है, जो प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। अमेरिका के गृह विभाग की आईपीसीए पर 2023 की सालाना रिपोर्ट अमेरिकी संसद में पेश की गई। इस रिपोर्ट में कहा गया कि भारत इस मामले में अमेरिका के साथ सहयोग नहीं कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने आईपीसीए के प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया है। साल 2022 में भी भारत ने इसमें सहयोग नहीं किया था। खासकर भारत की जांच एजेंसियां अमेरिका के गृह विभाग के साथ मिलकर काम करने में असफल रही हैं, जिसकी वजह से बच्चों के अपहरण के मामले अभी तक अनसुलझे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत द्वारा जांच में सहयोग ना करने की वजह से बच्चों के अपहरण से जुड़े 65 फीसदी मामले बीते 12 महीनों से अनसुलझे हैं। बता दें कि अगर कोई बच्चा उसकी माता या पिता द्वारा एक दूसरे से दूसरे देश बिना उसके दूसरे परिजन की मर्जी के बगैर लाया जाता है, उसे अपराध माना जाता है। एक देश के दूसरे देश के नागरिक से शादी या सीमा विवाद के चलते इस तरह के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। द हेग कन्वेंशन ऑन सिविल एस्पेक्ट्स ऑफ इंटरनेशनल चाइल्ड एबडक्शन (1980) के तहत 96 देशों में इसे लेकर संधि है। भारत इसका सदस्य नहीं है। हालांकि साल 2018 में भारत और अमेरिका के बीच इस तरह के मामले सुलझाने के लिए एक मध्यस्थता सेल का गठन किया गया था। हालांकि बीते तीन साल और 10 महीनों से दोनों देशों के बीच आईपीसीए से जुड़े मामले अनसुलझे हैं। बता दें कि अमेरिका की रिपोर्ट में जिन 14 देशों पर आईपीसीए को प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने का आरोप लगा है, उनमें भारत के अलावा अर्जेंटीना, बेलिजे, ब्राजील, बुल्गारिया, इक्वाडोर, मिस्त्र, होंडुरास, जॉर्डन, पेरू, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, रोमानिया, रूस और संयुक्त अरब अमीरात का नाम शामिल है।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख बोले- पत्रकारों को हिरासत में लेना और कैद करना बंद करें

**संयुक्त राष्ट ।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एक स्वर से बोलने का आग्रह किया और अपना काम करने के लिए पत्रकारों की नजरबंदी और कारावास को रोकने का आह्वान किया।



उन्होंने कहा कि दुनिया के हर कोने में प्रेस पर हमले हो रहे हैं। गुटेरेस ने रेखांकित किया कि हमारी सारी स्वतंत्रता प्रेस की स्वतंत्रता पर निर्भर करती है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2023 से पहले अपने वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, प्रेस की स्वतंत्रता लोकतंत्र और न्याय की नींव है। बता दें कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रतिवर्ष 3 मई को मनाया जाता है। यूनेस्को द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र महासभा हॉल में गुटेरेस ने कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर दुनिया को एक स्वर से बोलना चाहिए। पत्रकारों को उनके काम करने के लिए हिरासत में लेना और कैद करना बंद करें। झूठ और दुष्प्रचार बंद करें। सच और सच बोलने वालों को निशाना बनाना बंद करें। गुटेरेस ने चिंता व्यक्त की कि दुनिया के हर कोने में प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला हो रहा है। उन्होंने कहा, विघटन और अभद्र भाषा से सत्य को खतरा है। तथ्य और कल्पना के बीच विज्ञान एवं साजिश के बीच की रेखाओं को धुंधला करने की कोशिश की जा रही है।

### मंगल ग्रह पर उम्मीद से अधिक पानी के मिले प्रमाण, जुरॉन्ग ने दिए प्रमाण

**वाशिंगटन ।** मंगल ग्रह पर उम्मीद से अधिक पानी के प्रमाण मिले हैं। चीन के मार्स रोवर जिसे जुरॉन्ग ने इस दिशा में एक नई जानकारी जुटाई है। 'साइंस एडवांसेज' पत्रिका में प्रकाशित नए अध्ययन में कहा गया है कि जुरॉन्ग ने मंगल ग्रह के निचले और गर्म इलाकों में भी पानी के आकलन से जुड़े प्रमाण दिए हैं। मंगल ग्रह पर कुछ 4,00,000 साल पहले भारी मात्रा में तरल पानी मौजूद रहा होगा। यह पानी ग्रह के रेतीले टीलों में पिघली हुई बर्फ के रूप में मौजूद था। साथ ही रोवर ने लाल ग्रह के निचले इलाकों में भी पानी खोजा है। रोवर बताया कि 70 करोड़ वर्ष पूर्व तक मंगल ग्रह पर पानी मौजूद रहा होगा। यह खोज इसलिए अहम है क्योंकि मंगल ग्रह के ऊंचे इलाकों की तुलना में निचले इलाके गर्म हैं और जीवन की मौजूदगी या संभावनाओं के लिए बेहतर हैं। गौरतलब है कि ये पहली बार नहीं है जब मंगल पर पानी के अस्तित्व को लेकर विज्ञानियों ने दावा किया हो। इससे पहले अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दावा किया था कि उसके यान ने मंगल ग्रह पर पानी होने के सबूत खोजे हैं। जिसके बाद कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने इसकी जांच की थी। इस जांच में पता चला था कि मंगल ग्रह पर 200 करोड़ साल पहले पानी मौजूद था।

# सूडान में सात दिन के संघर्षविराम की घोषणा, सेना और अर्धसैनिक बल के बीच बनी सहमति

**खार्तून ।**

**युद्धग्रस्त सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल आरएसएफ के बीच सात दिनों के लिए संघर्षविराम की सहमति बनी है। संघर्षविराम चार मई से लागू होगा और 11 मई तक चलेगा। इस घोषणा से सूडान में फंसे विदेशी नागरिकों की निकासी में तेजी आ सकती है। बता दें कि सूडान में सेना और एक अर्धसैनिक समूह के बीच सत्ता पर कब्जे के लिए लड़ाई चलाई चल रही है जिसमें लगभग 400 लोग मारे गए हैं और तीन लाख से ज्यादा लोगों को विस्थापित होना पड़ा है।**



जुबा में दक्षिण सूडान के विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा, सूडान में युद्धरत पक्ष सात दिन के युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं। दक्षिण सूडान के राष्ट्रपति सलवा कीर मयारदित के साथ टेलीफोन पर बातचीत में युद्ध में शामिल दोनों पक्ष चार मई से 11 मई तक युद्धविराम पर सहमत हुए। सूडान सशस्त्र बल (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के नेता जनरल मोहम्मद हमदान डागलो ने युद्धविराम के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है। वह वार्ता के लिए अपने प्रतिनिधियों को नामित करने पर भी सहमत हुए हैं।

### अमेरिका ने अपने 1000 नागरिकों को सूडान से निकाला

अमेरिका ने सूडान में हिंसा शुरू होने के बाद से अब तक अपने करीब 1000 नागरिकों को सुरक्षित निकाला है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बताया कि बहुराष्ट्रीय प्रयास के तहत इन नागरिकों को सूडान से निकाला गया। अपने नागरिकों को सूडान से सुरक्षित निकालने के लिए 200 अमेरिकी अधिकारी संकट की शुरुआत से ही चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।

### सूडान से पलायन तेज

सूडान में चल रहे गृहयुद्ध ने अब तक एक लाख लोगों को घर छोड़कर सीमा पार पलायन के लिए मजबूर किया है। संघर्ष विराम का उल्लंघन कर राजधानी खार्तूम में गोलीबारी और बम धमाकों के बीच संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा कि तीन सप्ताह से जारी गृहयुद्ध मानवीय संकट में तब्दील हो रहा है। सूडान के गरीब पड़ोसी देश शरणार्थी संकट का सामना कर हैं। गृहयुद्ध के कारण सूडान में सहायता पहुंचाने के रास्ते अवरुद्ध हैं जबकि वहां दो तिहाई आबादी पहले से ही बाहरी सहायता पर निर्भर है। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) में पूर्वी अफ्रीका के निदेशक माइकल डनफोर्ड ने कहा, जोखिम यह है कि यह सिर्फ सूडान का संकट नहीं है, यह एक क्षेत्रीय संकट बनने जा रहा है।

### भारत ने दूतावास को खार्तूम से पोर्ट सूडान स्थानांतरित किया

वहीं, भारत ने सूडान के मौजूदा हालात को देखते हुए हिंसा प्रभावित राजधानी खार्तूम से अपने दूतावास को अस्थाई तौर पर पोर्ट सूडान स्थानांतरित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि खार्तूम शहर पर हो रहे हमलों और सूडान के सुरक्षा हालात को देखते हुए निर्णय किया गया है कि खार्तूम से दूतावास को अस्थाई रूप से पोर्ट सूडान स्थानांतरित किया जाएगा।

बता दें कि पोर्ट सूडान पूर्वी सूडान में लाल सागर पर एक बंदरगाह शहर है। यह खार्तूम से लगभग 850 किमी दूर है। भारत सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए पोर्ट सूडान से सैन्य विमान और नौसैनिक जहाजों का संचालन कर रहा है। खार्तूम में भारतीय दूतावास शहर में हवाई अड्डे के ठीक सामने स्थित है और उस क्षेत्र में भीषण लड़ाई चलाई चल रही है। इसे देखते हुए दूतावास परिसर में कोई भारतीय अधिकारी नहीं रह रहा। वे अपने ठहरने के स्थानों से ही काम कर रहे हैं।

# रियाद में सऊदी योग समिति की अध्यक्ष से मिले विदेश राज्यमंत्री मुरलीधरन, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**रियाद ।**
विदेश राज्य मंत्री (एमओएस) वी मुरलीधरन ने रियाद में सऊदी योग समिति के अध्यक्ष नौफ मारवाई से मुलाकात की और उन्हें उनके काम के लिए बधाई दी। वह अपनी चार दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे। मुरलीधरन ने ट्वीट किया, रियाद में सऊदी योग समिति की अध्यक्ष नौफ मारवाई से मिलकर खुशी हुई। उन्हें 2018 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। सऊदी अरब में योग को वैध बनाने और बढ़ावा देने में उन्होंने एक असाधारण भूमिका निभाई है। इस अद्भुत काम के लिए उन्हें बधाई। इससे पहले उन्होंने सऊदी अरब के रियाद में योग और सांस्कृतिक संघों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

### सऊदी अरब में बढ़ रहा योग

मुरलीधरन ने ट्वीट किया भारतीय समुदाय, रियाद में योग और सांस्कृतिक संघों के प्रतिनिधियों से मिलकर खुशी हुई। मुरलीधरन ने लिखा, योग की लोकप्रियता बढ़ी है। यह सुनकर खुशी हुई कि सऊदी अरब में योग को बड़े पैमाने पर लोग अपना रहे हैं। मुरलीधरन सऊदी अरब की अपनी चार दिवसीय यात्रा पर रियाद पहुंचे। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब में भारतीय समुदाय के स्वयंसेवक भारतीय दूतावास के लिए ताकत के मजबूत स्तंभ हैं, जो जेल, निर्वासन और मौत के मामलों सहित भारतीयों को बहुत आवश्यक सहायक भूमिकाएं प्रदान करते हैं।

### ऑपरेशन कावेरी की देखरेख में सऊदी उत्कृष्ट समर्थन दे रहा

मुरलीधरन ने ट्वीट किया, सऊदी अरब में भारतीय समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा, सऊदी अरब पहुंचने पर खुशी हुई। यह यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पिछले सप्ताह जेद्दा की मेरी यात्रा के तुरंत बाद ऑपरेशन कावेरी की देखरेख के लिए हो रही है, जिसके लिए सऊदी उत्कृष्ट समर्थन दे रहा है। यात्रा के दौरान मुरलीधरन अपने समकक्ष मंत्री से मिलेंगे और सऊदी अरब में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे।

# यूक्रेन का रूस पर जोरदार जवाबी हमला, धमाकों से दो दिन में दूसरी बार पलटी ट्रेन

**मॉस्को ।**
यूक्रेन के बाखमुत में जारी लड़ाई के बीच, यूक्रेन ने रूस पर जोरदार जवाबी हमला बोला है। इस हमले के चलते हुए जोरदार धमाकों से रूस के सीमावर्ती इलाके में एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर पलट गई। घटना रूस के पश्चिमी ब्रिंस्क क्षेत्र की है। यह क्षेत्र रूस, बेलारूस और यूक्रेन की सीमा पर स्थित है। रूस के अधिकारियों का कहना है कि रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से यूक्रेन की सेना ने ब्रिंस्क क्षेत्र में कई हमले किए हैं।

**तेज धमाके से पलटी ट्रेन** – बता दें कि यह लगातार दूसरे दिन ऐसा हुआ है, जब यूक्रेन के हमले में रूस में ट्रेन पटरी से उतरकर पलट गई है। हालांकि यह मालगाड़ी थी और इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना शाम साढ़े सात बजे की है। धमाके के चलते ट्रेनों के बेपटरी होने की घटना ऐसे समय हुई हैं, जब यूक्रेन की सेना ने जवाबी हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेनी सेना के कमांडर जनरल ओलेक्जेंडर सिरिस्की ने बताया कि जब तक हमारा बाखमुत पर कब्जा नहीं हो जाता, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी।



**रूसी हमले में दो यूक्रेनियों की मौत** – वहीं रूस के मिसाइल हमले में यूक्रेन के शहर पावलोराड में दो लोगों की मौत की खबर है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इसकी पुष्टि की है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने यूक्रेन को नाटो में शामिल करने के संबंध में पुर्तगाल की संसद के स्पीकर से भी बातचीत की है। उन्होंने कहा कि रूस के हमले से यूक्रेन को बचाने के लिए यही सबसे अच्छा तरीका है। वहीं यूक्रेन में मार्शल लॉ अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। रूस के यूक्रेन पर बीते साल फरवरी में हमले के बाद से ही यूक्रेन में मार्शल लॉ लागू है। इस कानून के तहत यूक्रेन के 18 से 60 साल के लोगों को देश छोड़ने पर पाबंदी है।

# अफगानिस्तान में रोज 167 बच्चों की मौत: तालिबानी सत्ता में चरमराया हेल्थ सेक्टर, 60 बच्चों पर सिर्फ 2 नर्स, ऑक्सीजन मास्क भी नहीं

**काबुल ।**
अफगानिस्तान में हर रोज करीब 167 बच्चों की मौत हो रही है। बीबीसी के मुताबिक, ये आंकड़ा सिर्फ आधिकारिक है और जमीनी हकीकत इससे कहीं ज्यादा खराब हो सकती है। घोर प्रान्त के बेस्ट हॉस्पिटल में कई कमरे बीमार बच्चों से भरे हुए हैं। अस्पताल में एक बेड पर कम से कम 2 बच्चे भर्ती हैं। वहीं, 60 बच्चों के वॉर्ड में देखरेख के लिए सिर्फ 2 नर्स काम कर रही हैं।

ये बच्चे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। हालांकि, इन बीमारियों का इलाज मुमकिन है। दरअसल, अफगानिस्तान में हमेशा से ही हेल्थ फैसिलिटीज खराब रही हैं। तालिबान के कब्जे से हमले यहां विदेशी फंडिंग के जरिए इलाज की सुविधाएं जुटाई जाती थीं, लेकिन 2021 के बाद से ये भी बंद हो गया। बीबीसी के मुताबिक, पिछले 20 महीनों में कई बड़े अस्पतालों बंद हो चुके हैं।

### डॉक्टर बोले- बच्चों को मरते देखने के अलावा कोई रास्ता नहीं

सत्ता कब्जाने के बाद से तालिबान लगातार



महिलाओं पर अलग-अलग बैन लगाता आ रहा है। उसने औरतों के एनजीओ में काम करने पर भी पाबंदी लगा दी है। इसकी वजह से समाज सेवा के तौर पर भी एजेंसियां बच्चों की कोई मदद नहीं कर पा रही हैं। घोर के एक अस्पताल में काम करने वाले डॉ. समदी ने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं हैं। इलाज के लिए बाकी जरूरी मशीनों की भी कमी है।

डॉ. समदी ने कहा– हमारे पास जरूरत जितना प्रशिक्षित स्टाफ भी नहीं है। महिला स्टाफ की सबसे ज्यादा कमी है। जब हमारे पास सभी ऐसे बच्चे हैं जो गंभीर हालात में हैं, तो हम पहले किस बच्चे का इलाज करें हमारे पास उन्हें मरते हुए देखने के अलावा और कोई रास्ता नहीं होता है।

### सरकार को मान्यता नहीं इसलिए नहीं हो रही फंडिंग

यूएन ने अफगानिस्तान के लिए जितनी फंडिंग की अपील की है उसका केवल 5प्रतिशत ही अब तक उन्हें मिला है। दरअसल, 15 अगस्त 2021 को तालिबान ने काबुल के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। इससे पहले 21 साल तक अफगानिस्तान में पब्लिक हेल्थकेयर के लिए अरबों रुपए खर्च किए गए। 2021 में सत्ता बदलने के बाद से अब तक तालिबान की सरकार को मान्यता नहीं मिली है। ऐसे में देश के लिए पैसे आवंटित करना मुश्किल हो गया है।

हालांकि, कुछ एनजीओ लगातार हॉस्पिटल के स्टाफ को सैलेरी देने और जरूरी सुविधाओं के लिए फंडिंग इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं। इन एनजीओ के मुताबिक, ऐसा मुमकिन है कि महिलाओं पर तालिबान की बढ़ती पाबंदी को देखते हुए जल्द ही उन्हें जो फंडिंग मिल रही है वो भी बंद हो जाए।

## इमरान खान बोले– मुझे मारने की तीसरी बार साजिश

# कोर्ट आने-जाने में मेरी जान को खतरा, मेरे खिलाफ सारे केस खत्म करें

**लाहौर ।**

**पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फिर से खुद पर हमले की आशंका जताई है। उन्होंने लाहौर हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा- मुझे मारने के लिए तीसरी बार साजिश रची जा रही है। मेरे खिलाफ चल रहे सभी पॉलिटिकल केस रद्द कर देने चाहिए जिससे मुझे बार-बार कोर्ट के चक्कर न लगाने पड़ें।**

इमरान ने कहा कि लगातार कोर्ट आने-जाने में उनकी जान को और ज्यादा खतरा हो सकता है। इमरान के खिलाफ देशभर के अलग-अलग शहरों में करीब



121 केस चल रहे हैं। इनमें देशद्रोह, ईशनिंदा, हिंसा भड़काने, आतकंवाद फैलाने जैसे कई मामले शामिल हैं। इमरान के मुताबिक ये सभी केस राजनीति से प्रेरित हैं और इन्हें खारिज कर देना चाहिए।

### वजीराबाद-इस्लामाबाद में मुझे मारने की कोशिश हुई

भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इमरान खान लाहौर हाईकोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने सुनवाई के दौरान जजों से बोलने की इजाजत मांगी। कोर्ट में खान ने कहा– मुझ पर पहले ही पंजाब के वजीराबाद और इस्लामाबाद जूडीशियल कॉम्प्लेक्स पर जानलेवा हमला हो चुका है।

इन दोनों अटैक में मैं बच गया तो ये लोग तीसरी बार मुझे मारने की साजिश रच रहे हैं। लगातार अदालत आने की वजह से मेरी जान को खतरा बढ़ जाएगा।

### इमरान बोले- मुझ पर लगे सभी केस राजनीति से प्रेरित

पूर्व पीएम ने कहा– 70 साल तक मुझ पर एक बार भी कोई केस दर्ज नहीं हुआ, लेकिन पिछले साल अप्रैल में सत्ता से बेदखल करने के बाद मुझ पर लगातार मामले दर्ज किए जा रहे हैं। 5 जजों वाली बेंच ने खान को सभी मामलों में पुलिस की जांच में सहयोग करने का आदेश दिया है।

इमरान ने जांच में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल होने की इजाजत मांगी थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इमरान पर अब 8 मई को दोबारा सुनवाई होगी।

### पीएम शहबाज-आईएसआई अधिकारी मुझे मारने चाहते हैं

इससे पहले एक वीडियो के जरिए इमरान ने बताया था कि 6 लोग उन्हें मारने की साजिश रच रहे हैं। इनमें से 3 के खिलाफ पूर्व पीएम ने वजीराबाद अटैक के बाद एफआईआर करवाई थी। खान ने अपनी हत्या की साजिश रचने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और आईएसआई के टॉप ऑफिसर मेजर जनरल फैसल नसीर को दोषी ठहराया।

खान ने कहा– गृह मंत्री कहते हैं कि मुझ पर विदेशी ताकतों ने हमला करवाया था। ऐसा कुछ नहीं है मुझे इस देश में सिर्फ 3 लोग ही मरवाना चाहते हैं। उनमें 3 के खिलाफ मैंने एफआईआर करवाई है और बाकी 3 लोगों की जानकारी मैंने 18 मार्च को अटैक के बाद वीडियो जारी करके दी थी। अगर मुझे आगे चलकर कुछ भी होता है तो उसके लिए यही लोग जिम्मेदार होंगे।

### पिछले साल 3 नवंबर को हुआ था पूर्व पीएम पर अटैक

3 नवंबर को वजीराबाद में एक रैली के दौरान इमरान खान पर हमला हुआ था। इस दौरान एक शूटर नवीद मेहर को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाकी तीन शूटर कौन थे और उन्होंने किस बंदूक से गोलियां चलाईं, इसका पता नहीं लग था। हमले में कुल 13 लोग घायल हुए थे। जिस वक्त खान पर हमला हुआ था वो एक कंटेनर पर अपने समर्थकों से साथ खड़े हुए थे। तभी कंटेनर के बिल्कुल करीब खड़े हमलावर नवीद ने एके-47 से फायरिंग कर दी थी। खान को पैर में 3 गोलियां लगी थीं।

# यौन शोषण मामले में मूकदर्शक बनी सरकार तुरंत आरोपी सांसद पर ले एक्शन : ओपी चौटाला

## पूर्व सीएम ने कहा, प्रदेश में परिवर्तन की लहर चली, फिर सत्ता में आएगी इनेलो

**फतेहाबाद ( हिंस )।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने खेलों को बर्बाद करने का काम किया है। सरकार की नीतियों के विरोध में पहले किसान सड़क पर थे, फिर जवान सड़क पर आए और अब पहलवान भी सड़क पर बैठे हैं। जो भाजपा कभी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात करती थी, आज वही भाजपा बेटियों का शोषण करने वाले अपने सांसद को बचाने का प्रयास कर रही है। वे बुधवार को फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता इनेलो जिला प्रधान बलविन्द्र कैरो ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि इनेलो सरकार के समय खिलाड़ियों को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए




इनेलो सरकार ने खिलाड़ियों के हितों के लिए अनेक नीतियों को लागू किया। इसी का परिणाम रहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों खासकर बेटियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम विश्वभर में चमकाने का काम किया। ये खिलाड़ी आज न्याय की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं तो भाजपा सरकार आरोपी सांसद के खिलाफ कार्यवाही करने की बजाय मूकदर्शक बनी हुई है। सरकार को कुश्ती संघ अध्यक्ष पर तुरंत एक्शन लेना चाहिए और उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि इनेलो की सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन 7500 रुपए की जाएगी। इस सरकार ने जिन लोगों की पेंशन काटी है उन लोगों की पेंशन सूद समेत उनके घर पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यकर्ताओं से चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में परिवर्तन की ब्यार चल चुकी है। इस अवसर पर जिला प्रधान बलविन्द्र कैरो, पूर्व मंत्री रामस्वरूप रामा, पार्टी कार्यालय प्रभारी स. नछत्तर सिंह मल्हाण, हल्काध्यक्ष बीकर सिंह हड़ौली, जगदीश जैलदार, हरी सिंह डांगरा सहित काफी संख्या में इनेलो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोगा के गुरुद्वारे में चली गोली, एक की मौत

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के मोगा स्थित गुरुद्वारे में रुपए के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के एक सेवादार ने दूसरे को गोली मार दी लेकिन वह बच गया। बाद में उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार जंग सिंह गुरुद्वारा साहब कमेटी का पूर्व सचिव था। उस पर गुरुद्वारा साहिब कमेटी के सात लाख रुपए फंड खाने का आरोप लगाया गया था। आरोपों के चलते वह परेशान चल रहा था। साथ ही आरोप लगाने वाले बार-बार उसे परेशान कर रहे थे। आज सुबह उसने परेशान होकर आरोप लगाने वाले एक व्यक्ति पर पहले 4 फायर झोंक दिए। जब वह बच गया तो जंग सिंह ने ट्रक के पीछे जाकर स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। मृतक ने आत्महत्या करने से पहले सुसाइड नोट भी लिखा था, जिसमें उसने आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए तीन लोगों को आरोपित किया है। सुसाइड नोट और बेटे की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीएम के जन्मदिन पर डॉ. कल्ला ने लाभार्थियों को सौंपे पट्टे

**बीकानेर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को आयोजित महंगाई राहत शिविर में शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने 58 लोगों को पट्टे दिए। शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया गया। डॉ. कल्ला ने लाभार्थियों का मुंह मीठा कर शुभकामनाएं दी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश को बचत-राहत और बढ़त वाला बजट दिया। इस बजट के बाद आयोजित हो रहे महंगाई राहत शिविरों ने आमजन को बड़ी राहत दी है। वहीं प्रशासन शहरों के संग अभियान ने राजस्व से जुड़ी वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान किया है। इससे आमजन के चेहरों पर खुशी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को इन शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहली बार आमजन को गारंटी के साथ योजनाओं का लाभ मिलेगा। इससे आमजन का परिवार महंगाई की मार से बच सकेगा। इस दौरान उन्होंने 58 लोगों को पट्टे बांटे। इनमें नत्थूसर गेट की आठ दुकानों के अलावा बंगलानगर, सर्वोदय बस्ती और रामपुरा क्षेत्र के 20 एवं कृषि भूमि से जुड़े 30 आवासीय पट्टे शामिल रहे। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने विभिन्न लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड भी सौंपे। पट्टे प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी की चमक देखने को मिली। शिक्षा मंत्री ने इस दौरान राजीव गांधी स्टडी सर्किल द्वारा प्रकाशित महंगाई राहत शिविर पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से आमजन में शिविर के प्रति जागरुकता आएगी। इस दौरान उन्होंने केक काटकर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया और लाभार्थियों को केक वितरित किया। इससे पहले उन्होंने शिविर का अवलोकन किया। नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष मकसूद अहमद, नगर निगम आयुक्त केसर लाल मीणा, नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा, निगम सचिव हंसा मीणा, अनिल कल्ला, पार्षद शिव शंकर बिस्सा, डॉ. मिर्जा हैदर बेग, राजीव गांधी स्टडी सर्किल के अध्यक्ष डॉ. बिट्ठल बिस्सा, डॉ. अनंत नारायण जोशी आदि मौजूद रहे।

## समलैंगिक विवाह केस की सुनवाई के विरोध में महिलाओं ने जताई नाराजगी


**जयपुर ( हिंस )।** समलैंगिक विवाह को विधिक मान्यता देने को लेकर चल रही सुनवाई के बीच देशभर में चिंता व विरोध भी बढ़ता जा रहा है। बुधवार को जयपुर में जागृत महिलाओं ने कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में समलैंगिक विवाह को देश की संस्कृति के विरुद्ध बताया है। महिला जागृति समूह व आम-जनमानस समलैंगिक विवाह को मान्यता न देने की मांग कर रहा है। महिलाओं का कहना था कि समलैंगिक विवाह भारतीय विवाह संस्कार पर अंतर्राष्ट्रीय आघात है। समूह की डॉ. सुनीता अग्रवाल ने कहा कि समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होगा। साथ ही कहा कि कानून बनाने का अधिकार सिर्फ संसद को है, न्यायालय इस मामले में हस्तक्षेप न करे। संसद का काम संसद को ही करने दें। समूह में शामिल शालिनी राव ने कहा कि भारत के सामाजिक ढांचे में विवाह एक पवित्र संस्कार है और उसका उद्देश्य मानव जाति का उत्थान है। इसमें जैविक पुरुष और जैविक महिला के मध्य विवाह को ही मान्यता दी गई है। अपनी राय व्यक्त करते हुए अरुणा शर्मा ने बताया कि



समलैंगिक विवाह जैसे मुद्दे पर न्यायालय की सक्रियता का समर्थन मिला तो यह भारत की संस्कृति को कमजोर करेगा। महिलाओ ने एक स्वर में कहा कि न्यायपालिका को विधायिका के क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। समलैंगिक विवाह का विषय में न्यायालय को सुनवाई नहीं करनी चाहिए। सुनीता अग्रवाल, शालिनी राव, मीनाक्षी पारीक, रमा पांडे, अरुणा शर्मा, शशि चाहर, मंजू शर्मा, सुमन बंसल सहित सैंकड़ो महिलाएं कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देने पहुंची थी।

## कॉलेज की छात्राओं को बताएं यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानूनी अधिकार

**गुरुग्राम ( हिंस )।** सिधरावली स्थित राजकीय महाविद्यालय में सेक्सुअल हैरेसमेंट विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को महिलाओं से संबंधित अधिकारों और कानूनी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में कार्रवाई को लेकर भी जानकारी दी गई। कार्यशाला का आयोजन आईसीसी एवं लीगल लिटरेसी सेल की ओर से किया गया। इसमें पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ता निखिल कौशिक ने सेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट 2013 के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस एक्ट के अंतर्गत महिलाओं के लिए हुए विभिन्न विशेष अधिकारों के प्रावधान के बारे में बताया बताया। उन्होंने बताया कि जिस भी कार्यस्थल पर 10 या इससे अधिक महिलाकर्मी हैं, वहां स्थानीय स्तर पर शिकायत समिति का गठन करना होता है। इस कमेटी की जांच या निर्णय से असंतुष्ट महिला जिला स्तर पर बनाई गई कमेटी के समक्ष अपना परिवाद दायर कर सकती है। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के किसी भी प्रकार के



उत्पीड़न को रोकने और ऐसा करने वालों के खिलाफ कानून में कठोर प्रावधान हैं। उन्होंने महिलाओं से संबंधित प्रॉपर्टी एक्ट एवं प्रिवेंशन ऑफ डॉमेस्टिक वायलेंस एक्ट के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. महाश्वेता यादव ने भी छात्राओं तथा महिला प्राध्यापकों को अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर लोकल कंप्लेंट कमेटी (एलसीसी) की प्रभारी मनीषा लाल व लीगल लिटरेसी सेल की प्रभारी अमिता यादव सहित महाविद्यालय के अन्य अध्यापकगण भी मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**कुपवाड़ा ( हिंस )।** कुपवाड़ा जिले के माछिल इलाके में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। मारे गए आतंकियों के अन्य साथियों की तलाश में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान अभी जारी है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह जिले के माछिल इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सेना तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षा बलों को पास आता देख गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। मारे गए आतंकियों की पहचान के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं मिल पाई है।

## राज्यपाल ने दिए मंत्री की सीडी की एफएसएल जांच के आदेश

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री की कथित तौर पर वायरल सीडी की एफएसएल जांच करवाने के आदेश दिए हैं। राज्यपाल ने इस संबंध में पुलिस महानिदेशक से रिपोर्ट तलब की है। उधर, पंजाब सरकार, मंत्री का लगातार बचाव कर रही है। कांग्रेस नेता सुखपाल खैहरा ने दो दिन पहले राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मुलाकात कर एक सीडी राज्यपाल को दी थी। ऐसा दावा किया जा रहा है कि कथित रूप से यह सीडी पंजाब के कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारूचक्क की है।

## पठानकोट सैन्य क्षेत्र में अलर्ट सेना ने चलाया सर्च ऑपरेशन

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पठानकोट सैन्य क्षेत्र में संदिग्धों के दिखने के बाद सेना ने अलर्ट घोषित किया है। बुधवार को सैन्य क्षेत्र के स्कूलों को बंद करवाकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पठानकोट में सैन्य क्षेत्र में पहले भी आतंकी हमला हो चुका है। बताया जा रहा है कि 30 अप्रैल की रात जम्मू क्षेत्र से घुसपैठ की जानकारी मिली है। सेना के खुफिया विंग द्वारा इनपुट दिए जाने के बाद सेना तथा पंजाब पुलिस ने संयुक्त रूप से बुधवार तड़के से पठानकोट से लेकर जम्मू-कश्मीर की सीमा तक अलर्ट घोषित कर तलाशी शुरू की है। इसी बीच पंजाब पुलिस ने ट्वीट करके कहा है कि पठानकोट में स्थिति शांतिपूर्ण व नियंत्रण में है। कोई भी असामाजिक गतिविधि नहीं देखी गई। सेना के अधिकारियों द्वारा सतर्कता के लिए सेना अभ्यास चलाया जा रहा है। पंजाब पुलिस ने राज्य की जनता से अपील की है कि वह सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी तरह की जानकारी साझा करने से पहले खबरों की पुष्टि करें। हालात पूरी तरह सामान्य हैं।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर ( हिंस )।** सिख धर्म को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने और अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में सदर थाना जगाधरी का घेराव करने पहुंचे। वहीं थाना प्रभारी कुसुम बाला ने बताया कि आरोपी गौरव पंडित को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ जारी है। गौरतलब है कि गांव महिलावाली के शिकायतकर्ता सुखजिंदर सिंह ने शिकायत की थी कि 7 दिन पहले साढ़ौरा थाने के गांव हैबतपुर में रहने वाले गौरव पंडित नामक युवक की आईडी से सोशल मीडिया पर सिख गुरू और सिख धर्म को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट डाली



गई थी, जिसमें अभद्र भाषा लिखी हुई थी। इसमें एक गुरुद्वारे में हुई गुरु ग्रंथ साहिब की बेदबी के मामले का भी जिक्र उसने अपनी पोस्ट में किया हुआ था, जिसे वह सही बता रहा है। वहीं गुरुद्वारे के पाठी से वहां हुई मारपीट को भी सही बताया था। किसान नेता मंदीप सिंह रोड छप्पर ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की पोस्ट से हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। हमारा सिख धर्म और समाज न तो किसी अन्य धर्म का विरोध करता है और ही न ही किसी अन्य धर्म का अपमान करता है। हम अपने गुरुओं और धर्म का तिरस्कार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। जगाधरी सदर थाना प्रभारी कुसुम बाला ने कहा कि इस आरोपी गौरव पंडित के खिलाफ केस दर्ज किया हुआ था और उसकी तलाश जारी थी, जिसे मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया। कानून अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सोनीपत के बाद अब रेवाड़ी में भी संसाधन भवन बनाएंगे : दुष्यंत चौटाला

**सोनीपत ( हिंस )।** हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को सेक्टर-12 में करीब 25 करोड़ रुपए की लागत से आबकारी एवं कराधान विभाग के नव निर्मित संसाधन भवन जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सोनीपत व पानीपत की टैक्स बार अदालत यहां प्रारंभ की जाएगी। डिप्टी सीएम चौटाला ने कहा कि सप्ताह में एक दिन टैक्स बार के मामलों की सुनवाई होगी, जिससे लोगों को फिर चंडीगढ़ व पंचकुला जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। हवन यज्ञ करने के साथ ही लगभग 85 करोड़ रुपए की लागत से बनाये जाने वाले सड़क मार्गों की आधारशिला रखी। उन्होंने संसाधन भवन के साथ बड़ौता (गोहाना) में पीडब्ल्यूडी के विश्राम गृह को भी लोकार्पित किया। खरखौदा बाईपास की नींव रखी, जींद-गोहाना-सोनीपत रोड मरम्मत, खरखौदा विधानसभा क्षेत्र की 20 सड़कों, राई विधानसभा क्षेत्र की 18 सड़को, गन्नौर



विधानसभा क्षेत्र की 14 सड़कों मरम्मत के लिए आधारशिला रखी। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि करदाताओं की सुविधा के बिल्डिंग में मिलेगी, गुरूग्राम में पहला संसाधन भवन बनाया, सोनीपत का संसाधन भवन लोकार्पित किया है। अब रेवाड़ी में बनाएंगे। एक्साईज और टैक्सेशन एक साथ ही एक ही स्थान पर आ गए हैं। रेवेन्यू में करीब 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, हरियाणा राज्य का रेवेन्यू कलैक्शन 22 प्रतिशत है। हमारा लक्ष्य है कि सोनीपत इस मामले में 25 प्रतिशत तक पहुंच जाए। सांसद रमेश कौशिक ने उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का स्वागत किया और विकास को गति देने के लिए आभार जताया। आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रधान सचिव देविंद्र सिंह कल्याण ने उप-मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया और विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रदेश में करीब 33 हजार 527 करोड़ रुपए जीएसटी प्राप्त हुआ। टैक्स कलैक्शन में उत्तर भारत में हरियाणा शीर्ष स्थान पर रहा। 25 करोड़ की लागत से बना भवन में पांच तल का है और यह 21 माह में तैयार हो गया है। राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली, गन्नौर हलका विधायक निर्मल चौधरी, उपायुक्त ललित सिवाच, उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त सुरेंद्र लाठर, चेयरमैन सुमित राणा, चेयरमैन पवन खरखौदा, पूर्व विधायक रमेश खटक, डीआरओ हरिओम अत्री, एसई नवनीत नैन, तहसीलदार जिवेंद्र मलिक, ईटीओ हरित चौधरी, ईटीओ संगीता डबास, एक्सईएन प्रशांत कौशिक, एक्सईएन पंकज गौड़ सहित अन्य ईटीओ आदि उपस्थित रहे।

## पीड़िता ने एसपी से फिर लगाई आरोपियों की गिरफ्तारी की गुहार



**हिसार ( हिंस )।** सेक्टर 1-4 की दो बहनों के साथ हुई छेड़छाड़ व मारपीट की घटना के 18 दिन गुजरने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे पीड़ित पक्ष में रोष है। पीड़िता ने बुधवार को फिर दूसरी बार एसपी गंगाराम पूनिया से मुलाकात की। पीड़िता ने एसपी से कहा कि आरोपित काफी प्रभावशाली और दबंग है जिस कारण पुलिस प्रशासन भी उनके दबाव में है। इस घटना के बाद दोनों पक्षों को एडीजीपी कार्यालय में बुलाकर जांच की जा चुकी है, वहीं पीड़ित पक्ष एसपी गंगाराम पूनिया से मिलकर भी सच्चाई बयान कर चुका है। पुलिस ने फिर से पीड़ित बहनों के बयान तक दर्ज कर लिए है लेकिन आरोपियों में पुलिस का कोई डर भय नहीं है इसलिए किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपीगण अब भी पीड़ित पक्ष को समझौते के लिए डरा धमकाकर दबाव बना रहे है। बुधवार को फिर से दूसरी बार पीड़िता एसपी गंगाराम पूनिया से मिलने आई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। पीड़िता ने अपनी दरखास्त में एसपी को कहा की उन्हे आरोपियों से जानमाल का खतरा बना हुआ है। समझौते के दबाव को सहने में असमर्थ है, इसलिए अगर जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वो परिवार सहित पलायन करके एडीजीपी कार्यालय के बाहर सोमवार से अनशन के साथ धरना शुरू कर देगी जिसकी सारी जिम्मेदारी हिसार एसपी व एडीजीपी की होगी।

## सरकार के महंगाई राहत कैंप में चला मोदी हटाओ-देश बचाओ का वीडियो, जांच का आदेश

**दौसा ( हिंस )।** पंचायत समिति परिसर में चल रहे महंगाई राहत कैम्प में सोमवार को उस समय हास्यास्पद स्थिति हो गई जब यहां लगी टीवी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के नेताओं के भाषण का वीडियो चल गया। वीडियो में आप पार्टी के नेता प्रधानमंत्री के खिलाफ मोदी हटाओ-देश बचाओ भाषण दे रहे थे। इस मामले के उजागर होने के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई है। मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दूसरी तरफ भाजपा ने कांग्रेस पार्टी व प्रशासन पर आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि पंचायत समिति सभागार में चल रहे महंगाई राहत शिविर में सोमवार को बड़ी संख्या में लोग रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे हुए थे। इसी दौरान वहां लगी टीवी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के नेताओं के भाषण का वीडियो चल गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद से ही प्रशासनिक महकमों में हडकंप मचा हुआ है। इस संबंध में कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा महंगाई राहत कैंप में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं महंगाई राहत कैंप से संबंधित 10 योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने के ही निर्देश दिए गए थे। अन्य किसी प्रकार के वीडियो या ऑडियो प्रसारण करने संबंधित कोई निर्देश नहीं थे। पंचायत समिति के महंगाई राहत कैंप में एक वीडियो चलने की जानकारी मिली है, जिसकी जांच करवाई जा रही है। जांच में दोषी पाए गए अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. प्रभुदयाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार जनविरोधी सरकार है।

## वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत की स्थिति चिंताजनक : अमित नेहरा

### एनसीआर मीडिया क्लब ने वर्ल्ड प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर की संगोष्ठी

**गुरुग्राम ( हिंस )।** एनसीआर मीडिया क्लब ने बुधवार को एक संगोष्ठी करके वर्ल्ड प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया। संगोष्ठी में क्लब के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। क्लब ने इस अवसर पर पत्रकारिता के दायित्व को निभाते हुए अपनी जान गंवाने वाले देश व विदेश के पत्रकारों को श्रद्धांजलि भी दी। इस अवसर पर क्लब के प्रेसिडेंट अमित नेहरा ने कहा कि यह दिन हर वर्ष प्रेस की स्वतंत्रता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, लेकिन वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत की स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि संसार के कुल 180 देशों में भारत का स्थान 161वां है। ग्लोबल मीडिया वाचडॉग संस्था रिपोर्टर्स विदऑउट बॉर्डर्स हर साल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह रिपोर्ट प्रकाशित करती है। अमित नेहरा ने कहा कि वर्ष 2010 में भारत इस तालिका में 122वें पायदान पर था पर 2023 में हम 161वें स्थान पर लुढ़क चुके हैं। इस नॉर्वे, आयरलैंड व डेनमार्क इस सूची में टॉप पर हैं, जबकि वियतनाम, चीन और उत्तरी कोरिया इसमें सबसे नीचे हैं। क्लब के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट प्रदीप डबास ने बताया कि दिसंबर 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 मई को प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाने की घोषणा की थी। तभी से हर साल 3 मई को ये दिन मनाया जाता है। हर वर्ष यह दिन किसी थीम पर आधारित होता है। इस बार इसकी थीम है- अधिकारों के भविष्य को आकार देना: अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अन्य सभी मानवाधिकारों के चालक के रूप में। क्लब के महासचिव नवीन धमीजा ने कहा कि 3 मई प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने का दिन है। इसमें मूल रूप से तीन बातों पर ज़ोर दिया जाता है जिसमें पहली है-प्रेस की स्वतंत्रता के मूल सिद्धांतों का जश्न मनाया जाना, दूसरी-दुनिया भर में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आंकलन करना और तीसरा-मीडिया को उसकी स्वतंत्रता पर होने वाले हमलों से बचाना शामिल है। इस गोष्ठी में क्लब की वाईस प्रेसिडेंट सरोज अग्रवाल, ट्रेजरर राज वर्मा, मनीष राज मासूम, अल्पना सुहासिनी, संजय मेहरा, भगत सिंह तेवतिया, हनु सैनी, सीमा गिल, संजय राघव, महेश शर्मा, सीमा सैनी, मुकेश



बघेल, पवन नेहरा, रेनू कैलाश, संजीव सैनी और प्रियंका सरकार सहित क्लब के अनेक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।



# सीएमआईई का दावा : देश में बेरोजगारी बढ़कर चार माह के शीर्ष पर, ग्रामीणक्षेत्रों में घटी

**नई दिल्ली।**
देश में बेरोजगारी दर अप्रैल, 2023 में बढ़कर चार महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में गिरावट आई है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी दर बढ़कर 8.11 फीसदी पर पहुंच गई। यह दिसंबर, 2022 के बाद इसका उच्च स्तर है। उस समय भी बेरोजगारी दर 8.11 फीसदी ही रही थी, जबकि मार्च, 2023 में 7.8प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के मुताबिक, शहरी इलाकों में बेरोजगारी दर पिछले महीने बढ़कर 9.81 फीसदी पर पहुंच गई। मार्च, 2023 में यह 8.51 फीसदी रही थी। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर मार्च, 2023 के 7.47 फीसदी से घटकर अप्रैल में 7.34 फीसदी रह गई। सीएमआईई का कहना है कि देश में उपलब्ध नौकरियों की तुलना में अधिक लोग श्रमबल का हिस्सा बन रहे हैं। श्रम भागीदारी में बढ़ोतरी से बेरोजगारी दर में वृद्धि दर्ज की गईहै।

**रोजगार मिलने की दर मार्च, 2020 के बाद सबसे ज्यादा** - देश के श्रमबल में पिछले महीने 2.55 करोड़ लोग जुड़े। इसके साथ ही श्रमबल में शामिल कामगारों की कुल संख्या बढ़कर 46.76 करोड़ पहुंच गई। रोजगार खोजने को लेकर आशावाद में वृद्धि से अप्रैल में श्रम भागीदारी दर (एलपीआर) बढ़कर 41.98 फीसदी पहुंच गई। यह तीन साल में सबसे अधिक है। श्रमबल में जुड़े लोगों में से 87 फीसदी के रोजगार पर कोई खतरा नहीं था क्योंकि अप्रैल में अतिरिक्त 2.21 करोड़ रोजगार पैदा हुए। इससे रोजगार मिलने की दर बढ़कर 38.57प्रतिशत पहुंच गई, जो मार्च, 2020 के बाद सर्वाधिक है।

**पर्याप्त नौकरियां पैदा करना सरकार के लिए चुनौती** - सीएमआईई के प्रमुख महेश व्यास का कहना है कि देश की बढ़ती आबादी के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी रहेगी। वह भी तब, जब वह अगली गर्मियों में होने वाले आम चुनाव के बाद तीसरे कार्यकाल की ओर देख रहे हैं। सीएमआईई के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अधिक अवसर पैदा हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### सियोल में प्रवासी भारतीयों से मिलीं वित्त मंत्री सीतारमण, विकास में शामिल होने का दिया न्योता

इंचियोन। भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए वृद्धि का इंजन बनना और दुनिया के सामने उत्पन्न चुनौतियों के समाधान में मदद करना जरूरी है।




सियोल में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि जी-20 की अध्यक्षता उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण चरण में आई है। भारत ने अध्यक्षता इंडोनेशिया से ग्रहण की और वर्ष के अंत में इसे ब्राजील को सौंप देगा। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने जिस तरह से महामारी को संभाला है और आर्थिक पुनरुद्धार को आगे बढ़ाया है, उसके कारण भी दुनिया के देशों की नजर है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को विकास में शामिल होने का न्योता भी दिया। सीतारमण एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए सियोल में हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि जी-20 तिकड़ीड्ड इंडोनेशिया, भारत और ब्राजील, सभी उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं हैं और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि वैश्विक दक्षिण देशों की आवाज सुनी जाए। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के वैश्विक मुख्य वित्त अधिकारी हार्क क्यू पार्क ने वित्त मंत्री से मुलाकात की। वित्त मंत्रालय ने ट्विटर पर लिखा है, दोनों के बीच भारत में नई प्रौद्योगिकी में भविष्य के निवेश पर चर्चा हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दक्षिण कोरिया की चार दिवसीय यात्रा शुरू की। यात्रा के दौरान वह एडीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 56वीं वार्षिक आम बैठक में भाग लेंगी। साथ ही निवेशकों को संबोधित करेंगी और गवर्नर्स बिजनेस की वार्षिक बैठक में भी भाग लेंगी।

### देश के रियल एस्टेट मार्केट में तेजीः 5 साल में सबसे ज्यादा मोहाली में बढ़े घरों के दाम, नए प्रोजेक्ट्स में गुजरात आगे



मुंबई। देश के टियर-2 शहरों के भी रियल एस्टेट मार्केट में टियर-1 की तरह ही तेजी है। 5 साल में देश के 30 टियर-2 शहरों में 3.14 लाख करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी बिकीं। टियर-2 शहरों में सबसे बड़ा रियल एस्टेट मार्केट अहमदाबाद रहा, लेकिन गांधीनगर, नासिक, पानीपत और नागपुर में रियल एस्टेट मार्केट अहमदाबाद से कहीं तेज गति से बढ़ा। मोहाली में पांच साल में प्रॉपर्टी की कीमतें सबसे ज्यादा 90प्रतिशत बढ़ीं। 2017-18 में 2,936 रुपए प्रति वर्गफुट पर मिल रही प्रॉपर्टी 2021-22 में बढ़कर 5,591 रुपए वर्गफुट हो गई। यहां प्रॉपर्टी हर साल 13प्रतिशत की दर से बढ़ी। जयपुर और भोपाल में प्रॉपर्टी के दाम 30 शहरों में सबसे ज्यादा बढ़े। यह आंकड़े रियल एस्टेट रिसर्च फर्म प्रापइक्विटी की देश के टियर-2 के 30 शहरों पर तैयार की गई रिपोर्ट के हैं। 5 साल में 30 शहरों में 3.14 लाख करोड़ रुपए की 6.53 लाख प्रॉपर्टी बिकीं। इस दौरान 5.99 लाख घर बनकर तैयार हुए। सबसे ज्यादा नए प्रोजेक्ट अहमदाबाद, वडोदरा और सूरत में आए। इसलिए टियर-2 शहरों में कुल 69प्रतिशत घर केवल गुजरात में बने। पांच साल में टियर-2 शहरों में सबसे ज्यादा 83,390 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी अहमदाबाद में बिकी।

### ईसीएलजीएस की मदद से 25 ग्राउंडेड विमानों को सेवा में लाने की योजना बना रहा स्पाइसजेट




नई दिल्ली। स्पाइसजेट ने अपने 25 ग्राउंडेड विमानों को फिर से सेवा में लाने की योजना बनाई है। पुनरुद्धार के लिए धन सरकार की आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) और बेहतर नकदी विकल्पों से जुटाया जाएगा। एयरलाइन ने पहले ही अपने ग्राउंडेड बेड़े को हवा में वापस लाने के लिए लगभग 400 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं जो इसके टॉप-लाइन में और इजाफा करेगा। स्पाइसजेट के चेयरमैन और एमडी अजय सिंह ने कहा है, हम अपने ग्राउंडेड विमानों को सेवा में वापस लाने के लिए सावधानीपूर्वक काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि एयरलाइन को मिलने वाली ईसीएलजीएस फंडिंग के अधिकांश हिस्से का इस्तेमाल खड़े विमानों को सेवा में वापस लाने के लिए किया जाएगा। इस इससे पीक ट्रैवल सीजन के दौरान अधिकतम लाभ उठाने में मदद मिलेगी। ईसीएलजीएस मई 2020 में भारत सरकार की ओर से कोविड-19 महामारी से प्रभावित एमएसएमई और अन्य व्यवसायों सहित पात्र उधारकर्ताओं को गारंटीकृत क्रेडिट प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी।

## गो फर्स्ट की उड़ानें तीन दिन बंद, यात्री परेशान

# 27 घरेलू और 8 इंटरनेशनल रूट पर 200 फ्लाइट चलाती है कंपनी, टिकट का पैसा लौटाएगी

**नई दिल्ली।**
कैश की तंगी से जूझ रही एयरलाइन गो फर्स्ट के यात्री परेशान हो रहे हैं। एयरलाइन्स ने 3, 4 और 5 मई के लिए फ्लाइट्स सस्पेंड कर दी हैं। उसके पास फ्यूल भरने का भी पैसा नहीं है। वो रोजाना 27 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 200 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती है।

फ्लाइट ऑपरेशन रद्द होने के बाद एयरलाइन टिकटों का पैसा भी वापस करेगी। रिफंड ओरिजिनल पेमेंट मोड के जरिए किया जाएगा। मतलब, जिन लोगों ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से टिकट का पेमेंट किया है, उनके क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में रिफंड दिखाई देगा। वहीं जिन्होंने नेट बैंकिंग से पेमेंट किया है, उन्हें रिफंड सीधे उनके अकाउंट में मिलेगा।

**दिल्ली पहुंचे तो पता चला फ्लाइट कैंसिल हो गई** - गो फर्स्ट की फ्लाइट पकड़ने दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे यात्री हरेंद्र सिंह ने कहा, मैं मेरठ से 3 बजे के आसपास दिल्ली के लिए निकला था, लेकिन यहां पहुंचने के बाद पता चला कि मेरी फ्लाइट कैंसिल हो गई है...कोई भी साफ-साफ कुछ कहने को तैयार नहीं है।

एयरलाइंस से टिकट बुक करने वाले एक अन्य यात्री ने कहा, हमने लेह जाने के लिए टिकट बुक कराए थे, अब फ्लाइट कैंसिल हो गई है। एक यात्री ने ट्वीट किया कि उनकी कनेक्टिंग फ्लाइट थी, जिसके बाद उन्हें ट्रेन पकड़ना था। अब क्या मुझे रिफंड मिलेगा अबू धाबी से दिल्ली पहुंचे एक यात्री ने कहा, मैं यहां फंस गया हूं। एयरलाइन ने कहा कि हमें 7 दिनों में रिफंड मिल जाएगा, लेकिन मेरे पास




पटना की अगली फ्लाइट के लिए 19 हजार रुपए नहीं हैं। ऐसे ही कई और यात्री है जो परेशान हो रहे हैं।

**नोटिस जारी कर 24 घंटे में मांगा जवाब** - डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने भी इस मामले में नाराजगी जाहिर की है। एयरलाइंस को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है और 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। वहीं एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सरकार हर संभव तरीके से एयरलाइन की मदद कर रही है और स्टेकहोल्डर्स से भी बात की है।

**समाधान कार्यवाही पर कल सुनवाई करेगा एनसीएलटी** - एयरलाइन ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल दिल्ली के पास समाधान कार्यवाही यानी रिजॉल्यूशन प्रोसेस के लिए एक आवेदन दायर किया है। एनसीएलटी 4 मई को इस पर सुनवाई करेगा। एयरलाइन चीफ कौशिक खोना ने कहा- फंड की किल्लत के कारण रिजॉल्यूशन प्रोसेस के लिए जाना पड़ा है।

**इंजन की सप्लाई नहीं होने से कैश की समस्या** - इंजन की सप्लाई से जुड़ी समस्या के कारण एयरलाइन इस स्थिति में पहुंची है। एयरक्राफ्ट इंजन मैन्युफैक्चरर प्रैट एंड व्हिटनी को गो फर्स्ट को इंजन की सप्लाई करनी थी, लेकिन उसने समय पर इसकी सप्लाई नहीं की। ऐसे में गो फर्स्ट को अपनी प्लीट के आधे से ज्यादा एयरक्राफ्ट ग्राउंडेड करने पड़े। फ्लाइट नहीं उड़ने के कारण उसके पास कैश की कमी हो गई और फ्यूल भरने के लिए भी भी पैसे नहीं बचे। एयरलाइन के ए20 नियो एयरक्राफ्ट में इन इंजनों का इस्तेमाल होता है।

**गो फर्स्ट के साथ कॉन्ट्रैक्ट में तीन बड़ी शर्तें थी** - विमान का इंजन खराब हो जाता है तो 48 घंटे के भीतर स्पेयर इंजन देना होगा। फॉल्टी इंजनों की फ्री में रिपेयरिंग करानी होगी क्योंकि सभी इंजन वॉरंटी में हैं। ग्राउंडेड विमानों के कारण हुए नुकसान का कॉम्पेनसेशन भी देना होगा। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2020 तक, समय पर स्पेयर इंजन उपलब्ध कराए, फ्री में रिपेयरिंग की और कॉम्पेनसेशन भी दिया। हालांकि, उसके बाद एयरलाइन को कुछ भी नहीं मिला। सीरियम के आंकड़ों के अनुसार, एयरलाइन ने पिछले साल मार्च में एक हफ्ते में 2,084 फ्लाइट ऑपरेट की थीं। विमानों के ग्राउंडेड होने के साथ इस साल मार्च तक ये आंकड़ा घटकर 1,642 पर आ गया।

**एयरलाइन ने अमेरिका की कोर्ट में याचिका लगाई** - इंडियन एविएशन रेगुलेटर के आंकड़ों से पता चलता है कि फ्लाइट के ग्राउंडेड होने के कारण मार्च में गो फर्स्ट की बाजार हिस्सेदारी जनवरी में 8.4प्रतिशत से गिरकर 6.9प्रतिशत हो गई। एयरलाइन ने इसे लेकर अमेरिका की डेलावेयर कोर्ट में पिटीशन भी दाखिल की है। एयरलाइन ने दावा किया है कि अगर इंजनों की जल्द सप्लाई नहीं की गई तो वह दिवालिया हो जाएगी।

**एयरलाइन का पेमेंट नहीं करने का लंबा इतिहास** - दिवालिया होने की कगार पर पहुंची बजट एयरलाइन गो फर्स्ट को लेकर उसके इंजन सप्लायर प्रैट एंड व्हिटनी का बयान सामने आया है। कहा कि गो फर्स्ट का समय पर पेमेंट नहीं करने का लंबा इतिहास रहा है। वो सब कुछ, जो आपके लिए जानना जरूरी है गो-फर्स्ट का घरेलू मार्केट में हिस्सा करीब 7प्रतिशत पर है। अभी प्रतिदिन कुल विमान यात्रियों की संख्या 4 लाख है। ऐसे में 28 से 30 हजार विमान यात्रियों का बोझ दूसरी एयरलाइंस पर जाएगा। उन्हें संभालना चुनौती साबित होगा। हालांकि, जब पायलटों की डिमांड बढ़ रही है तो अचानक एक कंपनी के दिवालिया होने से वर्कफोर्स की उपलब्धता बढ़ेगी।

# इस साल आ सकती है वैश्विक मंदी, आपूर्ति व्यवस्था में बदलाव से भारत को होगा लाभ



**नई दिल्ली।**
तमाम अनिश्चितताओं के बीच दुनियाभर के अर्थशास्त्रियों का मानना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था इस साल मंदी की चपेट में आ सकती है। हालांकि, दुनियाभर में आपूर्ति व्यवस्था में हो रहे बदलाव से भारत व उसके जैसी अर्थव्यवस्था वाले देशों को लाभ होगा।


विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अर्थशास्त्रियों के बीच किए गए सर्वे में कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि और महंगाई की स्थिति विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से अलग-अलग होगी। दुनियाभर के अर्थशास्त्रियों के वैश्विक अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को लेकर अलग-अलग विचार हैं।

कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर मंदी इस साल आने की आशंका है, जबकि कुछ इससे सहमत नहीं हैं। यह सर्वे डब्ल्यूईएफ से जुड़े मुख्य अर्थशास्त्रियों की राय के आधार पर तैयार की गई है। आर्थिक परिदृश्य का ताजा संस्करण वर्तमान आर्थिक वृद्धि की अनिश्चितता को बताता है। हालांकि, श्रम बाजार फिलहाल मजबूत साबित हो रहा है, लेकिन वृद्धि सुस्त बनी हुई है। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ रहा है और कई देशों में रहन-सहन की लागत ऊंची बनी हुई है। सर्वे में कहा गया है कि सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, वाहन, औषधि, खाद्य, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में मुख्य रूप से आपूर्ति व्यवस्था में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस बदलाव से जो क्षेत्र सबसे ज्यादा लाभान्वित होंगे, उसमें दक्षिण एशिया, पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र, लैटिन अमेरिका, कैरेबियाई देश और अमेरिका शामिल हैं। देशों के स्तर पर भारत, तुर्किये, वियतनाम, इंडोनेशिया, मेक्सिको, थाईलैंड और पोलैंड को ज्यादा लाभ होगा। ज्यादातर अर्थशास्त्रियों का मानना है कि हाल में वित्तीय क्षेत्र में जो संकट आया है, वह व्यवस्था के स्तर पर कोई बड़ी समस्या नहीं है। हालांकि, इस साल बैंकों के विफल होने के और मामले सामने आ सकते हैं। आर्थिक नीति के मोर्चे पर 72 फीसदी अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि अगले तीन साल में विभिन्न देशों में सक्रियता के साथ औद्योगिक नीति को लागू करने का चलन बढ़ेगा।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में मामूली बदलाव

**नई दिल्ली।**
**अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आई। क्रूड (कच्चा तेल) 0.20 फीसदी नीचे आकर 71.52 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड भी 0.17 फीसदी नीचे आकर 75.19 डॉलर पर पहुंच गया है। इससे देश के घरेलू बाजार में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुछ जगहों पर हल्का बदलाव आया है।**

उत्तर प्रदेश में पेट्रोल की कीमतों में 41 पैसे और डीजल में 39 पैसे की गिरावट आई है। इसके साथ ही पंजाब और राजस्थान में भी पेट्रोल की कीमत में 13 पैसे की गिरावट आई है। नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में भी 96.26 रुपये और डीजल 89.45 रुपये प्रति लीटर आ गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.43 रुपये और डीजल 89.63 रुपये प्रति लीटर पर है।




पटना में पेट्रोल 107.59 रुपये और डीजल 94.36 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

वहीं चारों महानगरों की बात करें तो इनमें कीमतें पहले की तरह ही हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर जबकि कोलकाता में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसके अलावा चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर पर है। दूसरी ओर महाराष्ट्र में पेट्रोल की कीमतें 31 पैसे और डीजल 30 पैसे बढ़ी हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 44 और 41 पैसे बढ़ीं हैं

# स्टार्टअप को 611 करोड़ की शुरुआती पूंजी आवंटित, चार साल में 945 करोड़ देगा केंद्र

**नई दिल्ली।**
सरकार ने स्टार्टअप के प्रोत्साहन के लिए शुरू की गई सीड फंड (शुरुआती पूंजी) उपलब्ध कराने की योजना के तहत इंक्यूबेटर को 611 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इनमें से 61 करोड़ रुपये अब तक स्टार्टअप को दिए जा चुके हैं। सरकार ने अप्रैल, 2021 में 945 करोड़ रुपये के आवंटन से स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना शुरू की थी। इस राशि को वित्त वर्ष 2024-25 तक आवंटित किया जाना है। उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) में संयुक्त सचिव मनमीत नंदा ने कहा, योजना शुरू होने के दो साल के भीतर यह योजना नवाचार को बढ़ावा देने में मददगार साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इंक्यूबेटर (नए स्टार्टअप को शुरुआती समर्थन




देने वाले संस्थान) के माध्यम से योग्य पाए जाने वाले नवाचारी स्टार्टअप को इस फंड के जरिये आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है।

**1000 से अधिक स्टार्टअप ने उठाया लाभ** - नंदा ने कहा, योजना के तहत 165 इंक्यूबेटर को चुना गया है। इनके लिए सरकार ने 611 करोड़ मंजूर किया है। योजना से 1,000 से अधिक स्टार्टअप लाभ उठा चुके हैं। विभाग योजना के तहत 945 करोड़ की पूरी राशि के इस्तेमाल में सफल रहेगा। जरूरत होने पर अलग से राशि की भी मांग रखी जाएगी। वित्त मंत्रालय ने कहा, योजना 17 अप्रैल, 2023 से शुरू होगी और दावा जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2023 है। सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जीईएम) ने योजना के क्रियान्वयन के लिए अलग से वेब पेज बनाया है।

### किशोर बियानी सहित 13 पर 20 लाख का जुर्माना

सेबी ने फ्यूचर कॉरपोरेट रिसोर्सेस (एफसीआरएल) और किशोर बियानी सहित 13 लोगों पर 20 लाख का जुर्माना लगाया है। इसे 45 दिनों के अंदर भरना होगा।

दरअसल, प्रैक्सिस के 30 लाख इक्विटी शेयरों को इसकी प्रवर्तक एफसीआरएल को आवंटित किया गया था। एफसीआरएल व अन्य को शेयरों के अधिग्रहण और खरीद नियम के तहत खुली पेशकश की घोषणा करनी चाहिए थी, जो नहीं किया।

## ट्विटर ने एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस से पेवॉल सिस्टम हटाया

# अब फ्री में एपीआई एक्सेस कर सकेंगे इमरजेंसी सर्विसेस और ट्रांसपोर्ट एजेंसियां

**नई दिल्ली।**
ट्विटर अपने एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस को पेवॉल के पीछे रखने के अपने फैसले से पीछे हट गया है। ट्रांसपोर्ट एजेंसियों और इमरजेंसी सर्विस प्रोवाइडर्स को अपने एपीआई को फ्री में एक्सेस करने की परमिशन दे दी है।

ट्विटर ने फरवरी में अपने एपीआई को फ्री में एक्सेस करना बंद कर दिया था। कंपनी ने इसके बजाय दुनिया भर के डेवलपर्स के लिए एक पेड वर्जन लॉन्च किया था। इस निर्णय के बाद कई इमरजेंसी सर्विसेस और ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को प्लेटफॉर्म पर अलर्ट पोस्ट करने में परेशानी हो रही थी। मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी और बे एरिया रैपिड ट्रांजिट ने भी अपने एपीआई एक्सेस में बाधा का अनुभव किया। अब एलन मस्क ने कुछ यूजर्स के लिए अपना निर्णय बदल दिया है। ट्विटर एपीआई के फ्री वर्जन से हर महीने 1,500 ट्वीट हो सकेंगे किए गए ट्वीट में कहा गया कि, ट्विटर एपीआई सबसे जरूरी मामलों में हमेशा से एक पब्लिक यूटिलिटी प्लेटफॉर्म रहा है। वेरिफाइड गवर्नमेंट या पब्लिक सर्विस प्रोवाइड करने वाली एजेंसियां जो मौसम अलर्ट, ट्रांसपोर्ट अपडेट और इमरजेंसी इन्फॉर्मेशन ट्वीट करती हैं, वे मुफ्त में एपीआई यूज कर सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्विटर के एपीआई के फ्री वर्जन के साथ यूजर्स हर महीने सिर्फ 1,500 ट्वीट पोस्ट कर सकेंगे।

**सीईओ पराग अग्रवाल को निकाला था** - एलन मस्क ने 27 अक्टूबर 2022 को 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर खरीदा था। इसके बाद मस्क ने कंपनी के चार टॉप ऑफिशियल्स को निकाल दिया था। इनमें सीईओ पराग अग्रवाल, फाइनेंस चीफ नेड सेगल, लीगल एग्जीक्यूटिव्स विजया गड्डे और सीन एडगेट शामिल हैं। इसके बाद चीफ मार्केटिंग ऑफिसर लेस्ली बेरलैंड, चीफ कस्टमर ऑफिसर सारा पर्सनेट और




ग्लोबल क्लाइंट सॉल्यूशंस के वाइस प्रेसिडेंट जीन-फिलिप महू को बाहर कर दिया गया था।

**50प्रतिशत से ज्यादा कर्मचारियों को निकाला** - एलन मस्क ट्विटर के 7,500 एम्प्लॉइज में से 50प्रतिशत से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल चुके हैं। इसके बाद उन्होंने बचे हुए एम्पलॉइज को कंपनी में बने रहने के लिए अल्टीमेटम देते हुए ईमेल किया था। एम्प्लॉइज को भेजे एक ईमेल में मस्क ने लिखा था, कर्मचारियों को एक सफल ट्विटर 2.0 बनाने के लिए बहुत परिश्रमी होने की जरूरत होगी। साथ ही सफलता के लिए देर तक काम और उच्च क्षमता दिखानी होगी। ईमेल में कहा गया था कि जो भी एम्पलॉइज कंपनी का हिस्सा बने रहना चाहते हैं वो ईमेल में दिए गए लिंक पर 'हां' में क्लिक करें। जिस किसी ने ऐसा नहीं किया, उसे निकाले जाने का तीन महीने का नोटिस मिलेगा। आप जो भी निर्णय लें, ट्विटर को सफल बनाने के आपके प्रयासों के लिए धन्यवाद। इस ईमेल के बाद काफी सारे एमप्लॉइज ने इस्तीफा दे दिया था।

**ट्विटर पर ट्रम्प की वापसी करवाई थी** - नवंबर 2022 में मस्क ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्विटर अकाउंट बहाल किया था। उन्होंने ट्विटर पर ट्रम्प की वापसी को लेकर एक पोल किया था। उन्होंने पूछा था, क्या प्रेसिडेंट ट्रंप का अकाउंट बहाल किया जाना चाहिए। हां या ना। 1.5 करोड़ से ज्यादा यूजर्स ने वोटिंग में हिस्सा लिया और 52प्रतिशत लोगों ने हां में जवाब दिया था।

**ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस** - ट्विटर यूजर्स के अकाउंट से 20 अप्रैल के बाद ब्लू चेकमार्क (ब्लू टिक) हटा दिया गया है। ब्लू चेक मार्क पहले राजनेताओं, प्रसिद्ध हस्तियों, पत्रकारों और अन्य सार्वजनिक हस्तियों के वेरिफाइड अकाउंट के लिए रिजर्व था। मस्क के ट्विटर टेकओवर के बाद इसे ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस में जोड़ा गया। अब चेकमार्क के लिए क्राइटेरिया आपके अकाउंट में एक डिस्प्ले नेम और प्रोफाइल फोटो होनी चाहिए। ब्लू सर्विस के लिए अकाउंट पिछले 30 दिन से एक्टिव होना चाहिए। अकाउंट 90 दिन से ज्यादा पुराना और कन्फर्म्ड फोन नंबर होना चाहिए। प्रोफाइल फोटो, डिस्प्ले नेम में कोई हालिया बदलाव नहीं होना चाहिए।


# पोन्नियिन सेल्वन 2 के रिव्यू पर अभिषेक ने की ऐश्वर्या के काम की तारीफ



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिषेक बच्चन ने पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन के काम की तारीफ की है। गौरतलब है कि अभिषेक बच्चन ट्विटर पर एक्टिव रहते हैं। इस पर अगर कोई उन्हें या उनके परिवार के बारे में कुछ अच्छा-बुरा कहता है तो वो फौरन जवाब देते हैं। हाल में उन्होंने पोन्नियिन सेल्वन 2 का रिव्यू शेयर किया। मणिरत्नम की डायरेक्टेड फिल्म में उनकी पत्नी और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय मुख्य भूमिका में हैं। जहां अभिषेक ने फिल्म में ऐश्वर्या के काम की तारीफ की। वहीं एक शख्स ने उनसे कहा कि वो बेटी का ख्याल खुद रखें और पत्नी को ज्यादा फिल्में साइन करने दें। इस पर एक्टर ने रिएक्ट किया है। पोन्नियिन सेल्वन 2 पर अपने विचार साझा करते हुए अभिषेक बच्चन ने लिखा, पीएस 2 शानदार फिल्म है। अपनी फीलिंग्स बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। पूरी टीम ने बढ़िया काम किया है। मुझे अपनी पत्नी पर फक्र है क्योंकि शायद अभी तक का उनका ये सबसे बेहतरीन काम है। इसी ट्वीट पर एक यूजर ने कमेंट किया। लिखा, आपको गर्व होना भी चाहिए। अब आप उन्हें ज्यादा मूवीज साइन करने दीजिए और आप खुद बेटी आराध्या का ख्याल रखिए। इस पर अभिषेक बच्चन ने जवाब दिया। उन्होंने लिखा, मैं उन्हें साइन करने दूं? सर, उनको मेरी किसी भी चीज में इजाजत की जरूरत नहीं है। खासकर उसमें जो उन्हें करने में अच्छा लगता है। अभिषेक के इस जवाब के बाद लोगों ने उनकी तारीफ करनी शुरू कर दी। लोगों ने कहा कि उन्होंने बढ़िया जवाब दिया है। एक ने कहा- पति हो तो ऐसा। एक ने कहा- बहुत सही कहा सर। हम आप दोनों को साथ में स्क्रीन पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक ने लिखा- सुनकर अच्छा लगा।

# अर्जुन रामपाल बिना शादी के करेंगे दूसरे बच्चे का स्वागत

## - एक्टर की गर्लफ्रेंड ने दी खुशखबरी





**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल बिना शादी के दूसरे बच्चे का स्वागत करने को तैयार है। एक्टर की गर्लफ्रेंड ने यह खुशखबरी दी है।अर्जुन राजपाल की गर्लफ्रेंड और साउथ अफ्रीकन मॉडल गैब्रिएला डेमेट्रियड्स ने अपने नए पोस्ट से बताया है कि वह जल्द ही अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। गैब्रिएला डेमेट्रियड्स ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अपने बेबी की कुछ खास तस्वीरों को भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, रियलिटी या आर्टफिशियल इंटेलीजेंस? मैटरनिटी फोटोशूट से गैब्रिएला को देख फैंस उन्हें और अर्जुन को कमेंट सेक्शन में कमेंट कर उन्हें बधाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि 18 जुलाई 2019 अर्जुन रामपाल और ग्रैब्रिएला ने बेटे अरिक रामपाल का स्वागत किया था। ग्रैब्रिएला जहां अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करेंगी। वहीं अर्जुन चौथी बार पिता बनने जा रहे हैं। बता दें कि अर्जुन ने 1998 में सुपरमॉडल मेहर जेसिया से शादी की थी। इस शादी से दो बेटियां महिका और मायरा हैं। महिका का जन्म 2002 में जबकि मायरा का जन्म 2005 में हुआ था। हालांकि अफसोस अर्जुन-मेहर ने साल 2019 का तलाक हो गया। शादी के 21 साल बाद दोनों एक दूसरे से हमेशा के लिए अलग हो गए। मेहर अलग रहने के बाद अर्जुन अपनी गर्लफ्रेंड और बेटे के साथ अगल रहने लगे थे। दोनों करीब 7 साल रिलेशनशिप में हैं। मालूम हो कि अर्जुन रामपाल भले ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ की वजह से खबरों में कम रहते हो, लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ हमेशा से ही सुर्खियों में रही है। इस बार भी वह अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से खबरों में हैं।

# परिणीति-राघव 13 मई को करने जा रहे सगाई





बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा की शादी की चर्चा काफी दिनों से हैं। परिणीति और राघव को कई बार साथ देखा गया है। अब परिणीति और राघव की शादी को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक परिणीति और राघव चड्ढा की सगाई की तारीख तय हो गई है। दिल्ली में 13 मई को सगाई होगी। फिलहाल परिणीति और राघव दोनों ही अपने काम में काफी व्यस्त हैं। सूत्रों ने बताया कि परिणीति और राघव जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। शादी की बातों को लेकर परिणीति और राघव की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक परिणीति और राघव अक्टूबर महीने में शादी के बंधन में बंध जाएंगे।

# खूबसूरत और बोल्ड तस्वीरों से भरा पड़ा मौनी का अकाउंट



टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस मौनी रॉय का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी खूबसूरत और बोल्ड तस्वीरों से भरा पड़ा है। उन्होंने अपनी कुछ साड़ी लुक की तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें खूब लाइक किया जा रहा है। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में मौनी रॉय गोल्डन साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही हैं। मुकेश वर्क की साड़ी में एक्ट्रेस अपने किलर फिगर को फ्लॉन्ट कर रही हैं। डीप नेक ब्लाउज में उनका बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। मिनिमल मेकअप और खुले बालों से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कंप्लीट किया है और कैमरे के सामने ड्रेसिंग टेबल के पास खड़े होकर मदमस्त अदाएं दिखा रही हैं।

फैंस मौनी की इन अदाओं के खूब दीवाने हो रहे हैं और कमेंट कर उनकी तारीफ भी कर रहे हैं। काम की बात करें तो मौनी रॉय को आखिरी बार रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र में देखा गया था।

# म्यूजिक स्कूल विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया


## - प्रमुख अभिनेता शरमन जोशी भी शामिल हुए



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** फिल्म म्यूजिक स्कूल की थियेटेरिकल रिलीज से पहले, निमार्ताओं ने दिल्ली के शिव नादर विश्वविद्यालय में फिल्म की एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। स्क्रीनिंग में पापराव बियाला के अलावा प्रमुख अभिनेता शरमन जोशी भी शामिल हुए। यह फिल्म पापाराव बियाला द्वारा निर्मित और निर्देशित आगामी इलैयाराजा संगीत से सजी है। कुल 200 से अधिक छात्रों ने स्क्रीनिंग में भाग लिया और श्रिया सरन-शरमन जोशी अभिनीत फिल्म की प्रशंसा की। विशेष स्क्रीनिंग में, इंजीनियरिंग, हुमैनिटीज, प्राकृतिक विज्ञान और मैनेजमेंट सहित विभिन्न विभागों से 18 से 23 वर्ष के आयु वर्ग के 200 से अधिक छात्रों ने अभिनेता शरमन जोशी और निर्देशक और निमार्ता पापाराव बियाला के साथ बातचीत की। फिल्म के विषय को दिल से समझते हुए, छात्रों ने फिल्म की टीम के साथ बातचीत की और अपना प्यार बरसाया। म्यूजिक स्कूल समाज, माता-पिता और शिक्षकों द्वारा युवा छात्रों के अधीन अकादमिक दबाव की संवेदनशील और प्रचलित चिंता का एक संगीतमय वर्णन है। फिल्म में ग्यारह गानों का समावेश है, उनमें से तीन को द साउंड ऑफ म्यूजिक से रीक्रिएट किया गया है, जिसे भारतीय दर्शकों की संवेदनाओं के अनुरूप फिल्म में स्थितिगत रूप से खूबसूरती से बुना गया है। 25 अप्रैल को साउथ स्टार विजय देवरकोंडा द्वारा डिजिटली ट्रेलर अनावरण करने के बाद, म्यूजिक स्कूल का ट्रेलर मंगलवार, मुंबई में फिल्म के कलाकारों और क्रू की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। माता-पिता, शिक्षकों और समाज के भारी शैक्षणिक दबाव के बीच बच्चों के लिए परफार्मिंग आर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए एक संगीत और नाटक शिक्षक के संघर्ष को दशार्ते हुए, ट्रेलर दर्शकों को एक संगीतमय यात्रा पर ले जाता है। निमार्ता और वितरक 12 मई को रिलीज होने से पहले स्कूलों और कॉलेजों के लिए कई शो की योजना बना रहे हैं, जिसमें 8 मई को जेएनयू, दिल्ली में एक स्क्रीनिंग भी शामिल है। श्रिया सरन और शरमन जोशी को संगीत और नाटक शिक्षक के रूप में अभिनीत करते हुए, ट्रेलर में ग्रेसी गोस्वामी और ओजू बरुआ सहित युवा कलाकारों के साथ एक संगीतमय नाटक द साउंड ऑफ म्यूज़िक को बनाने का प्रयास करते हुए दिखाया गया है।

# समांथा को तलाक देने के फैसले पर नागा चैतन्य ने कहा- पछतावा नहीं





साउथ एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु और एक्टर नागा चैतन्य के बीच तलाक हुए काफी समय गया है। अक्सर इन दोनों से जब तलाक के बारे में पूछा जाता है, तो समांथा सवालों का जवाब देती हैं, लेकिन नागा चैतन्य बोलने से मना कर देते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने तलाक के फैसले को लेकर अपने जवाब में कहा कि मुझे जीवन में किसी बात का पछतावा नहीं है। नागा चैतन्य से एक इंटरव्यू में तलाक के फैसले के बारे में पूछा गया। इस पर अभिनेता ने कहा, मुझे जीवन में किसी बात का पछतावा नहीं है, क्योंकि हर चीज मेरे लिए एक सबक रही है। मैंने इससे कुछ सीखा। मैंने भले ही दो या तीन अच्छी फिल्मों को ठुकरा दिया हो, लेकिन मुझे इसका भी कोई मलाल नहीं है। समांथा से तलाक के बाद नागा चैतन्य ने सोभिता धूलिपाला को डेट करना शुरू कर दिया है। हाल ही में दोनों की लंदन के एक रेस्टोरेंट में फोटो वायरल हुई थी। इसमें एक्ट्रेस कैमरे से अपना चेहरा छुपाती नजर आ रही थीं। नागा वहां शेफ से बात करते नजर आए।

# मीडिया को भी धाकड़ कंगना से लगता है डर



बॉलीवुड की धाकड़ एक्ट्रेस कंगना रनौत के बेबाक मिजाज के कारण हर कोई उससे पंगा लेने से डरता है। इसी बीच कंगना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह मीडिया से ऐसी बात कहती नजर आईं, जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कंगना रनौत हाल ही में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई हैं। कंगना ने बताया कि वह अभी हरिद्वार जा रहीं हैं और इसके बाद वह केदारनाथ जाएंगी। इस दौरान कंगना ने सफेद रंग की बेहद ही खूबसूरत सिल्क स्टाइल साड़ी पहनी। इस साड़ी में गोल्डन कलर का बॉडर बना हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने गले में स्टोन का नेकलेस कैरी किया है। अपने इस लुक को उन्होंने ब्लैक सनग्लासेस से कम्प्लीट किया। साथ ही स्टाइलिश ब्राउन बैग कैरी किया है। बालों की बात करें तो कंगना ने अपने कर्ली हेयर को हाफ क्लच कर स्टाइल दिया है।

# पहली बार मेट गाला इवेंट में शामिल हुईं आलिया भट्ट



मनोरंजन की दुनिया के महत्वपूर्ण पुरस्कार समारोह मेट गाला में दुनियाभर से कई कलाकार शिरकत करते नजर आये हैं। यह फैशन शो हर साल आयोजित किया जाता है। इस अवॉर्ड समारोह में बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने भी शिरकत की और उनकी ड्रेस ने सबका ध्यान खींचा। इस इवेंट में निक जोनास के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने भी शिरकत की। दीपिका पादुकोण भी मेट गाला में शामिल हुईं। एक्ट्रेस आलिया भट्ट पहली बार मेट गाला इवेंट 2023 के रेड कार्पेट पर अपनी खूबसूरती की झलक दिखाती नजर आईं हैं। व्हाइट गाउन में आलिया एंजेलिक लग रही हैं। इस साल का मेट गाला पुरस्कार समारोह न्यूयॉर्क, यूएसए में मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित किया गया। यह समारोह भारतीय समयानुसार 2 मई को शुरू हुआ। वोग ने मेट गाला लाइवस्ट्रीम को होस्ट किया। मेट गाला रेड कार्पेट पर दुनिया की सबसे बड़ी हस्तियां अपने शानदार फैशन और आउटफिट्स से सबका ध्यान खींचती हैं। शो में डिजाइनरों से लेकर सेलेब्स के ऑफबीट फैशन और ड्रेसिंग सेंस को दिखाया गया है। इस बार भी इस रेड कार्पेट पर बॉलीवुड की कई हस्तियां नजर आईं हैं। एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने पहली बार मेट गाला 2023 में शिरकत की। आलिया ने एक डिजाइनर प्रबल गुरुंग क्रिएशन पहनकर अपना गाला डेब्यू किया।

# रिलीज हुआ राकेश मिश्रा का धमाकेदार गाना 'मलाई बरफ'



भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में एक से एक बढ़कर धमाकेदार गाना लेकर दर्शकों के सामने आने वाले लोक गायक और अभिनेता राकेश मिश्रा का नया गाना मलाई बरफ रिलीज हो गया है। महज एक ही दिन में इसे एक मिलियन लोगों ने देख लिया है। यह गाना राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है, जिसे हर वर्ग के दर्शक पसंद कर रहे हैं। राकेश मिश्रा के गानों की फैन फॉलोइंग बहुत अधिक है, जिन्हें उनके हर गाने का इंतजार होता है। इतना ही नहीं, नए ऑडियंस भी राकेश मिश्रा के गाने को खूब पसंद करते हैं। यही वजह है कि उनका हर गाना वायरल हो जाता है। उनका नया गाना भी दिल को छू लेने वाला है। इस गाने को फैंस ने भी हार्ट टचिंग बताया है। गाने को लेकर राकेश मिश्रा ने एक वीडियो में कहा है कि यह गाना उनके दिल के करीब है। इसे भोजपुरी म्यूजिक लवर्स का बेहद प्यार मिलने वाला है। उन्होंने भोजपुरी के संगीत प्रेमियों से आग्रह किया है कि इस गाने को इतना प्यार दे कि सारे रिकॉर्ड टूट जाएं। राकेश मिश्रा ने कहा कि गर्मी के सीजन में लोग मलाई बरफ खाना पसंद करते हैं, ऐसे में जब पत्नी अपने पति से मलाई बरफ की डिमांड करती है और उसे जब यह मिल जाता है तो उनके चेहरे पर छाई खुशी दिलों को ठंडक दे जाती है। इस प्यार भरे लम्हे को हमने इस गाने में संजोया है, जो यकीनन हर किसी को पसंद आएगी। गाना मलाई बरफ को राकेश मिश्रा ने भोजपुरी की खूबसूरत फीमेल वॉइस शिल्पी राज के साथ रिकॉर्ड किया है। इस गाने में राकेश मिश्रा के साथ पारुल ठाकुर नजर आई हैं, जिनकी केमिस्ट्री को दर्शकों ने भी खूब सराहा है।

# अफवाह साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक

बालीवुड फिल्म अफवाह साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। दिलचस्प कहानी और प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ, सुधीर मिश्रा की यह अपकमिंग पफिल्म है। नवाजुद्दीन और भूमि पेडनेकर की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म खतरनाक अफवाहों के खिलाफ खड़े होने और लोगों के जीवन पर उनके प्रभाव के विषय के इर्द-गिर्द घूमती है। भूमि पेडनेकर के लिए, अफवाह का हिस्सा बनना एक प्रेरक अनुभव रहा है। अभिनेत्री का कहना है, अफवाह एक ऐसी कहानी है जो समय की जरूरत है। अफवाहों में बहुत ताकत होती है और यह महत्वपूर्ण है कि हम उनके खिलाफ खड़े हों। फिल्म में नवाजुद्दीन, भूमि पेडनेकर, शारिब हाशमी, सुमित कौल, सुमीत व्यास, रॉकी रैना और टीजे भानु हैं। फिल्म का निर्माण अनुभव सिन्हा ने अपने बैनर बनारस मीडिया वर्क्स के तहत किया है और यह 5 मई 2023 को रिलीज होगी।

## सूडोकु नवताल- 6420

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6419 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7167

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | स | बी | ला | प | इ | ज | हा | र | क | मां |
| ग | दा | औ | प | रिं | लै | ला | दि | शा | को | क |
| इ | ब | म | रि | दा | ल | अ | प | रि | हा | र |
| कु | हा | रु | हा | त | स | द | व | हा | र | म |
| व | र | न्न | र | क | ते | री | ग | स | ता | द |
| म | रि | प | व | गा | स | मा | हा | र | न | ती |
| गा | नु | स | अं | प | म | खे | क | ला | व | क |
| उ | जी | हा | ला | क | शा | सौ | व | हा | जू | क |
| प | थो | तें | र | ल | ज | का | त | न | नी | द |
| हा | ल | व्य | व | हा | र | ऐ | हा | न | हा | थ |
| र | सा | ल | व | कु | श | जा | एं | र | क | र |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछ 'हार' शब्द लगा है. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

उपहार, परिहार, अपरिहार, समाहार, मनुहार, सदाबहार, शाकाहार, खेवनहार, इजहार, व्यवहार

### शब्दजाल - 7166 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | रि | का | स | मा | न | न | प | क |
| न | का | क | वि | इं | डे | ने | ग | ति | मा | न |
| अ | दा | श | ल | मा | ग | स | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | मा | ब | न | स | पा | ह | लि | ल |
| त | अ | अ | सौ | न | जा | मे | ह | मा | न | दे |
| अ | भि | नु | मो | व | प | वा | स्ता | ह | यु | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | प | ला | य | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | या | बा | तें | व | न | ई | मा | न | जू | दे |
| र | प्र | ति | मा | न | सिं | ब्रा | स् | अ | प | श |
| बां | स | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6120

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | 4 | 3 | | 1 |
| | 33 | | 29 | | 33 | |
| 6 | 7 | | 1 | | | 2 |
| | 42 | 4 | 29 | 4 | 25 | |
| 5 | | 7 | | | | 3 |
| | 37 | 6 | 32 | 2 | 33 | 7 |
| 3 | | 1 | | | 6 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6119 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 |
| 1 | 37 | 6 | 29 | 2 | 29 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 38 | 4 | 29 | 4 | 29 | 4 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 7 | 33 | 2 | 32 | 6 | 37 | 7 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# केएल राहुल-उनादकट आईपीएल से बाहर : दोनों डब्लूटीसी फाइनल की टीम में, लेकिन खेलने पर संशय; आईपीएल से अब तक 16 खिलाड़ी बाहर

**मुंबई।**
लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल और तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन से बाहर हो गए हैं। केएल लखनऊ के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे। उनादकट को नेट्स के दौरान चोट लगी थी।

लखनऊ ने राहुल को 17 करोड़ में रिटेन किया है। उनादकट को 2022 में हुए मिनी ऑक्शन में लखनऊ ने 50 लाख की बेस प्राइस पर खरीदा था। ये दोनों खिलाड़ी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की टीम में शामिल हैं। अब इन दोनों के फाइनल मैच खेलने पर भी संशय है। फाइनल मैच इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 7 से 11 जून के बीच होना है। आईपीएल की बात करें तो अब तक इस टूर्नामेंट से 16 खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं। इनमें मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह, गुजरात टाइटंस के केन विलियम्सन और कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

### उनादकट नेट्स के दौरान बॉलिंग करते हुए गिर पड़े थे

लखनऊ की टीम प्रैक्टिस कर रही थी। जयदेव उनादकट नेट्स पर बॉलिंग कर रहे थे। इस दौरान उनका पैर फंसा और वो गिर पड़े। उनादकट कंधे के बल गिरे थे। इसके बाद जो तस्वीर सामने आई, उसमें उनादकट कंधे की आइसिंग करवाते दिखे।

### केएल राहुल के पैर में खिंचाव, चोट के बावजूद की थी बल्लेबाजी

केएल राहुल भी इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। आरसीबी की पारी के दूसरे ओवर में फाफ डु प्लेसिस का शॉट रोकने के दौरान उनके पैर में खिंचाव आ गया था। इसके बाद राहुल मैदान से बाहर चले गए थे। चोट के बावजूद राहुल बैटिंग करने आए थे, लेकिन उनकी टीम 18 रन से हार गई। बेंगलुरु ने 127 रन का टारगेट चेज नहीं करने दिया।

### क्या डब्लूटीसी फाइनल खेलेंगे राहुल और उनादकट

बीसीसीआई ने अभी मेडिकल टीम से बातचीत के बाद दोनों को आईपीएल के बचे हुए मैचों से बाहर कर दिया है। अब उनादकट और राहुल मुंबई में डॉक्टरों से सलाह लेंगे। मुंबई में ही दोनों का सीटी स्कैन भी होगा। इसके बाद वे चोट से उबरने के लिए बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में आशीष, ईरान के बॉक्सर को हराया



**ताशकंद** । टोक्यो ओलंपियन आशीष चौधरी ने यहां 80 किलोग्राम भार वर्ग में ईरान के मेसाम घेशलाघी को पराजित करके विश्व पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आशीष ने पूर्व एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता मेसाम पर 4-1 से जीत दर्ज की। हिमाचल प्रदेश के 28 वर्षीय आशीष ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए पहले दौर में अपना दबदबा बनाया। 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष ने बेहतर तकनीकी दक्षता के आधार पर ईरान के मुक्केबाज को पछाड़ा। प्री-क्वार्टर फाइनल में आशीष का सामना दो बार के ओलंपिक चैंपियन क्यूबा के आर्लेन लोपेज की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस बीच, पदार्पण कर रहे हर्ष चौधरी 86 किलोग्राम भार वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के बिली मैकएलिस्टर के खिलाफ 0-5 के सर्वसम्मत फैसले से हार के साथ चैंपियनशिप से बाहर हो गए।

### महावीर फोगाट ने कहा- द्रोणाचार्य अवॉर्ड के लिए मुझसे पैसे मांगे थे

**बलाली**। महावीर सिंह फोगाट पहलवानों पर हो रही अनर्गल टिप्पणियों से आहत हैं। उनका कहना है कि जब मेरे जैसे कोच से द्रोणाचार्य अवॉर्ड के लिए पैसा मांगा जा सकता है तो महिला खिलाड़ियों के साथ तो कुछ भी हो सकता है।



खेल मंत्रालय को मामला सुलझाना चाहिए था। खेल मंत्री ने टाइम ही नहीं दिया और बात बिगड़ती गई। बृजभूषण सिंह ने पहलवानों को डराकर रखा। बेटियों ने हिम्मत करके मामला उठा दिया। अब आर-पार की लड़ाई लड़ रहे हैं। द्रोणाचार्य अवॉर्ड के लिए मुझसे भी पैसे मांगे गए। मैंने मना कर दिया। मुझे 2011 में अवॉर्ड मिल जाना चाहिए था, लेकिन मिला तब, जब 2016 में दंगल फिल्म बनने की चर्चा शुरू हुई थी। इस एक मामले से आप व्यवस्था को समझ सकते हैं। खेल संघों को खत्म करके व्यवस्था मंत्रालय के अधीन कर देनी चाहिए।

### सितसिपास मैड्रिड ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**मैड्रिड** । यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने बर्नाबे जपाटा मिराल्स को हराकर मैड्रिड ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सितसिपास ने विश्व के 42वें नंबर के खिलाड़ी जपाटा मिराल्स को तीन सर्विस ब्रेक दिए लेकिन सात बार विपक्षी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर मुकाबला 6-3, 6-1 से जीत लिया। सितसिपास अपने पिछले 10 क्ले कोर्ट टूर्नामेंटों में क्वार्टरफाइनल या उससे आगे पहुंचे हैं, का अगला मुकाबला जर्मनी के लकी लूजर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा। जर्मनी के स्ट्रफ ने अर्जेंटीना के प्रेडो काचिन को कड़े संघर्ष में 7-6(7), 6-7(7), 6-3 से हराया। उन्होंने यह मुकाबला दो घंटे 28 मिनट में जीता।



### ग्रीन पार्क स्टेडियम में बनेगा टेनिस कोर्ट



**कानपुर** । अब उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में भी टेनिस खिलाड़ियों के लिए लॉन टेनिस कोर्ट बनेगा। यह कोर्ट ग्रीन पार्क स्टेडियम में बनेगा। ग्रीन पार्क का आम तौर पर क्रिकेट स्टेडिम के रुप में जाना जाता है पर अब यहां अन्य खेलों की भी सुविधाएं मिलेंगी। इसी के तहत ही यहां बैडमिंटन कोर्ट और जिम भी बना है। इसके अलावा बॉस्केटबॉल कोर्ट को भी नया रुप दिया जा रहा है। यहां पर हॉकी, वेटलिफ्टिंग, बास्केटबॉल, फुटबॉल और एथलेटिक्स के लिए भी लगातार प्रशिक्षण शिविर लगाये जा रहे हैं। प्रबंधन के अनुसार ग्रीनपार्क में खेलों के लिए तरह-तरह के यंत्र और कोर्ट तैयार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के भी प्रयास जारी हैं। इसमें खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी इंतजाम किए जा रहे हैं। ग्रीन पार्क स्टेडियम में इंडोर अभ्यास विकेट के साथ ही बाहरी मैदान में दो टर्फ विकेट भी बनने का काम जारी है।

# पत्नी के साथ घूमने गए मेसी और पीएसजी से हो गए सस्पेंड

**पेरिस।**
स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी और उनके क्लब पेरिस सेंट जर्मेन के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्लब ने अर्जेंटीना के इस स्टार को दो हफ्तों के लिए सस्पेंड कर दिया है। उन पर बिना इजाजत सऊदी अरब की ट्रिप करने का आरोप है। जब तक निलंबन रहेगा, मेसी को ट्रेनिंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा न ही वह खेल पाएंगे और उन्हें इस दौरान की सैलरी भी नहीं दी जाएगी। मेसी का इस सीजन पीएसजी के साथ कॉन्ट्रैक्ट भी समाप्त हो रहा है। ऐसे में इस सस्पेंशन ने उन कयासों को हवा दिया है कि मेसी पीएसजी को छोड़ सकते हैं। मेसी के साथ उनकी पत्नी एंटोनेला और बच्चे भी सऊदी अरब की ट्रिप पर हैं।

### तत्काल प्रभाव से मेसी पर निलंबन लागू

फ्रांस के दिग्गज फुटबॉल पत्रकार फैब्रिजियो रोमानो ने इन रिपोर्ट्स का खुलासा किया। पहले यह रिपोर्ट आई थी कि मेसी पर कई दिनों के लिए प्रतिबंध लगाया जाएगा, जबकि फैब्रिजियो ने बताया कि उन्हें दो हफ्ते के लिए सस्पेंड किया जाएगा। फ्रैब्रिजियो के मुताबिक, यह निलंबन अभी से ही लागू है और अगले दो हफ्ते तक जारी रहेगा। उन्होंने लिखा- पेरिस सेंट-जर्मेन का निर्णय इस सप्ताह मेसी की सऊदी अरब की यात्रा के बाद लिया गया है, जिसे क्लब द्वारा अधिकृत नहीं किया गया था।

### अगले दो हफ्ते तक नहीं खेल पाएंगे मेसी



फैब्रिजियो ने लिखा- मेसी का पक्ष अभी भी क्लब के अनौपचारिक निर्णय के बाद स्थिति स्पष्ट करने के लिए क्लब के आधिकारिक अपडेट का इंतजार कर रहा है। क्लब ने अभी तक कोई ऑफिशियल अपडेट नहीं दिया है। अगर इसी फैसले पर पीएसजी चलता है तो मेसी अगले दो सप्ताह तक नहीं खेल पाएंगे। अब सवाल यह उठता है कि यह पूरा मामला कहां से उठा और क्लब के स्टार होने के बावजूद क्यों मेसी को इतने कठोर निर्णय का शिकार होना पड़ा।

### क्लब के हारने पर भी सऊदी अरब की ट्रिप पर गए मेसी

दरअसल, यह पूरा मामला पीएसजी के पिछले मुकाबले से शुरू हुआ। क्लब ने अपना पिछला मैच 30 अप्रैल को लोरिएंट के खिलाफ खेला था। उस मैच में पीएसजी को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम के नियम के मुताबिक, अगर पीएसजी वह मैच जीतता तो खिलाड़ियों को दो दिन की छुट्टी मिलती, लेकिन पीएसजी की टीम मैच हार गई। ऐसे में छुट्टी को कैंसिल कर दिया गया था। नियम के मुताबिक, इस स्थिति में मेसी को टीम के साथ ट्रेनिंग करना चाहिए था, लेकिन वह सऊदी अरब चले गए।

### अल हिलाल से मिले ऑफर को भी बताई जा रही वजह

इतना ही मेसी को सऊदी के फुटबॉल क्लब अल हिलाल से मिले ऑफर को भी एक बड़ी वजह बताई जा रही है। मेसी इस सीजन के बाद फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को छोड़ने का मन बना रहे हैं। क्लब के साथ उनका करार इस साल जून में समाप्त हो जाएगा। पीएसजी ने मेसी के सामने नए कॉन्टैक्ट रखे हैं, लेकिन अर्जेंटीना के कप्तान ने उस पर साइन नहीं किया है। इसी बीच मेसी के पुराने क्लब बार्सिलोना ने उन्हें फिर से वापस बुलाने में दिलचस्पी दिखाई है। वहीं, सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल ने रिकॉर्ड 3600 करोड़ रुपये की सैलरी ऑफर की है। पीएसजी की टीम में दुनिया के कई बड़े खिलाड़ी हैं। मेसी के अलावा फ्रांस के कप्तान और युवा स्टार किलियन एम्बाप्पे, ब्राजील के दिग्गज नेमार जूनियर और स्पेन के पूर्व कप्तान सर्जियो रेमोस हैं। इसके बावजूद टीम लगातार दूसरे साल यूईएफए चैंपियंस लीग से बाहर हो गई।

### मेसी क्यों छोड़ना चाहते हैं पीएसजी

पीएसजी की टीम के खिलाड़ियों में तालमेल की कमी है। इससे मेसी निराश हैं। वहीं, मौजूदा कोच क्रिस्टॉफ गाल्टियर के टीम चयन और उनकी योजनाओं से वह खुश नहीं हैं। मेसी इन चीजों को दरकिनार कर भी पीएसजी के साथ आगे जुड़े रहना चाहते थे, लेकिन पिछले कुछ मैचों में होमग्राउंड पार्क डेस प्रिंसेस में घरेलू फैंस ने उनकी हूटिंग की थी। इससे वह काफी खफा हैं। सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल-हिलाल हर साल मेसी को 400 मिलियन यूरो (करीब 3600 करोड़ रुपये) देने की बात की है। मेसी के ट्रिप को इससे भी जोड़कर देखा जा रहा है। अगर मेसी अल हिलाल जाते हैं तो उनका यूरोपियन फुटबॉल में करियर लगभग समाप्त हो जाएगा। हालांकि, पत्रकार फैब्रिजियो रोमानो ने कहा है कि मेसी अभी यूरोप में ही खेलना चाहते हैं। वह 2024 में कोपा अमेरिका की तैयारी के लिए शीर्ष स्तर पर फुटबॉल खेलना चाहते हैं। ऐसे में उनका यूरोप के बाहर किसी क्लब के साथ करार करना मुश्किल है। मेसी के चिर-प्रतिद्वंद्वी पुर्तगाल के क्लब क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी अरब में खेलते हैं। उन्होंने पिछले साल के अंत में अल नस्त्र के साथ 200 मिलियन यूरो (211 मिलियन डॉलर) यानी 1751 करोड़ रुपये में करार किया था।

शमी की पत्नी हसीन जहां सुप्रीम कोर्ट जाएंगी

# हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट के शमी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाने के आदेश को रखा बरकरार




**मुंबई।**
भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्म शमी की पत्नी हसीन जहां कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगी। हाई कोर्ट ने सेशन कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए मोहम्म शमी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने मना कर दिया। दरअसल मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां ने हाई कोर्ट में सेशन कोर्ट के मोहम्मद शमी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाने और सभी आपराधिक मामला खत्म करने के आदेश दिए थे। इस आदेश के खिलाफ हसीन जहां ने हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट ने इस साल 28 मार्च को अपील की सुनवाई करते हुए सेशन कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था। इससे पहले सेशन कोर्ट ने 9 सितंबर 2019 को मोहम्मद शमी के अपील पर सुनावाई करते हुए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलीपुर के आदेश को खारिज कर दिया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलीपुर ने 29 अगस्त 2019 को मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां के पक्ष में फैसला देते हुए मोहम्मद शमी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था और साथ ही आपराधिक मामला दर्ज करने के आदेश दिए थे।

### मोहम्मद शमी की पत्नी ने लगाए थे कई आरोप

मोहम्मद शमी और उनकी पत्नी के बीच विवाद कई सालों से चल रहा है। उनकी पत्नी ने मोहम्मद शमी और उनके परिवार पर दहेज मांगने सहित कई आरोप लगाए थे। उनकी पत्नी ने शमी पर फिक्सिंग जैसे गंभीर आरोप भी लगाए थे। वहीं उन पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के भी आरोप लगाए थे। वह शमी की गिरफ्तारी को लेकर कोर्ट में गईं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मैच के दौरान होटल कमरे में शमी कॉर्ल गर्ल लेकर जाते थे।

# सक्कारी ने बेगू को सेमीफाइनल में पहुंचने से रोका, सबालेंका से होगा सामना

**मैड्रिड।**
नंबर 9 वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी ने यहां क्वार्टर फाइनल में नंबर 31 वरीयता प्राप्त इरिना-कैमेलिया बेगू को 6-7 (3), 6-4, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सक्कारी को रोमानियाई के खिलाफ जीत के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। एक घंटे से अधिक समय तक चले मैराथन ओपनिंग सेट हारने के बाद, सक्कारी ने 2 घंटे 52 मिनट में जीत हासिल की। मैड्रिड में पहली बार क्वार्टर फाइनलिस्ट सक्कारी अब अपने आठवें करियर डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। वह नंबर 2 वरीयता प्राप्त आर्यना सबलेंका के खिलाफ भिड़ेंगी। सक्कारी ने मैच के बाद कहा, उनका गेमप्लान किसी भी अन्य से बहुत अलग था जिसका मैंने पिछले कुछ वर्षों में सामना किया है। उनका ऊपर उठाए हुए बॉल को हिट करना आसान नहीं था। मैं खुश हूं कि आज मुझे मानसिक जीत मिली क्योंकि टेनिस के लिहाज से यह कल की तरह अच्छा गेम नहीं था। मैं खुद को कुछ दिनों में बेहतर टेनिस खेलने का मौका दूंगी। सककारी और सबलेंका नौवीं बार भिड़ेंगी। वे इस साल पहले ही एक बार खेल चुके हैं, जिसमें सबलेंका ने पिछले महीने 6-2, 6-3 से सेमीफाइनल में जीत दर्ज की थी।



### यदि हार्दिक ने कुछ जोखिम लिया होता तो गुजरात मैच जीत जाताः पार्थिव पटेल

**अहमदाबाद** । दिल्ली कैपिटल्स ने अपना धैर्य बनाये रखा और गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबला पांच रन से जीत लिया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल का मानना है कि यदि कप्तान हार्दिक पांड्या ने कुछ जोखिम उठाये होते तो मैच घरेलू टीम के पक्ष में जा सकता था। दिल्ली ने संघर्ष करते हुए 130-8 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन गुजरात को भी संघर्ष करना पड़ा। हार्दिक ने 53 गेंदों में सात चौकों की मदद से नाबाद 59 रन बनाये। राहुल तेवतिया ने 19वें ओवर में एनरिक नोर्त्जे की गेंदों पर लगातार तीन छक्के मारकर मैच में रोमांच ला दिया। लेकिन अनुभवी इशांत शर्मा ने 20वें ओवर में बेहतरीन गेंदबाजी कर गुजरात को जीतने का मौका नहीं दिया।

# कोहली ने पूछा था- आप क्यों विवाद में घुस रहे: गंभीर ने जवाब दिया- तुमने मेरे प्लेयर को बोला यानी मेरी फैमिली को गाली दी

**लखनऊ।**
लखनऊ के इकाना में 1 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया था। हार-जीत से ज्यादा, मैच के दौरान विराट कोहली, नवीन उल-हक और गौतम गंभीर की लड़ाई की चर्चा हो रही है। कोहली ने जूता दिखाते हुए स्लेजिंग की और उसके बाद मामला बढ़ता गया। मैच के बाद गंभीर और कोहली में भी लंबी बहस चली। अभी तक यह नहीं पता चल सका था कि दोनों के बीच कहा क्या गया था दोनों टीम से एक के डगआउट में मौजूद चश्मदीद ने एजेंसी को पूरा वाकया बयां किया है। उसने नाम नहीं जाहिर किया। उसने बताया कि नवीन से विवाद के बाद जब गंभीर आए तो कोहली ने उनसे पूछा था कि आप क्यों इस मामले में घुस रहे हो गंभीर ने जवाब दिया था- तुमने मेरे प्लेयर को बोला यानी मेरी फैमिली को गाली दी। विवाद के बाद लखनऊ के कोच गंभीर और विराट पर मैच फीस का 100प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। नवीन पर 50प्रतिशत जुर्माना लगा था। चश्मदीद ने कहा, आप लोगों ने टीवी पर देखा होगा कि मेयर्स और कोहली बाउंड्री के करीब चल रहे थे।



मेयर्स विराट से पूछ रहे थे कि वो लगातार उन लोगों को अपशब्द क्यों कह रहे हैं। इस पर विराट ने उल्टा सवाल पूछा कि मेयर्स उन्हें क्यों लगातार घूर रहे थे इससे पहले बैटिंग करने आए अमित मिश्रा ने भी अंपायर से शिकायत की थी कि विराट लगातार नवीन-उल-हक को अपशब्द कह रहे हैं। विराट और मेयर्स को साथ चलता देख गौतम गंभीर को लगा कि मामला कहीं ज्यादा ना बिगड़ जाए। उन्होंने मेयर्स से कहा कि विराट से बातचीत मत करो। इस पर विराट ने गौतम गंभीर पर भी टिप्पणियां कीं। इस पर गंभीर ने कहा कि क्या बोल रहे हो, बोलो तब विराट ने कहा था- मैंने आपको तो कुछ बोला ही नहीं। आप क्यों घुस रहे हो। इस पर गंभीर ने जवाब दिया था- तुमने अगर मेरे प्लेयर को बोला है तो इसका मतलब यह है कि मेरी फैमिली को गाली दी है। फिर विराट ने कहा था- तो आप अपनी फैमिली को संभाल कर रखिए। आखिर में गंभीर ने कहा था- तो अब तुम मुझे सिखाओगे।

# बृजभूषण सिंह बोले- जीतने लायक नहीं बचे धरना दे रहे पहलवान, उम्र पार हुई तो जूनियर्स का हक मार रहे

**नई दिल्ली ।**
भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह इन दिनों विवादों में घिरे हैं। उन पर पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। हालांकि, बृजभूषण ने इन आरोपों का खंडन किया है और खुद को बेकसूर बताया है। धरना दे रहे पहलवान अब खेलने लायक नहीं बचे हैं और उनके खेलने की उम्र खत्म हो चुकी है, तो अब जूनियर खिलाड़ियों का हक मार रहे हैं और घरेलू टूर्नामेंट्स नहीं होने दे रहे।

**पॉलिसी लेकर आया तो पहलवानों को हुई दिक्कत** - बृजभूषण शरण सिंह ने कहा जिन अध्यक्ष के घर आप आते थे, शादी में बुलाते थे, परिवार में आते थे। घुल-मिलकर रहते थे, जैसे एक परिवार हों। तब आपने कोई गोपनीय शिकायत नहीं की। आपको तब सारी दिक्कत हो जाती है, जब मैं एक पॉलिसी लेकर आता हूं। ओलंपिक में कौन जाएगा, कौन नहीं जाएगा, ये नियम बनाता हूं, तब आपको तकलीफ होती है। कुश्ती में सामान्य परिवार के बच्चे आते हैं। कहीं न कहीं उनके माता-पिता अपनी जरूरतों में कटौती करके बादाम-घी का इंतजाम करते हैं। वे उम्मीद रखते हैं कि बेटा नेशनल, इंटरनेशनल खेलेगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि जिस मोदी जी की आज ये निंदा कर रहे हैं, जिस योगी जी की आज ये निंदा कर रहे हैं, दुनिया का कोई देश खिलाड़ियों को इतनी सहूलियत या पैसा नहीं देता, जितना हमारा देश देता है। कई देश तरसते हैं कि काश, हमें भारत से मौका मिलता।

**राजनीति से प्रेरित है आंदोलन** - उन्होंने कहा, शुरू में लगता था कि आंदोलन मुझ तक सीमित है और मुझे ही हटाना चाहते हैं। अब लगता है कि यह आंदोलन शुरू से राजनीति से प्रेरित है। हरियाणा, राजस्थान, लोकसभा का चुनाव आ रहा है। विभाजन कैसे हो, यह सोची-समझी रणनीति है। अब इनकी पिक्चर खुलकर सामने आ गई है। इनके



मंच पर वे सारे तत्व हैं, जो मोदी विरोध और भाजपा विरोध में बहुत दिनों से सक्रिय हैं। अगर ये खिलाड़ियों का धरना होता तो सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद यह धरना उठ गया होता। ये इस्तीफे पर नहीं अड़े हैं। मेरा कार्यकाल पूरा हो गया है। जब तक नया चुनाव नहीं होता, मैं अध्यक्ष हूं। बाद में इनकी मांग आई कि सांसद पद से इस्तीफा चाहिए, जो भी पद हों, उसका इस्तीफा चाहिए। जिला अध्यक्ष, राज्यों के अध्यक्ष का भी इस्तीफा चाहिए। यानी न खाता, न बही, जो ये कहें वही सही

**आंदोलन के निशाने पर सरकार है, भाजपा है** - बृजभूषण ने कहा- शुरू में ऐसा दिखाई पड़ रहा था कि ये कुश्ती संघ की लड़ाई है। इस आंदोलन के निशाने पर सरकार है, भाजपा है। ये समाज को बांटने का काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा- हम पर परिवार को धमकाने के आरोप लगाए। लेकिन एक भी ऑडियो, एक भी प्रूफ हो तो बताइए। अगर मैं धमकाता था तो अपने परिवार के फंक्शन में मुझे क्यों बुलाते थे। जो आपको धमकाएगा, उसे तो आप नहीं बुलाएंगे। इनसे बड़े अच्छे संबंध थे। जुलाई 2022 तक सबसे अच्छे संबंध थे। हम लोग सुख दुख के साथी थे। घरेलू बातें भी शेयर करते थे। घरेलू परेशानियां भी शेयर करते थे। हम पिता और गार्जियन के रूप में इन्हें सलाह भी देते थे। ये सारी बात तब बिगड़ती है, जब हम एक पॉलिसी लेकर आते हैं कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबले किस तरह खेले जाएंगे। ये कुश्ती जो ऊंचाई पर पहुंची है, इसमें थोड़ा खून-पसीना मेरा भी लगा है।

**जूनियर खिलाड़ियों का हक मार रहे पहलवान** - आप जनवरी में धरने पर बैठे तो एक-दो दिन बाद गोंडा में प्रतियोगिता चल रही थी। इसे इन लोगों ने रुकवाया। एशिया जूनियर चैम्पियनशिप भारत को अलॉट थी, लखनऊ में लड़कियों के कैम्प को रुकवाया। जब तीन महीने तक जांच की प्रक्रिया पूरी हो गई, तब बच्चों का नुकसान न हो, खेल की गतिविधियां बंद न हों, यह ध्ध्यान रखा। इसी साल एशियन गेम्स होने हैं, ओलंपिक के लिए क्वालिफाई होना है, कई टूर्नामेंट जून और जुलाई में होने हैं। यहां भारत में कुश्ती बंद है। यह सब सोचकर हमने सोचा कि हम तो लड़ाई लड़ते रहेंगे, लेकिन गरीब बच्चों का नुकसान न हो। तब इन्होंने सवाल उठाया कि नेशनल क्यों कराया। हमारी-इनकी लड़ाई में अन्य का क्या दोष है कुश्ती संघ ही नेशनल टूर्नामेंट करा सकता है, सरकार नहीं करा सकती। ये कहते हैं कि हम खेल को बचाने के लिए बैठे हैं। आपको तो पद्मश्री, अर्जुन अवॉर्ड भी मिल गया। आगे लगता नहीं कि आप कुछ पाने वाले हैं, इसमें इनकी गलती नहीं है क्योंकि खेल की उम्र होती है, जिसे ये पार कर गए हैं, लेकिन जूनियर खिलाड़ियों का ये हक क्यों मार रहे हैं खेल बचाने की जगह उसका सत्यानाश क्यों कर रहे हैं अगर आप फेडरेशन को नेशनल्स नहीं कराने देते तो सरकार कराए।

# डायपर बदलते समय बरतें सावधानी



**नवजात** डायपर को जल्दी-जल्दी गीला करते हैं इसलिए इसको बार-बार बदलने की जरूरत पड़ती है। लेकिन छोटे बच्चों की त्वचा इतनी कोमल होती है कि उस पर किसी भी चीज से जल्द इंफेक्शन हो जाता है इसलिए डायपर बदलते समय बहुत सावधानी की जरूरत होती है। अगर छोटे बच्चे की त्वचा की देखभाल अच्छे ढंग से नहीं करेंगे तो उसकी त्वचा पर इंफेक्शन भी हो सकता हैं। नवजात के डायपर बदलते समय ध्यान इन बातों का ध्यान रखें।

- नवजात का डायपर बदलने के लिए सभी जरूरी चींजें और सामान अपने पास रख लीजिए जिससे आपको नवजात को छोड़कर बीच-बीच में कहीं जाना न पड़े।
- नवजात का डायपर बदलने के लिए सबसे पहले नवजात को प्लेन स्थान पर लिटाए। लेकिन ध्यान रखें कि जगह साफ हो।
- सफेद और हल्के कलर का डाइपर ही प्रयोग कीजिए, क्योंकि ज्यादा रंगीन डायपर नवजात के लिए नुकसानदायक हो सकता है।



- डायपर पहनाते समय इसे पास ही रखें लेकिन बच्चे की पहुंच से दूर हो।
- उसके बाद नवजात के दोनों पैर ऊपर करें और एक हाथ से उसके गंदे डायपर को बाहर निकालें।
- नवजात की सफाई करते वक्त यह ध्यान रखें कि उसका सिर आगे से पीछे की तरफ हो।
- गंदा डायपर निकालने के बाद नवजात को कम से कम 10 मिनट तक वैसे ही रहने दीजिए, जिससे उसका शरीर पूरी तरह से सूख जाए।
- नवजात को साफ कॉटन या रूई और गर्म पानी से नमी वाले भाग को अच्छी तरह से साफ करें और पानी को पूरी तरह से सूखने दीजिए।
- डायपर बदलते समय बच्चे का ध्यान दूसरी बातों में लगाने की कोशिश करें।
- डायपर बदलते समय हमेशा अपना एक हाथ नवजात के पेट पर रखें।
- जब आप बच्चे का डायपर बदल रहे हो तो उसे खेलने के लिए खिलौने दें।
- डाइपर को शरीर पर थोड़ा ढीला कर बांधें, ताकि उसकी त्वचा पर निशान न बनें।

इन उपायों को अपनाकर आप आसानी से बच्चे के डायपर को बदल सकते हैं।



# हर दिन बस 15 सेकेंड बजाएं ताली...



**किसी** भी मौके पर ताली बजाना हम सब की जिंदगी का हिस्सा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि ताली बजाने से शरीर के रोगों को भी दूर भगाया जा सकता है। दिन में सिर्फ 15 सेकेंड ताली बजाने व तलवों को नियमित रूप से पत्थर से रगड़ने से व्यक्ति खुद को रोगमुक्त रख सकता है।

## ऐसे दूर होती हैं बीमारियां

व्यक्ति की हथेलियों व तलवों में शरीर के सभी अंगों के बिंदु होते हैं, जिन्हें दबाकर कई तरह के रोगों को दूर किया जा सकता है। जब हम ताली बजाते हैं तो हमारे शरीर का तापमान बढ़ने लगता है जिससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। इसके अलावा अंगूठे के नीचे का स्थान दबने से रक्त की थैलियां खून को विपरीत दिशा में संचारित करती हैं जिससे धमनियों में किसी भी प्रकार की रुकावट दूर होती है। हृदय संबंधी परेशानियों में लाभ मिलता है। इससे पूरे शरीर में कंपन होता है व वात, पित्त और कफ का संतुलन बना रहता है। इसी तरह पैर के तलवों को पत्थर से थोड़ी देर रगड़ने पर एक्यूप्रेशर पॉइंट्स में दबाव बनता है जो कई रोगों से मुक्ति दिलाता है। इस उपचार में किसी प्रकार का कोई खर्च भी नहीं होता।



## ऐसे बजाएं ताली

सीधे हाथ की पहली अंगुली यानी तर्जनी को दूसरे हाथ की हथेली पर चार बार जोर-जोर से चोट करें। उसके बाद तर्जनी व मध्यम दोनों को साथ में लेकर चार बार ऐसा करें। इसी प्रकार तीन अंगुलियों को साथ में लेकर फिर चारों अंगुलियों को मिलाकर ऐसा करें, अंत में दोनों हाथों से ताली बजाएं। इस दौरान आंखों को बंद रखें।

ताली बजाने के बाद दोनों हाथ गर्म व ऊर्जावान हो जाते हैं। ऐसे में ताली बजाने के बाद गहरी सांस भरते हुए मध्यम अंगुली से आंखों को छूते हुए हाथ धीरे-धीरे नीचे की ओर ले जाएं। ऐसा करने से आंखों व चेहरे पर चमक बढ़ती है।

## इसलिए 15 सेकंड जरूरी

15 सेकंड की ताली की ऊर्जा रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत कर देती है जिससे शरीर को तमाम रोगों से लड़ने में मदद मिलती है।

## ध्यान रहे

ताली बजाने के भी कुछ नियम होते हैं। हमेशा आसन पर खड़े होकर या पैरों में जूते पहनकर ही ताली बजाएं। जमीन पर नंगे पैर ऐसा करने से शरीर में उत्पन्न ऊर्जा जमीन में समाकर नष्ट हो जाती है। कई बार ताली बजाने से हाथों के फटने की समस्या होने लगती है इससे बचने के लिए हाथों में सरसों, नारियल या कोई अन्य तेल लगा सकते हैं।



# इस फल के फायदे एक से बढ़कर एक



**नाशपाती** से रोगों से दूर रहा जा सकता है। इसमें विटामिन्स, खनिज, एंजाइम और फाइबर खूब पाया जाता है। एंटीऑक्सीडेंट गुण खूब होते हैं। नाशपाती में मौजूद पैक्टिन नामक घुलनशील फाइबर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है। आयुर्वेद के अनुसार नाशपाती पचने में हल्की, रोगी को जल्दी ऊर्जा देने वाली, प्यास बुझाने वाली और त्रिदोष नाशक है। इसमें हाइड्रोऑक्सीनॉमिक एसिड होता है जो पेट के कैंसर को रोकने में मदद करता है। फाइबर पेट के कैंसर को बढ़ने से रोकता है व बड़ी आंत को ठीक रखता है। इसमें मौजूद फोलिक एसिड (फोलेट) गर्भवती महिलाओं के शिशुओं में न्यूरल ट्यूब दोष से बचाता है।



यह आयरन का अच्छा स्रोत है, जो हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है। एक गिलास नाशपाती का रस पीने से बुखार में जल्द आराम मिलता है। यह झुर्रियां, मुहांसे और त्वचा संबंधी अन्य समस्याओं को रोकने में मदद करता है। नाशपाती के पत्रों को पीसकर त्वचा पर लगाने से त्वचा विकारों में लाभ होता है। नाशपाती में बोरोन तत्व होता है जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके सेवन से हार्ट स्ट्रोक का खतरा 50 फीसदी कम होता है व शरीर का ग्लूकोज ऊर्जा में बदल जाता है। इसमें विटामिन सी और तांबा पर्याप्त मात्रा में मिलता है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। नाशपाती के नियमित सेवन से मोनोपॉज के बाद महिलाओं में होने वाले कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है। मधुमेह रोगियों के लिए यह स्मार्ट नाश्ता है। इससे मीठा खाने की तलब में आराम मिलता है और पोषक तत्व भी मिल जाते हैं।

**ध्यान रखें:** नाशपाती को अच्छी तरह धो कर छिलके समेत चबा-चबा कर खाएं। जल्दबाजी में बिना चबाए इसे खाने से पेट में दर्द हो सकता है। देर से काट कर रखी नाशपाती नहीं खानी चाहिए।

## ये फायदे जानने के बाद आप भी छिद्वा लेंगे कान



**आप** कान केवल फैशन के लिए छिदवाते रहे होंगे, लेकिन सेहत के लिए यह कितना बढ़िया है, आप नहीं जानते होंगे। कान छिदवाने से पीरियड्स प्रॉब्लम खत्म हो जाती है। प्रजनन क्षमता भी अच्छी होती है। कान छिदवाने से इन्फेक्शन, हाइड्रोसील और हर्निया की समस्या दूर होती है। कान छिदवाने से दिमाग का विकास भी होता है। हैरानी होगी आपको यह जानकर कि कान के दोनों ओर एक पॉइंट होता है जिसका संबंध दिमाग से होता है। एक्यूप्रेशर के इलाज में भी इस तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। इससे न केवल दिमागी विकास होता है, बल्कि याददाश्त भी बढ़ती है। कान के बीच का हिस्से का संबंध आंखों की रोशनी से भी होता है। ऐसे में आंखों की रोशनी बढ़ानी है, तो कान छिदवा लें। सुनने की क्षमता भी बढ़ती है। कान छिदवाने वाली जगह पर दो एक्यूप्रेशर पॉइंट होते हैं। पहला मास्टर सेंसोरियल और दूसरा मास्टर सेरेब्रल। ये सुनने की क्षमता सही रखते हैं। एक्यूप्रेशर एक्सपर्ट्स की मानें तो टिटनस को दूर रखने के लिए भी कान छिदवाना बिल्कुल सही रहता है। हिस्टीरिया की समस्या को भी दूर रखता है। कान छिदवाने से तनाव, डिप्रेशन भी दूर होता है। डाइजेशन सिस्टम को ठीक रखना है, तो कान छिदवा लें। वजन घटाने का भी यह एक अच्छा विकल्प है। कान पर एक्यूप्रेशर पॉइंट होने के कारण दबाव पड़ता है, जिससे डाइजेस्टिव सिस्टम सही रहता है।

# बरगद के दूध में छिपे हैं बड़े गुण

वट वृक्ष (बरगद) की तासीर ठंडी होती है जो कफ, पित्त की समस्या को दूर कर रोगों का नाश करती है। बुखार, स्त्री रोग संबंधी समस्याएं, उल्टी व त्वचा के रोगों में वट वृक्ष के पत्तों, जड़ों और दूध का प्रयोग फायदेमंद होता है।


## पत्ते हैं उपयोगी



वट की कोपलें चेहरे की कांति बढ़ाने का काम करती हैं। बरगद की जड़ों में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसकी ताजी जड़ों को कुचल कर चेहरे पर लगाएं। झुर्रियां कम हो जाएंगी। इसके पत्तों को तवे पर सेककर सहने योग्य स्थिति में फोड़ों के ऊपर बांधने से लाभ मिलता है। इसके पत्तों की लुग्दी बनाकर शहद और शक्कर के साथ लेने से नकसीर की समस्या में आराम मिलता है। वट के बीजों को पीसकर पीने से उल्टी आने की समस्या दूर होती है।

## दूध भी गुणकारी

जिस दांत में कीड़ा लग गया हो वहां इसके दूध में भीगा फोहा रखने से लाभ होता है। लगभग 10 ग्राम बरगद की छाल, कत्था और 2 ग्राम काली मिर्च बारीक पीसकर पाउडर बना लें। यह मंजन करने पर दांतों का हिलना, सड़न, बदबू दूर हो जाती है। वट का दूध, शक्कर के साथ लेने से बवासीर में लाभ होता है। वट का दूध लगाने से सूजन कम हो जाती है। वट के दूध का लेप कमर पर करने से दर्द में लाभ होता है। फटी पड़ी एड़ियों पर बरगद का दूध लगाया जाए, तो काफी राहत मिलती है। बरगद की ताजा कोमल पत्तियों का पाउडर बनाकर खाने से मेमोरी अच्छी होती है। इसके पत्तों की राख को अलसी के तेल में मिला कर लगाने से सिर के बाल उग आते हैं। इसके कोमल पत्तों को तेल में पकाकर लगाने से सभी केश के विकार दूर होते हैं। जले हुए स्थान पर इसके कोमल पत्तों को पीसकर दही में मिलाकर लगाने से शान्ति प्राप्त होती है।



# वर्कआउट के लिए सही कपड़े



**आप** फिट रहने के लिए क्या कुछ नहीं करते। जिम में कई घंटों तक पसीना बहाते हैं, लेकिन सही एक्सरसाइज के साथ ही वर्कआउट के लिए सही कपड़ों का चुनाव भी बहुत जरूरी है। तभी आप आराम से एक्सरसाइज कर पाएंगे और दूसरों के सामने असहजता या शर्मिंदगी से भी बच सकेंगे।

## कैसी हो फिटिंग


एक्सरसाइज टाइप के मुताबिक ही आपके कपड़ों की फिटिंग होनी चाहिए। जैसे हैवी एक्सरसाइज या उपकरणों के साथ कसरत करते वक्त थोड़े ढीले और कंफर्टेबल शॉर्ट/लोवर के साथ टी-शर्ट पहन सकते हैं, लेकिन योगा या पिलाटे जैसी वर्कआउट के लिए स्ट्रेचेबल और फिट आउटफिट पहनें। इनके लिए जिम पैंट्स या योगा पैंट्स पहनें। हर मौसम में एक्सरसाइज के लिए अलग तरह के कपड़े पहनें, ताकि मौसम की मार आपकी सेहत पर न पड़े।

## बॉडी के हिसाब से

अकसर लोगों को जिम में पसीने की बदबू परेशान करती है, जिससे छुटकारा पाने के लिए वे सुगंधित परफ्यूम और लोशन का इस्तेमाल करते हैं। वर्कआउट करते समय जब आपकी बॉडी में गर्मी पैदा होने लगती है और पसीना आता है तो तेज सुगंध वाले परफ्यूम का अरोमा और बढ़ जाता है। जिम में लोशन का इस्तेमाल करने से बचें। लोशन लगाने से पसीना आने पर आपके हाथ चिपचिपे हो जाते हैं, जिससे कुछ समय बाद ही जिम में वर्कआउट करने में मुश्किल होती है और यह सिर्फ आपके लिए ही नहीं बल्कि दूसरों के लिए मुश्किल पैदा कर सकता है। कहने का मतलब है कि वर्कआउट करते समय आपके हाथ जगह जगह लगते हैं जिससे आपके द्वारा पकड़ी गई हर चीज चिपचिपी हो जाती है। आपके चेहरे पर लगा लोशन पसीने के साथ बहकर आंखों में जलन पैदा कर सकता है इसलिए यदि लोशन या परफ्यूम लगाना ही चाहते हैं तो उसकी गंध तीव्र न हो।

## कैसा हो रंग

नियोन रंग के कपड़े सुंदर लगते हैं, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि यह आप पर फबे। हमेशा गाढ़े रंग के कपड़ों का ही चुनाव करें। ऐसे स्पोर्ट्स शूज चुनें जो वर्कआउट करते समय पैरों के लिए सुरक्षित हों। इसके अलावा रनर्स अपने लिए स्पेशल शूज चुन सकते हैं। जूतों का सोल घिसने से पहले उसे रिजेक्ट कर दें वरना आपके ज्वाइंट डेमेज हो सकते हैं। आप जिम जाने के लिए छोटी स्लिव्स वाले टॉप पहन सकते हैं जो टाइट न हो। कंधों को कवर करने वाले कपड़े पहने, जो ज्यादा टाइट न हों। ढीले-ढाले कपड़े पहनकर आप आसानी से न केवल अपने हाथों को मोड़ सकते हैं, आपको वेट-लिफ्टिंग में भी कोई परेशानी नहीं होती।



## कॉटन के कपड़े

खुद को कूल रखने के लिए कॉटन के कपड़े चुनें। एक्सपर्ट आपको उन कॉटन के कपड़ों को चुनने की सलाह देते हैं जो लाइकरा या पॉलिएस्टर से बने होते हैं। यदि आप स्पेंडेक्स को पहनकर कम्फर्टेबल फील करते हैं तो जिम वियर के लिए स्पेंडेक्स बहुत ही बढ़िया चुनाव है। अगर आपको ज्यादा पसीना नहीं आता तो आप कॉटन के कपड़े पहन सकते हैं क्योंकि गीले होने पर वह बदन में चिपकते नहीं हैं।

# इस आश्रम में आते हैं सबसे ज्यादा अमेरिकी



**पिछले** दिनों अमेरिका में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने भारत में एक मंदिर का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि वे एप्पल के फाउंडर स्टीव जॉब्स की सलाह पर भारत के इस मंदिर में गए थे। जुकरबर्ग ने इस मंदिर का नाम नहीं बताया था लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मंदिर नैनीताल के पास पंत नगर में बाबा नीम करौली के आश्रम में ही था। इसी आश्रम में 1974 में स्टीव जॉब्स आए थे। नीम करोली बाबा का कैंची धाम आश्रम नैनीताल से 20 किलोमीटर दूर नैनीताल-अलमोड़ा रोड़ पर समुद्र तल से 1400 मीटर ऊंचाई पर स्थित है। 10 सितम्बर 1973 में वृन्दावन की पावन भूमि पर नीम करौली बाबा का निधन हो गया लेकिन कैंची धाम आश्रम में अब भी विदेशी आते रहते हैं। बताया जाता है कि सबसे ज्यादा अमेरिकी ही इस आश्रम में आते हैं। आश्रम पहाड़ी इलाके में देवदार के पेड़ों के बीच है। नीम करौली बाबा के कैंची धाम आश्रम की भौगेलिक स्थिति पूर्णतः वास्तुनुकूल है, क्योंकि आश्रम की दक्षिण एवं पश्चिम दिशा में ऊंचे-ऊंचे पहाड़ है और जहां आश्रम बना है उसकी उत्तर एवं पूर्व दिशा में पहाड़ों के तीखे ढलान के कारण बहुत नीचाई है। पहाड़ की इस नीचाई के बाद उत्तर एवं पूर्व दिशा में ही क्षिप्रा नदी भी बह रही है। फेंगशुई का एक सिद्धांत है कि, यदि पहाड़ के मध्य में कोई भवन बना हो, जिसके पीछे पहाड़ की ऊंचाई हो, आगे की तरफ पहाड़ की ढलान हो, और ढलान के बाद पानी का झरना, कुण्ड, तालाब, नदी इत्यादि हो, ऐसा भवन प्रसिद्धि पाता है और सदियों तक बना रहता है।

## रेसिपी

### पुदीना पूरी



**सामग्री**

1/2 कप बारीक कटे हुए पुदीने के पत्ते
1 कप गेहूं का आटा
1 टेबल-स्पून तेल
1/2 टी-स्पून

**विधि**

पुदीने की पत्तियों को धोकर बारीक काट लें। पुदीना की पूड़ी बनाने के लिए सबसे पहले गेंहू के आटे को एक बड़े बाउल में छानकर निकाल लें और छने हुए आटे में कटी हुई पुदीना की पत्तियां, अजवाइन, जीरा, बेकिंग सोड़ा, कटी हुई हरी मिर्च और नमक डालकर थोड़े-थोड़े पानी से कड़ा पूड़ी जैसा आटा गूंध लें और अब आटे को ढ़ककर करीब 10 मिनट के लिए रख दें। इसके बाद गैस पर कड़ाही में तेल डालकर गरम करने के लिए रख दें। आटे से छोटी-छोटी लोइयां बना लें और अब प्रत्येक लोई को गोल पूड़ी के आकार में बेल लें। जब तेल अच्छी तरह से गरम हो जाए तब एक- एक पूड़ी को गरम तेल में डालकर दोनों तरफ पलट कर डीप फ्राई करके नैपकीन पेपर पर निकाल लें, इसी तरह से सभी पुदीना पूड़ियों को तलकर तैयार कर लें। स्वादिष्ट पुदीना की पूड़ी बनकर तैयार हो गई है। अब आप इसे आलू की सब्जी या फिर दही और आचार के साथ खा सकते हैं।

### पनीर पालक मेथी



**सामग्री**

पालक - 250 ग्राम (बारीक कटी हुई), मेथी - 250 ग्राम (बारीक कटी हुई), पनीर - 250 ग्राम, तेल - 2-3 टेबल स्पून, हींग - 1 चुटकी, जीरा - आधा छोटा चम्मच, हल्दी पाउडर - चौथाई छोटा चम्मच, धनियां पाउडर - 1 छोटा चम्मच, टमाटर - 1 (बारीक कटा हुआ), लाल मिर्च पाउडर - चौथाई छोटा चम्मच, हरी मिर्च - 2 (बारीक कटी हुई), नमक - 3/4 छोटी चम्मच या स्वादानुसार चीनी - आधा छोटा चम्मच (यदि आप चाहें)

**विधि**

पनीर को 1-1 इंच के चौकोर टुकड़ों में काट लीजिए। पैन में 2 टेबल स्पून तेल डालकर गरम कीजिए। तेल गरम होने पर पनीर के टुकड़े इसमें डाल दीजिए और दोनों और से हल्के ब्राउन होने तक सेक लीजिए। सिके हुए पनीर के टुकड़ों को प्लेट मे निकाल लीजिए। पैन में तेल बचा है, 1 टेबल स्पून तेल और डाल दीजिए, गरम तेल में जीरा डाल दीजिए। जीरा भूनने पर इसमें हींग, बारीक कटी हुई हरी मिर्च, हल्दी पाउडर, धनियां पाउडर, बारीक कटे हुए टमाटर डाल कर, मसाले को थोडा सा भून लीजिए। भुने मसाले में बारीक कटी हुई मेथी, बारीक कटी हुई पालक, नमक, लाल मिर्च पाउडर और चीनी डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लीजिए। सब्जी को मीडियम आग पर ढ़ककर के 5 मिनट के लिए पकने दीजिए और उसके बाद चैक कीजिए। सब्जी पक चुकी है, इसमें पनीर के टुकड़े डालकर अच्छे से मिक्स कर लीजिए। सब्जी को एक बार फिर ढ़ककर के 2-3 मिनट के लिए धीमी आग पर पकने दीजिए। पनीर मेथी पालक सब्जी बनकर तैयार है, इसे प्याले में निकाल लीजिए। सब्जी को आप परांठे, चपाती, नॉन या चावल किसी के भी साथ भी खा सकते हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**